सुप्रभात
रांची, सोमवार
18.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत् 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 245



14 शत-प्रतिशत मतदान के लिए कमर कसेगा संघ







## जामताड़ा का वीडियो वायरल, धनबाद में चार अभ्यर्थी हिरासत में

# 11वीं जेपीएससी की पीटी परीक्षा में पेपर लीक का आरोप, हंगामा

### चतरा में उग्र हुए छात्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 11वीं जेपीएससी के लिए रविवार को राज्य के विभिन्न जिलों के परीक्षा केंद्रों पर पीटी की परीक्षा आयोजित की गयी थी। इसी दौरान राज्य के कई जिलों में छात्रों ने पेपर लीक होने का आरोप लगाकर हंगामा किया। जामताड़ा का वीडियो वायरल होने के बाद राज्य के सभी जिलों में पेपर लीक की चर्चा होने लगी।

चतरा जिले के उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज स्थित केंद्र पर पेपर लीक के आरोप में करीब एक दर्जन छात्र परीक्षा केंद्र के प्रबंधन पर परीक्षा के पूर्व प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। यहां अभ्यर्थियों का कहना था कि चंद छात्रों को विश्वास में लेकर सील खोला गया। अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि परीक्षा से पूर्व ही प्रिंसिपल के चेंबर में प्रश्न पत्र खोला गया। हंगामा की सूचना पर डीडीसी, पुलिस अधिकारी और दंडाधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। जिला प्रशासन का कहना था कि प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ है। नियम संगत तरीके से दंडाधिकारी व छात्रों के मौजूदगी में प्रकिया के तहत पेपर का सील खोला गया है।

वहीं जामताड़ा जिले के मिहिजाम स्थित जेजेएस कॉलेज परीक्षा केंद्र पर छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रश्न पत्र का जो बंडल आया था वह खुला हुआ था। जानकारी मिलने पर उपायुक्त कुमुद सहाय और एसडीओ अनंत कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। उपायुक्त ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ है। इस पर छात्रों का कहना था कि प्रश्नपत्र का बंडल सभी विद्यार्थियों के सामने में खोला जाये। उन्होंने कहा कि भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा कराई जा रही है और हर एक कार्यों की वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही है। इस दौरान लगभग 50 विद्यार्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार किया। अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने छात्रों को सोशल मीडिया पर दिखाए जा रहे प्रश्न पत्र को दिखाने के लिए कहा पर कोई नहीं दिखा पाए। हालांकि पुलिस वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है।

इधर पूरे राज्य में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारी कुव्यवस्था के बीच परीक्षा संचालन का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दिखाया जा रहा है कि जामताड़ा के किसी परीक्षा केंद्र पर छात्र प्रश्न पत्र लेकर जहां-तहां बैठे हैं और मोबाइल के माध्यम से उनका जवाब तलाश कर लिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में जेपीएससी के एक अधिकारी ने कहा कि अभी इस मुद्दे पर कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। वीडियो के साथ-साथ जहां-जहां से पेपर लीक होने के आरोप मिले हैं। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।



### धनबाद में हिरासत में लिये गये चार अभ्यर्थी

**धनबाद।** जेपीएसएसी परीक्षा में अभ्यिर्थियों ने रविवार को कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में जमकर हंगामा किया। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने दूसरी पाली की परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। अभ्यर्थियों ने डीपीएस स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया। कुछ परीक्षार्थी स्कूल के अंदर ही थे छात्रों के पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह अंदर से निकले ही नहीं हैं। इसी को लेकर परीक्षार्थियों में भारी आक्रोश था। जिला प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से उन्हें शांत कराया। हंगामा करने वाले चार युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया और थाने ले गयी। मामले की जानकारी मिलने पर सरायढेला पुलिस, एडीएम लॉ एंड आर्डर, डीवाई एसपी लॉ एंड आर्डर, समेत कई पुलिस बल मौके पर मौजूद रही और परीक्षार्थियों को समझा-बुझाकर शांत किया।

### पेपर लीक मामले की शीघ्र जांच करायें सीएम : अर्जुन

**रांची।** जेपीएससी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि झारखंड के युवाओं की बदकिस्मती उनका साथ नहीं छोड़ रही है। रविवार को जेपीएससी परीक्षा के फिर से पेपर लीक की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह करते हुए कहा है कि इस मामले की त्वरित जांच करायें और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करें।

# झारखंड में इंडिया गठबंधन की लोस सीटों की आज हो सकती है घोषणा

### मुंबई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन में सीएम चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन ने लिया हिस्सा

### दिल्ली में आज कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। झारखंड में चार चरणों में 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न होगा। इसके बावजूद इंडिया गठबंधन की ओर से 14 लोकसभा सीटों से किस पार्टी का कौन होगा उम्मीदवार इसकी तस्वीर अभी साफ नहीं हुई है।

इधर इंडिया गठबंधन के सूत्रों का कहना है कि सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक है। इसी बैठक के बाद तस्वीर काफी कुछ साफ हो जाएगी। मालूम हो कि रविवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा समापन मुंबई हुआ। इसमें शामिल होने के लिए झामुमो की ओर से खुद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है कि न्याय यात्रा की समाप्ती के बाद कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई है। संभावना है कि सोमवार को दिल्ली में होनेवाले कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक के बाद दिल्ली से ही कांग्रेस, झारखंड के अपने हिस्से की सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर सकती है। वहीं झामुमो रांची से अपने सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है।

### पांच न्याय की 25 गारंटी घोषणा पत्र का अहम हिस्सा : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र जल्द ही सामने आ जाएगा लेकिन पार्टी ने जिन पांच न्याय में जनता को 25 गारंटी देने का जो वादा किया है वे सब उसके चुनावी घोषणा पत्र का हिस्सा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने जो पांच न्याय घोषित किए हैं उनमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय शामिल हैं और इनमें दी गयी 25 गारंटी हमारे घोषणापत्र से ही आती हैं।

# आंधी-बारिश के बाद तापमान गिरा, 22 से साफ होगा मौसम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से मौसम बदल गया है। पिछले दो दिनों में राज्य के विभिन्न इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान तेज हवाएं भी चलीं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि 18 मार्च को भी रांची समेत कई जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। इस दौरान हल्की बारिश भी होगी और वज्रपात की संभावना है। वहीं 19 मार्च को रांची समेत राज्य के कम से कम आधा दर्जन जिलों में ओले गिरने की संभावना है। इसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 22 मार्च से मौसम साफ होगा।

**40-50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा :** रांची के अलावा गुमला, खूंटी, प. सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा भी मौसम का मूड बदलेगा और तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। झारखंड के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों के अलावा उत्तरी हिस्से में भी कुछ जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगीं।

## न्यूज डायरी

### हजारीबाग में जेवर दुकान में फायरिंग

**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में तीन अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर दुकान में रखे आभूषण लूट लिये। दुकानदार और स्टॉफ को डराने के लिए दो राउंड फायरिंग भी की गई। बताया जा रहा है कि अपराधी जो आभूषण लूटकर ले गए हैं, वह सभी नकली हैं।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**गिरिडीह।** जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव में दो चचेरे भाइयों 10 वर्षीय मुकेश पंडित और 5 वर्षीय पियुश पंडित की तालाब में नहाने के दौरान हुई मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम सात बजे घर से दोनों बच्चे नहाने के लिए घर के बगल में स्थित कदमा आहर में नहाने गए हुए थे। इस दौरान दोनों डूब गए।

### आदित्यपुर आरसीबी प्लांट-1 में घुसा तेंदुआ

**सरायकेला।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में आरएसबी ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड के प्लॉट नंबर 1 में तेंदुआ घूमता नजर आया। जिसके बाद हडकंप मची गयी। इसी बीच एक कर्मचारी की नजर उस पर पड़ी। इसकी जानकारी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गयी। अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें पता चला कि तेंदुआ कंपनी के अंदर है। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गयी. जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को रेस्क्यू करने में जुट गई।

### रांची-बनारस वंदे भारत का आज से परिचालन

**रांची।** रांची से बनारस के बीच वंदे भारत ट्रेन का सामान्य परिचालन आज 18 मार्च से किया जायेगा। ट्रेन को 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ट्रेन का ठहराव और समय निर्धारित कर दिया गया है। ऐसे में अब ट्रेन का ठहराव गोमो और पारसनाथ में करने की मांग की गयी है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर ठहराव की अनुशंसा की है।

# मंत्रियों को मोदी का निर्देश : नयी सरकार के पहले 100 दिन का रोडमैप रखें तैयार

### अगले 5 साल में दुनिया के लिए एक स्थिर, सक्षम और मजबूत भारत की गारंटी : पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करने को कहा। उन्होंने मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले 5 साल के लिए रोडमैप तैयार करने को कहा है। उन्होंने यह चर्चा करने के लिए कहा कि अगले 5 साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर 7 चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। मालूम हो कि पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान होगा। इसके लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जायेगी। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।



### तेज गति से विकास करता रहेगा भारत

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अनिश्चितता से जूझ रही दुनिया में जो बात तय मानी जा रही है, वह है कि भारत तेज गति से विकास करता रहेगा। मोदी ने विपक्ष का नाम लिये बिना कहा कि राष्ट्र प्रथम से प्रेरित हैं जबकि विपक्ष परिवार प्रथम की सोच पर चलता है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी सरकार के सत्ता में बरकरार रहने का भरोसा जताया। मोदी ने कहा कि लोग अगले पांच साल में निर्णायक नीतियां, फैसले देखेंगे और वह उनपर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल दुनिया के लिए एक स्थिर, सक्षम और मजबूत भारत की गारंटी होंगे। आने वाला साल विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा।

# इडी की कार्रवाई तेज : आज से पिंटू, प्रीति प्रमोद और विधायक अंबा प्रसाद से पूछताछ

### ईडी के अधिकारी अवैध खनन और जमीन घोटाले से लेकर बालू तस्करी तक के मामलों में प्रभावशाली लोगों पर कसेंगे शिकंजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में ईडी की कार्रवाई एक बार फिर तेज हो गई है। ईडी के अधिकारी अवैध खनन, जमीन घोटाले से लेकर बालू तस्करी तक के मामलों में राज्य के प्रभावशाली लोगों से पूछताछ करेंगे। इन लोगों में अभिषेक प्रसाद यानि पिंटू, आईएएस की पत्नी प्रीति से लेकर विधायक अंबा प्रसाद तक शामिल हैं। आज 18 मार्च को अभिषेक प्रसाद यानि पिंटू से पूछताछ होगी, जबकि 19 मार्च को रांची के हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ होगी। वहीं ईडी ने जमीन घोटाले की संदिग्ध प्रीति कुमार को 20 मार्च को सुबह 11 बजे तलब किया है। आपको बता दें कि प्रीति कुमार राज्य के सीनियर आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी हैं।

**अंबा से अप्रैल माह में की जायेगी पूछताछ :** होली के बाद ईडी चार अप्रैल को कांग्रेस के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से जमीन लूट, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अर्जित धन की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ करेगी। अंबा के पिता योगेन्द्र साव से 3 अप्रैल और अंबा के भाई अंकित राज से 5 अप्रैल को पूछताछ होनी है। ईडी ने 2 अप्रैल को धनबाद के गोविंदपुर सीओ और हजारीबाग के पूर्व सीओ शशिभूषण सिंह को भी तलब किया है। सभी से रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ की जायेगी।

**प्रीति से दस दिनों के अंदर मांगा गया था संपत्ति का ब्यौरा :** झारखंड सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार से ईडी ने 12 जनवरी को रांची जोनल कार्यालय में करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी। रांची जोनल कार्यालय में पूछताछ के दौरान दस दिनों के अंदर प्रीति कुमार को बड़गाई स्थित बर्लिन अस्पताल की जमीन खरीद-बिक्री, भुगतान समेत अन्य विषयों से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी मांगी गयी थी। ईडी ने बर्लिन अस्पताल के सर्वे में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पाया था। 13 अप्रैल 2023 को ईडी ने बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के घर पर छापेमारी की थी। उनके यहां से जमीन के कई दस्तावेज मिले थे।

### केजरीवाल को ईडी का नौंवा समन जारी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति मामले में जांच एजेंसी ने अरविंद केजरीवाल को 9वां समन जारी कर दिया है। इसके साथ ही 21 मार्च को पेश होने को कहा है। आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। मध्य दिल्ली में केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

### रॉबिन मिंज चोट के कारण आइपीएल 2024 से बाहर

**रांची।** आईपीएल 2024 से ठीक पहले गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। गुजरात 24 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरूआत करने वाली थी, लेकिन उससे कुछ ही दिन पहले विकेटकीपर खिलाड़ी रॉबिन मिंज चोटिल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि रॉबिन पूरे सीजन को मिस करने वाले हैं क्योंकि वो बाइक एक्सीडेंट में चोट का शिकार बन गए हैं। गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा ने भी पुष्टि करते हुए बताया है कि रॉबिन आगामी आईपीएल में नहीं खेलेंगे। रॉबिन मिंज के पिता फ्रांसिस मिंज का कहना है कि उनके बेटे को सुपर बाइक चलाते समय चोट आयी है। रॉबिन झारखंड के गुमला जिले में कावासाकी कंपनी की सुपर बाइक चला रहे थे और इस दौरान बाइक पर से अपना नियंत्रण खो बैठे। हालांकि, उन्होंने बहुत अधिक गंभीर चोट का शिकार बनने से खुद को बचा लिया है, लेकिन उन्हें इतनी चोट आयी है कि वो कुछ माह तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।

# पलामू टाइगर रिजर्व में जल्द लाये जायेंगे 10 काले हिरण

एजेंसी

**पलामू।** पीटीआर में काले हिरण लाये जायेंगे। काले हिरण को पलामू टाइगर रिजर्व के सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा जाएगा। दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व में हिरण और चीतल के लिए चार सॉफ्ट रिलीज सेंटर बनाए गए है जहां हिरण और चीतल को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। पहले चरण में 10 काले हिरण लाए जाएंगे। वहीं बिरसा मुंडा जैविक उद्यान से 300 सामान्य हिरण लाने की तैयारी है।

**एक मादा और एक नर के अनुपात में किया जायेगा शिफ्ट:** पलामू टाइगर रिजर्व में बोमा तकनीक से चीतल को शिफ्ट किया जायेगा। जिसमें एक मादा और एक नर चीतल शामिल है। काले हिरण को भी इसी तरह एक नर और एक मादा के अनुपात में शिफ्ट किए जाएंगे। पीटीआर में काले हिरण के मामले में उपनिदेशक प्रजेशकांत जैना ने बताया कि नेशनल जू अथॉरिटी से अनुमति मांगी गई है अनुमति मिलने के बाद पीटीआर में हिरण जल्द शिफ्ट किए जाएंगे।



**दुर्लभ प्रजाति का है काला हिरण, सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती:** काला हिरण दुर्लभ प्रजाति का है। पूरे भारत में इसकी संख्या सीमित है। पलामू टाइगर रिजर्व में काले हिरण को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती है। पीटीआर में काले हिरण की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने चुनाव आयोग को सीलबंद चुनावी बॉन्ड डेटा वापस किया

# चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे का एक और डेटा जारी, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड से जुड़ी जानकारी अब सार्वजनिक कर दी है। यह वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग की तरफ से सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को दिया गया था। माना जा रहा है कि ये विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि के हैं। इस तिथि के बाद के चुनावी बॉन्ड विवरण पिछले सप्ताह चुनाव आयोग द्वारा सार्वजनिक किए गए थे। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने डेटा सीलबंद लिफाफे में वापस कर दिया है। जिसके बाद इसे आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज' ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके को 509 करोड़ रुपयों का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना लागू होने के बाद बॉण्ड के माध्यम से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 1,397 करोड़ रुपये, कांग्रेस 1,334 करोड़ रुपये और बीआरएस 1,322 करोड़ रुपये का चंदा मिला। आंकड़ों के मुताबिक, ओड़िशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद डीएमके ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। जद (एस) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले, जिसमें चुनावी बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार मेघा इंजीनियरिंग से 50 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन का फ्यूचर गेमिंग 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत डीएमके को गया। डीएमके के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

डीएमके दानदाताओं की पहचान का खुलासा करने वाले कुछ राजनीतिक दलों में से एक है, जबकि भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल और आप जैसे प्रमुख दलों ने निर्वाचन आयोग को इन विवरणों का खुलासा नहीं किया था। तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़ रुपये, राजद ने 56 करोड़ रुपये, सपा ने चुनावी बॉण्ड के जरिए 14.05 करोड़ रुपये प्राप्त किए। आंकड़ों में कहा गया कि अकाली दल ने 7.26 करोड़ रुपये, एआईडीएमके ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। माकपा ने घोषणा की थी कि वह चुनावी बॉण्ड से धन प्राप्त नहीं करेगी। एआईएमआईएम और बसपा ने कोई रकम प्राप्त नहीं करने की जानकारी दी है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 61300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 76000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



### आजसू प्रमुख ने ग्राम प्रभारियों को दी नये जनादेश की जिम्मेदारी

# अच्छे कार्यकर्ता ही अच्छे नेता होते हैं : सुदेश

- विकास और राज्य हित जेएमएम के शब्दकोश में कभी नहीं रहा
- झारखंड को उलझा कर रखना इनका पेशा
- रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विकास शब्द और राज्य हित जेएमएम के शब्दकोश में नहीं है। झारखंड को उलझा कर रखना इनका पेशा। शासन और प्रशासन दोनों लूट के साझेदार बन गये हैं। यह साल झारखंड के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण पार्टी के कार्यकताओं की जिम्मेदारी इन हालात में बढ़ जाती है। हम समाज के सभी वर्गों के विचारों और भावनाओं के साथ काम करें। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नामकुम, सिदरौल स्थित कवाली स्टेडियम में आयोजित रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की और पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन-जन पहुंचाने का संकल्प लिया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक को लेकर जगह-जगह से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह संवेदनशील और चिंता जनक है। मानो राज्य सरकार ने युवाओं का भविष्य बिगाड़ने का संकल्प ले रखा है। इससे पहले एडमिट कार्ड के लिए अभ्यर्थी परेशान रहे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता में यह विश्वास है कि आजसू राज्य में बेहतर वातावरण बना सकती है। राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए जिद की आवश्यकता है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत से पार्टी के विचारों को राज्य के हर गांव, हर घर तक पहुँचाने का कार्य करें। कार्यकर्ता आगे आकर अपनी जिम्मेदारी के तहत कार्य करें। ग्राम प्रभारियों को नए जनादेश की जिम्मेदारी देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनावी साल है। समय कम है ऐसे में पार्टी की हर इकाई और हर कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनाकांक्षाओं के अनुरूप और एनडीए को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा। इस मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव सह ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी राम चन्द्र सहिस ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने और हर व्यक्ति के दुःख सुख से जुड़ने के उद्देश्य से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी की मजबूत संरचना में ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख को विशेष महत्व दिया है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है जो सत्ता पर बैठे लोगों के समझ में नहीं आती है। उनको उनके सोच पर छोड़ कर हमें पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए लोगों की सेवा करनी होगी। सम्मेलन में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, पार्टी के महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निमार्ला भगत, राजेन्द्र मेहता, हरेलाल महतो, संजय महतो, भारत कांशी, अशोक नाग, डॉ. सुधीर यादव, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## खबर एक नजर में

### सिर्फ चेहरा बदला, पुरानी गैंग ही चला रही सरकार : सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि जेपीएससी का पर्चा लीक होना और उसके प्रश्नपत्र हल करने को लेकर जो वीडियो सामने आये हैं, वह झारखंड सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ एक बार फिर से क्रूर मजाक किया है। उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया है। इसका जवाब राज्य के युवा ही नहीं, हर नागरिक समय आने पर देंगे। सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह समझ में नहीं आ रहा है कि यह सरकार राज्य की जनता के साथ कैसा मजाक कर रही है। एक तरफ राहुल गांधी युवाओं के रोजगार देने की बात करते हैं। झामुमो का नेतृत्व झारखंडी हितों का दंभ भरता है। राजद के लोग ईमानदारी की कसमें खाते नहीं थकते हैं। उसके बावजूद भ्रष्टाचार का इससे उत्कृष्ट उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को जिस गैंग के लोग चला रहे थे, उसी गैंग के लोग इस सरकार को भी चला रहे हैं। मतलब सिर्फ चेहरा बदला है, बाकी पूरी व्यवस्थाएं यथावत है। इस सरकार से राज्य के लोगों का कोई उम्मीद नहीं रह गई है। जेपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होना और विद्यार्थियों के द्वारा मोबाइल निकाल कर उत्तर पुस्तिका भरना बिहार के जंगल राज की याद कराने वाला है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि राज्य की यह सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। उसके बाद भी यदि केंद्रीय एजेंसी इन पर कार्रवाई करती है तो यह कहते हैं कि यह राजनीतिक करवाई है।

### पेपर लीक होने से फिर शर्मसार हुआ झारखंड : डॉ लंबोदर

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने जेपीएससी द्वारा ली जा रही सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में प्रश्न पत्र का लीक होना झारखंड के लिए शर्मसार बताया है और इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जेएसएससी की परीक्षा में भी प्रश्न पत्र लीक हो गया और इससे झारखंड की बदनामी हुई बावजूद इसके पुनः यह स्थिति जेपीएससी द्वारा ली जा रही परीक्षा के दौरान हो गई। उन्होंने कहा कि जेपीएससी द्वारा ली जा रही परीक्षा के दौरान चतरा में तो परीक्षार्थियों ने ने यह कहकर हंगामा खड़ा कर दिया कि परीक्षा के पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया है। जबकि जामताड़ा जिले के परीक्षा केंद्र का जो दृश्य आया है वह यह स्पष्ट कर रहा है प्रश्न पत्र लीक हो गया। जामताड़ा के मिहिजाम के एक परीक्षा केंद्र पर तो परीक्षार्थी खुलेआम उत्तर पुस्तिका भरते नजर आए हैं। यह झारखंड सरकार किस तरह से काम कर रही है, स्पष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं व छात्रों के भविष्य के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है झारखंड की गरिमा को भी चोट पहुंचा रही है। जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक हो जाना और परीक्षार्थियों द्वारा खुले आम उत्तर पुस्तिका को भरना भ्रष्टाचार व अराजकता को ही प्रदर्शित करता है।

### रांची-बनारस वंदे भारत का ठहराव गोमो और पारसनाथ में करने की मांग, आज से होगा नियमित परिचालन

**रांची।** रांची से बनारस के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का सामान्य परिचालन 18 मार्च से किया जायेगा। ट्रेन को पिछले सप्ताह पीएम नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ट्रेन का ठहराव और समय निर्धारित कर दिया गया है। ऐसे में अब ट्रेन का ठहराव गोमो और पारसनाथ में करने की मांग की गयी है। इस संबंध में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर ठहराव की अनुशंसा की है। सांसद के प्रस्ताव पर रेल मंत्री की स्वीकृति की मुहर लग गई तो ठहराव शुरू हो जायेगा। गोमो में ठहराव से धनबाद व आसपास के यात्री भी वंदे भारत की सवारी कर सकेंगे। ट्रेन का परिचालन गुरुवार छोड़ सप्ताह में छह दिन किया जायेगा। ट्रेन 20887 रांची–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से सुबह 5:10 बजे खुलकर दोपहर एक बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 20888 वाराणसी–रांची वंदे भारत वाराणसी से शाम 4: 05 बजे खुलकर रात 11: 55 बजे रांची पहुंचेगी।

## अच्छे और समाज के प्रति समर्पित लोगों को समर्थन देने का निर्णय : महेश्वर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अच्छे और समाज के प्रति समर्पित प्रत्याशियों को लोकसभा चुनाव में प्रदेश वैश्य मोर्चा समर्थन करेगा। यह जानकारी रविवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने दी, उन्होंने कहा कि वैश्य मोर्चा चुनाव के इस महा लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए सच्चे, अच्छे और समाज के प्रति समर्पित लोगों को समर्थन देने का निर्णय लिया है। वैश्य मोर्चा किसी पार्टी विशेष के लिए नहीं, बल्कि उम्मीदवारों के काम और मुद्दों का आकलन करके सहयोग एवं समर्थन करेगी। वैश्य विरोधी, भ्रष्ट एवं अपराधी चरित्र के उम्मीदवारों को किसी हाल में समर्थन नहीं किया जायेगा। इस मौके पर राज्य के 10 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी एवं उप प्रभारियों की घोषणा की गई। सभी प्रभारीगण वैश्य मतदाताओं को संगठित कर चुनाव के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, केंद्रीय सचिव शिवनंदन प्रसाद, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, अशोक प्रसाद, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु आदि उपस्थित थे।

# हिंदू स्वाभिमान की पुनर्प्रतिष्ठा के लिये मन्दिर निर्माण जरूरी : अम्बरीश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/देवघर।** विश्व हिंदू परिषद् की तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक देवघर के नंदन पहाड़ स्थित सेवा धाम परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक के समापन सत्र में संबोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री अम्बरीश सिंह ने कहा कि 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना देश के समस्त धर्मधाराओं के प्रमुख संतो की उपस्थिति में हुआ था। इसके 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत वर्षों कार्यों की समीक्षा के साथ वर्तमान परिपेक्ष में हिंदू समाज की परिस्थितियों का आकलन करते हुये उसके निराकरण के उपाय की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कई दशकों तक मुस्लिम आक्रांताओं के अत्याचार के बाद भी हिंदू भावना को नहीं बदला नहीं जा सका। हिंदू समाज का संकल्प था कि श्री रामलला का मंदिर उनके जन्म स्थल पर ही बनायेगें। वह संकल्प 22 जनवरी को पूर्ण हो गया। बैठक में प्रांत, विभाग और जिला में नवीन दायित्व की घोषणा की गई। इसमे कृष्ण कुमार झा को प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख, देवेन्द्र गुप्ता मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख, मनोज पाण्डेय को मंदिर अर्चकपुरोहित सहप्रमुख, प्रिंस आजमानी को विशेष संपर्क सहप्रमुख, बलदेवाचार्य को सत्संग प्रांत टोली सदस्य, रामप्रताप सिंह को सत्संग प्रांत टोली सदस्य, राजकिशोर को प्रांत कार्य समिति सदस्य, रंजन कुमार सिन्हा को प्रांत सत्संग प्रमुख, शशि शर्मा को मातृशक्ति विभाग बाल संस्कार केंद्र प्रांत प्रमुख, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव को मातृशक्ति प्रांत सेवा प्रमुख, कुंती भारती को मातृशक्ति सत्संग प्रमुख, जनार्दन पांडेय को सिंहभूम विभाग सहमंत्रीए हरेराम ओझा को सिंहभूम विभाग विशेष संपर्क प्रमुख, राजेन्द्र मुंडा को रांची विभाग सेवा प्रमुख, पारसनाथ मिश्र को रांची विभाग सहसेवा प्रमुख सहित सभी जिलों के 149 कार्यकताओं को नवीन दायित्व दिया गया। बैठक में वीरेन्द्र बिमल, डॉ बिरेन्द्र साहु, आनंद कुमार, चंद्रकांत रायपत, तिलक राज मंगलम, गंगा प्रसाद यादव, सुभाष नेत्रगवांकर, मिथिलेश्वर मिश्र आदि उपस्थित थे।




### 2.82 करोड़ की राशि से तीन जेलों का होगा कायाकल्प

रांची। रांची, जमशेदपुर और सरायकेला जेल में 2.82 करोड़ की लागत से निर्माण और मरम्मत का कार्य होगा। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि रीलिज कर दिया है। गृह विभाग के द्वारा जारी आदेश में कहा गया हैं कि आवंटित राशि के निकासी और खर्च करने के संबंधित पदाधिकारी जेल अधीक्षक होंगे। जेल अधीक्षक, जिला कोषागार से राशि की निकासी कर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के खाते में ट्रांसफर कराएंगे और विभाग को रिपोर्ट करेंगे। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार रांची: 1.36 करोड़, केंद्रीय कारा घाघीडीह :72.38 लाख, मंडल कारा सरायकेला: 74.24 लाख, कुल: 2.82 करोड़।

### प्रतापपुर के तत्कालीन बीडीओ पर कार्रवाई, आदेश जारी

**रांची।** चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता पर कार्रवाई की गयी है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी की असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दिया गया है। उनके विरूद्ध ग्रामीण विकास विभाग ने 2019 में ही कार्रवाई की अनुशंसा की थी। उन पर बीडीओ के पद पर रहते हुए सेवानिवृत पंचायत सचिव प्रतापपुर श्यामपुर कुमार आयकत को सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत वृद्धा पेंशन वितरण के लिए दिए गये अग्रिम एवं समायोजित राशि 1074200 के समायोजन अथवा वापसी के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गयी, जिससे लक्षित समूह को योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सका। ऐसे में मनोज गुप्ता के इस कृत्य से सरकारी राशि का दुरूपयोग हुआ। पूरे मामले की जांच की गयी। दो बार स्पष्टीकरण भी हुआ। बताते चलें कि इस मामले में एक और बीडीओ पर कार्रवाई हो चुकी है। जवाब की समीक्षा के बाद उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दिया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

## गैंगस्टर की धमकी के बाद भी सांसद खीरू महतो को नहीं मिली है पर्याप्त सुरक्षा : सागर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जदयू के नेताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की सुरक्षा पर सवाल उठाया है। झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि राज्यसभा सांसद खीरू महतो को अन्य राज्यसभा सांसदों की तुलना में काफी कम सुरक्षा दी गई है। उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार अवगत कराने के बावजूद राज्यसभा सांसद खीरू महतो की सुरक्षा नहीं बढ़ाई जा रही है। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि जहां अन्य राज्यसभा सांसदों को आठ सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराए गए हैं, वहीं जेडीयू सांसद खीरू महतो को सिर्फ एक सुरक्षाकर्मी दिया गया है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी नेताओं द्वारा राज्य के डीजीपी और मुख्यमंत्री दोनों को इसकी जानकारी दी गयी है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सुरक्षा समिति की हालिया बैठक में सांसद खीरू महतो की सुरक्षा नहीं बढ़ाई गयी। उन्होंने कहा कि हाल ही में सांसद खीरू महतो को हजारीबाग के गैंगस्टर ने धमकी दी है, फिर भी राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। सागर कुमार ने कहा है कि प्रशासन की ओर से तर्क दिया गया है कि खीरू महतो बिहार से सांसद हैं, इसलिए बिहार सरकार उन्हें सुरक्षा मुहैया कराएगी। प्रशासन का यह तर्क निराधार है। खीरू महतो झारखंड के पूर्व विधायक हैं, उनकी राजनीतिक गतिविधियां झारखंड के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्तमान में उच्च सदन के सदस्य होने के नाते वह झारखंड के कई सुदूरवर्ती और ग्रामीण इलाकों का दौरा करते हैं। ऐसे में अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेवार झारखंड सरकार और पुलिस प्रशासन होगी।

### राज्य सुरक्षा समिति की बैठक पर उठाए सवाल

जदयू प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने राज्य सुरक्षा समिति की बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा कि बैठक में पैरवी के आधार पर आम लोगों को सुरक्षा मुहैया करायी जा रही है। जिन लोगों को सुरक्षाकर्मियों की जरूरत नहीं है, उन्हें भी एक से दो सुरक्षाकर्मी मुहैया कराये जा रहे हैं। वहीं उच्च सदन के सदस्य को सिर्फ एक पुलिसकर्मी दिया गया है। उन्होंने कहा कि सांसद खीरू महतो की सुरक्षा में जिस तरह से जिला प्रशासन और राज्य सरकार लापरवाही बरत रही है, वह शर्मनाक है। उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सुरक्षा समिति से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द सांसद खीरू महतो की सुरक्षा बढ़ाई जाए ताकि आने वाले चुनाव में सांसद खीरू महतो अलग–अलग इलाकों में जाकर लोगों की समस्याएं जान सकें।

# हिस्ट्री शीटरों के साथ पहले के चुनावों में गड़बड़ी करने वालों पर भी पुलिस की नजर

### लोकसभा चुनाव 2024 के लिए झारखंड पुलिस एक्टिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर झारखंड पुलिस अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नक्सल अभियान, लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन के साथ साथ आपराधिक तत्वों के निरोधात्मक कार्रवाई भी शुरू की गई, वहीं इस बार पूर्व के चुनावों में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले भी पुलिस के राडार पर है।

**चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को किया जा रहा चिन्हित**

लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी गई है, झारखंड में चार चरणों मे मतदान होना है। सुरक्षित और फेयर मतदान के करवाने के लिए झारखंड पुलिस हर इंतजाम करने में जुटी हुई। इस बार वैसे तत्व जो पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करते हुए चिन्हित हुए थे वे भी पुलिस के राडार पर है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल वी होमकर ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि वे पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करने वाले तत्वों को भी चिन्हित करें, उनमें से अगर कोई वारंटी है या फरार चल रहा तो उन पर कानूनी कारवाई करें। सभी थानों के द्वारा ऐसे तत्वो की सूची भी तैयार करा कर रखें, ताकि उनपर नजर रखी जा सके। आईजी होमकर ने यह भी निर्देश दिया है कि हिस्ट्री शीटरों को चिन्हित कर कार्रवाई करें, इसके साथ ही लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन, निरोधात्मक कार्रवाई भी की जाए। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आदेश दिया है कि सक्रिय अपराधियों के साथ साथ उग्रवादियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

**थाना स्तर पर बनाई जा रही है लिस्ट**

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में वारंटी और हिस्ट्री शीटरों के साथ साथ पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करने वालो को भी चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया गया है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह के गड़बड़ी में शामिल तत्वों को चिन्हित कर उनका डोजियर खोला जा रहा है। ऐसे लोगो के खिलाफ चुनाव पूर्व से ही नजर रखी जायेगी।

### सोशल मीडिया पर रखें नजर

कुछ असमाजिक तत्व चुनावों के समय गड़बड़ी फैलाने और अफवाह के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं। ऐसे में पुलिस अफसरों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सशक्त करें। लोकसभा चुनाव के दौरान असमाजिक तत्वों के द्वारा व्हाट्सएप, ट्वीटर, फेसबुक पर अराजकता नहीं फैलायी जा सके, इसके लिए निगरानी बेहद कड़ी करने को कहा गया है साथ ही जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि इन विषयों के लिए अलग से हेल्पलाइन नम्बर जारी करें।

# खूंटी जैसे भाजपा के अभेद्य दुर्ग को इस चुनाव में भेद पायेगी कांग्रेस

### 2004 के चुनाव में भाजपा के अभेद्य दुर्ग को भेद कांग्रेस की सुशीला केरकेप्ता ने कड़िया मुंडा को हराया था

### मिशन 2024 : खूंटी लोकसभा बनी हॉट सीट

**सत्येन्द्र**

रांची। मिशन 2024 को लेकर झारखंड में खूंटी लोकसभा सीट एनडीए आंर इंडिया गठबंधन के लिए हॉट सीट बन गया है। बीजेपी ने दोबारा इस सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को टिकट देकर कांग्रेस के लिए चुनौती खड़ा कर दिया है। स्थिति ये है कि चुनाव मैदान में प्रत्याशियों उतारने की बात तो दूर इंडिया गठबंधन ने झारखंड में अभी तक सीट शेयरिंग का फर्मूला भी तय नहीं कर पायी है। इसके बावजूद पिछले चुनाव को देखते हुए यह माना जा रहा है कि खूंटी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ही अर्जुन मुंडा के सामने होंगे। कांग्रेस भी अभी से ही अर्जुन मुंडा को मात देने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्त्ताओं सक्रिय कर दिया है। ज्ञात हो कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें है। इनमें से चार सीटें इंडिया गठबंधन के पास (खरसावां और तमाड़ झामुमो, सिमडेगा और कोलबिरा कांग्रेस) है। वहीं भाजपा के पास खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट है। पिछली बार की तरह इस बार भी खूंटी में अर्जुन मुंडा को मजबूत चुनौती मिलने के कयास लगाये जा रहे हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा को कांग्रेस उम्मीदवार काली चरण मुंडा ने कड़ी चुनौती दी थी। इस स्थिति में कांग्रेस ने 2024 के चुनाव में भी बीजेपी की चुनौती बढ़ा दी है। भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को 2004 में कांग्रेस की महिला उम्मीदवार सुशीला केरकेप्ता (अब स्वर्गीय) ने भेदा था। उन्होंने पांच बार से लगातार जीत रहे कड़िया मुंडा को हराया था। झारखंड अलग राज्य निर्माण के बाद 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को महिला उम्मीदवार ने भेदा था। झारखंड बंटवारे से पहले हुए लगातार पांच चुनावों में इस सीट से भाजपा जीतती रही थी। लेकिन झारखंड अलग होने के बाद 2004 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस की महिला उम्मीदवार सुशीला केरकेट्टा ने जीत दर्ज कर भाजपा के अभेद्य दुर्ग को फतह किया था। इस चुनाव में कांग्रेस को कुल 44.5 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 34 प्रतिशत ही वोट मिले थे।



**2009 में फिर जीते कड़िया मुंडा**

2009 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने खूंटी लोकसभा सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। कड़िया मुंडा को 41.2 प्रतिशत वोट मिले। कांग्रेस ने 2009 के चुनाव में अपने उम्मीदवार को बदल दिया था। सुशीला केरकप्ता की जगह नियेल तिर्की को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस को 25.5 प्रतिशत जबकि झारखंड पार्टी को 16.5 प्रतिशत वोट मिले थे।

### 2014 में भाजपा को एनोस एक्का से मिली थी टक्कर

2014 में हुए लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में भाजपा ने फिर खूंटी सीट पर कब्जा जमा लिया। हालांकि इस बार भाजपा को कांग्रेस से नहीं, झापा उम्मीदवार एनोस एक्का से टक्कर मिली। भाजपा के कड़िया मुंडा को जहां 36.5 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं मोदी लहर के बावजूद झारखंड पार्टी के एनोस एक्का को 24.4 प्रतिशत वोट मिले थे थे। वहीं कांग्रेस को 19.9 प्रतिशत वोट मिल पाया।

### 2019 में मात्र 1435 वोट से जीते थे अर्जुन मुंडा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने खूंटी में बड़ा बदलाव करते हुए कड़िया मुंडा की जगह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को चुनाव मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच काफी कांटे की टक्कर में अर्जुन मुंडा की जीत हुई। इस चुनाव को भाजपा को 46 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 45.8 प्रतिशत वोट मिले थे। मोदी लहर के बावजूद अर्जुन मुंडा को इस चुनाव में मात्र 1435 वोट से जीत मिली थी।

### खूंटी लोकसभा क्षेत्र रहा है जनआंदोलनों का केंद्र

झारखंड का खूंटी जिला अक्सर सुर्खियों में रहता है। संयुक्त बिहार में इसे पहला अनुमंडल बनाया गया था। ब्रिटिश हुकूमत के समय इसी इलाके से पहली बार झारखंड राज्य की मांग उठी थी। मुंडा बहुल इस भू-भाग पर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया था। वर्ष 1890 से लगभग 10 वर्ष तक चले बिरसा आंदोलन का प्रमुख केंद्र खूंटी ही था। कोयल-कारो बांध का विरोध भी इसी इलाके में हुआ था। झारखंड गठन के बाद भी इलाके में जनआंदोलन होते रहे। मित्तल कंपनी के स्टील प्लांट और सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन के खिलाफ हुए आंदोलनों के लिए भी जाना जाता है। इतना ही नहीं, इस लोस क्षेत्र ने दर्जनों हॉकी खिलाड़ी भी दिए हैं। मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जनस्थली भी खूंटी ही रही है।

# तेजी से विकसित हो रही देश की अर्थव्यवस्था : राजपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि दुनियां में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है। श्री कृष्णन रविवार को गोस्सनर कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसका आयोजन कोस्ट एकांउटेट के रांची चैप्टर ने किया था। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य 2047 तक हासिल करना है। वर्तमान में हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है एवं तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसके 90 हजार सदस्य हैं और 5 लाख विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों पर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सीए का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश खनिज संपदा से परिपूर्ण है। लेकिन हम नीचे से दूसरे पायदान पर है। झारखंड राज्य के आर्थिक विकास के लिए हमारे सीए गंभीरतापूर्वक चर्चा करें। उन्होंने कहा कि जीएसटी के सफल कार्यान्वयन में भी सीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सीए का क्षेत्र व्यापक है। कर संग्रह में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है हमारे देश में करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।




## मुन्ना शर्मा प्रचार मंत्री, पीके गुप्ता निर्विरोध अंकेक्षक चुने गये

### श्री महावीर मंडल का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



**रांची।** श्री महावीर मंडल केन्द्रीय समिति का मतदान रविवार को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। शांतिपूर्ण मतदान कराने में पुलिस प्रसाशन का अहम योगदान रहा। मतदान स्थल में सीसीटीवी कैमरा और बाहर में स्क्रीन, साउंड और माइक, लाइट जनरेटर की पूर्ण बयवस्था की गई थी। मुख्य चुनाव प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि महावीर चौके दुर्गा मंदिर ट्रस्ट केन्द्रीय कार्यलय में आयोजित मतदान में कुल 881 मे से 763 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि चुनाव परिणाम देर रात तक आने की संभावना है। साथ ही उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 4 उम्मीदवार चुनाव में भाग लें रहें है। उपाध्यक्ष पद हेतु 5 उम्मीदवार, मंत्री पद हेतु 5 उम्मीदवार, सह-मंत्री पद हेतु 5 उम्मीदवार ,कोषाध्यक्ष पद हेतु 2 उम्मीदवार अपना भाग्य अजमा रहें है। वही प्रचार मंत्री पद के उम्मीदवार मुन्ना शर्मा और अंकेक्षक पद पर प्रदीप कुमार गुप्ता निर्विरोध विजय रहें। प्रमोद श्रीवस्ताव और शंकर साहू विंदूल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च को होली मिलन समारोह दुर्गा मंदिर ट्रस्ट में आयोजित किया जाएगा और मौके पर विजय उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# बदला मौसम का मिजाज, बारिश के बाद कई इलाकों में बिजली गुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। झारखंड में की राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग की मानें तो मोरहाबादी, मेन रोड, बरियातू, पंडरा, कमड़े समेत कई इलाकों में तेज आंधी और गरज के साथ बारिश हुई। बारिश के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के बाद मौसम कूल-कूल हो गया है। रविवार को रांची में गरज के साथ मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। तेज हवाएं भी चली। जिसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर के बीच रहा। वहीं तेज आंधी के कारण कई इलाकों में देर रात तक बिजली गुल रही। इससे पहले ही अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 0.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। बढ़ती गर्मी के बीच बीते शनिवार राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई। राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के टाटीसिलवे में 26.8 मिमी रिकॉर्ड किया गया, जबकि मैथन, पश्चिमी सिंहभूम और जगन्नाथपुर में 25 मिमी बारिश हुई। अन्य जिलों में छिटपट बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं।

**अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई गिरावट**

रांची में 21 मार्च तक अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है।

वहीं 19 मार्च को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 और 17 डिग्री सेंटीग्रेड, 20 मार्च को 26 और 15 डिग्री सेंटीग्रेड हो जाने का अनुमान है।

## खबर एक नजर में

### जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई जांच हो : भाजपा

**रांची।** भाजपा ने झारखंड लोक सेवा आयोग के प्रश्न पत्र लीक मामले में राज्य सरकार पर हमला बोला है। साथ ही, इसकी सीबीआई जांच की भी मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब से यह सरकार राज्य में है। अच्छी खबर सुनने को कान तरस गये। हमेशा ऐसा कुछ सुनने को मिलता है, जिससे राज्य का मान-सम्मान कम होता आया है। अब जेपीएससी परीक्षा में पेपर लीक का मामला आया है। इसकी परीक्षाओं के दौरान प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर ही खोले जाते हैं । लेकिन, अबकी ऐसा नहीं हुआ। इससे साबित होता है कि पिछली परीक्षाओं की तरह इस बार की परीक्षा में भी बड़ा रैकेट शामिल है। सरकार में यदि हिम्मत है तो इसकी सीबीआई जांच कराये। उन्होंने कहा कि जेपीएससी, जेएसएससी जैसी परीक्षाओं में राज्य सरकार के माध्यम से दलाल पैसे बना रहे हैं। विनोद सिंह जैसा एजेंट पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पसंदीदा कैंडिडेट के लिये मैसेज करता है। यहां के खनिज संसाधनों की लूट के बाद अब युवाओं का भविष्य यह सरकार लूट रही है। सरकार का काम गुड गवर्नेंस देना और विधि व्यवस्था बनाने की होती है। इसमें यह सरकार फेल है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज और सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी मौजूद थे।

### परीक्षा पत्र लीक करना राष्ट्रीय अपराध, इसकी जांच सीबीआई से हो : दीपक प्रकाश



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने जो कहा था कि मेरी सरकार हेमन्त सरकार का पार्ट टू है, वह सत्य होता हुआ प्रतीत हो रहा है। जिस प्रकार से हेमन्त सरकार में जेएसएससी में विनोद सिंह नामक दलाल के साथ मिलकर राज्य की नौकरी को बेचने का काम किया था। आज उसी कार्य को वर्तमान राज्य सरकार के मुखिया आगे बढ़ा रहे हैं।

**उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र नियमत:** परीक्षा भवन में ही परीक्षा के समय खुलना चाहिये। लेकिन 11वीं झारखंड़ लोक सेवा आयोग परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने के पहले ही प्रिंसिपल के आफिस में खोला गया। यह कहीं न कहीं दलालों के माध्यम से सरकारी नौकरियों को बेचने की तरफ इशारा करता है। एक तरफ झामुमो अपने घोषणा पत्र में कहती है कि हर साल पांच लाख नौकरी देंगे और अगर न दे पायें तो स्नातकों को पांच हजार तथा स्नातकोत्तर को सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। राज्य सरकार पांच लाख नौकरी तो नही दे पा रही है। लेकिन जो कुछ थोड़ी संख्या में वेकैंसी निकाल रही है, उसे भी दलालों और विचौलियों के माध्यम से बेचने का काम कर रही है।

### मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन 31 मार्च को, पंजीकरण शुरू

रांची। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेर्नाइजेशन (जीतो) संस्था की ओर से आगामी 31 मार्च को मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन का आयोजन किया जा रहा है। रन सुबह 5:30 बजे से प्रारंभ होगी। इस अहिंसा रन के लिए पंजीकरण का प्रारंभ हो गया है। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी, सरोज पांड्या ,कुणाल जैन, देवेश जैन, अनंत जैन एवं खेल संयोजक सोनम पटोदी ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि अहिंसा रन झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन कर देख रेख में हो रहा है। अहिंसा रन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए तीन तरह के दायरे तय किये गये है। इसमें 10 किलोमीटर की दौड़ में महिला और पुरूषों के लिए प्रथम स्थान पर आने वाले को 21 हजार, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे। वहीं पांच किलोमीटर दौड़ के लिए प्रथम 11 हजार, द्वितीय 7100 और तृतीय को पांच हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा 45 वर्ष से उपर के महिला और पुरुष प्रतिभागियों में 10 किलो मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले को 21 हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले को 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपये और तीन किलो मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले को 7100 रुपये पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### 187 लोगों के खिलाफ काटा गया जुर्माना, बीच सड़क पर लगे वाहन जब्त



**रांची।** राजधानी रांची में यातायात को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान के तहत कोतवाली चुटिया थाना अंतर्गत काली मंदिर से फिरायालाल चौक, फिरायालाल चौक से सुभाष चौक, गोंदा थान क्षेत्र के जाकिर हुसैन पार्क से न्यू मार्केट चौक तक, जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत बिरसा चौक से एचइसी चौक, लालपुर थाना क्षेत्र में बिना हेलमेट, अनाधिकृत रूप से चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म के विरूद्ध कार्रवाई की गयी। मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत 187 लोगों का चालान काटा गया।

### झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 संपन्न

**रांची।** झारखंड अधिवक्ता मंच रांची के तत्वावधान में आयोजित झारखंड क्रिकेट एडवोकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन झारखंड अधिवक्ता मंच के संस्थापक संरक्षक राजकुमार साहू ने किया। झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूनार्मेंट का पहला सेमी फाइनल झारखंड हाईकोर्ट एवं अवेंजर टीम के साथ हुई। जिसमें अवेंजर टीम ने पहला सेमीफाइनल मैच 7 विकेट से जीत लिया। वहीं दूसरा सेमीफइनल फाइनल मैच केदार साहू एसोसिएट की टीम एवं इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर के बीच रहा, जिसमें इंडियन एसोसिएशन लॉयर्स ने दूसरा सेमीफाइनल मैच 40 रनों से विजय प्राप्त किया। इसी बीच महिला अधिवक्ताओं का एग्जीबिशन मैच हुआ जिसमें क्वीन बी एवं गैलेक्सी गर्ल्स के बीच हुए मैच में क्वीन बी की टीम ने मैच जीत लिया। झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच अवेंजर टीम एवं इंडियन एसोसिएशन का लॉयर्स के बीच हुई, जिसमें इंडिया एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स 14 रन ने फाइनल मैच जीत लिया। टूनार्मेंट में खेले गए सभी मैच के बेस्ट प्लेयर को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट मैच के बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, मैच ऑफ द टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

### एकम सनातन भारत दल लोकसभा चुनाव में उतारेगा प्रत्याशी

रांची। एकम सनातन भारत दल झारखंड में अपना प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में उतारेगा। यह जनकारी रविवार को प्रदेश अध्यक्ष शिवाजी सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह धर्म जागरण के सत्य प्रकाश,मनीष सिंह, और डॉ सुमंत कुमार झा ने संयुक्त रूप से संवाददाताओं को दी। उन्होंने बताया कि राजनीतिक पार्टी एकम सनातन भारत दल जिसे आगामी चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने 28 राज्यों के लिए चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया है। झारखंड एवं बिहार में त्रिकोण चुनाव चिन्ह प्राप्त हुआ है जबकि अन्य राज्यों में बांसुरी प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि हम 2024 के लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक प्रत्याशी खड़ा करने जा रहे हैं।

# नशे के खिलाफ कोतवाली डीएसपी बन जाते हैं ई रिक्शा का ग्राहक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। पुलिस अधिकारी प्राइवेट वाहनों से नशे के अड्डे पर पहुंच रहे हैं और नशे के कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। इसी मामले को लेकर के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय शनिवार की रात अरगोड़ा के हरमू आनंदनगर में ई-रिक्शा पर सवार होकर पहुंचे। उनके साथ सुखदेव नगर थानेदार मनोज कुमार भी अपने अंगरक्षकों के साथ सिविल ड्रेस में मौजूद थे। नशे के अडडे पर करने पर पहुंचने के बाद पुलिस अधिकारियों ने नशे के कारोबारी से ब्राउन शुगर की मांग की पहले तो आरोपी पवन कुमार ने उन्हें कुछ देने से इनकार कर दिया, लेकिन जब पुलिस वालों ने जोर दिया कि वे लोग बाहर से आए हैं। तब उसने अपने खैनी के डिब्बे से ब्राउन शुगर की पुड़िया निकाली और डीएसपी साहब को थमा दिया। इसी दौरान डीएसपी, थानेदार ने मौके वारदात पर उसे पकड़ लिया। शहर में चर्चा यह है कि एक साहब ई रिक्शा से चढ़कर आते हैं और नशे के कारोबारी को पकड़ते हैं। लिहाजा ई-रिक्शा को देखते ही नशे के कारोबारी वहां से नौ दो ग्यारह हो जा रहे हैं। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय का कहना है कि एसएसपी के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान लोकसभा चुनाव तक चलेगा।

## ब्राउन शूगर, गांजा के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, महिला समेत दो गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ब्राउन शूगर, गांजा आदि बेचनेवाले लोगों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान में पुलिस ने अवैध तरीके से गांजा, ब्राउन शूगर की बिक्री करनेवाले आरोपी पवन कुमार व उसकी भाभी कोमल देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनलोगों के पास से 21 हजार रूपये, तीन बाइक बरामद किया है। छापेमारी कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में की जा रही थी। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आनंदनगर में पवन कुमार नामक युवक गांजा और ब्राउन शूगर बेच रहा है। इस बाबत एक टीम बनायी गयी। टीम में पुलिसकर्मी को शामिल किया गया। इसके बाद छापेमारी अभियान वलाया गया। पवन कुमार के खिलाफ सुखदेवनगर थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी पवन को पैदल मार्च कराया और उसे थाना ले आये। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि इस मामले में पवन के पिता बबलू राय, कृष्णा यादव, कन्हैया कुमार यादव और दुर्लभ को पकड़ने के लिये छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# होली में झारखंड, बिहार, यूपी व बंगाल जाना होगा आसान, चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** होली में झारखंड, बिहार, यूपी व पश्चिम बंगाल का सफर आसान होगा। झारखंड और बिहार के रेल यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए रेलवे ने कई होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों में कुछ ट्रेन दक्षिण से खुलकर झारखंड होते हुए बिहार तक जायेंगी। कुछ ऐसी ट्रेनें भी हैं, जो आस-पास के स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। जिन्हें बिहार जाना है, वे आसानी से ट्रेन पकड़ सकते हैं। होली स्पेशल ट्रेनों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गयी है।

**रांची-गोरखपुर-रांची होली स्पेशल**

रांची-गोरखपुर (08821) होली स्पेशल 22 मार्च की रात 9.45 बजे रांची से रवाना होगी। अगले दिन शाम चार बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में गोरखपुर-रांची (08822) होली स्पेशल 24 मार्च को गोरखपुर से पांच बजे प्रस्थान करेगी, उसी दिन रात को 9.25 बजे रांची पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव मुरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, पटना और छपरा में होगा।

**टाटानगर-सहरसा-टाटानगर होली स्पेशल**

टाटानगर-सहरसा (08819) होली स्पेशल 23 मार्च को टाटानगर से दिन में 1.20 बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन तीन बजे सहरसा पहुंचेगी। वापसी सहरसा-टाटानगर (08820) होली स्पेशल 24 मार्च की सुबह छह बजे सहरसा से रवाना होगी और उसी दिन रात के 8.45 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

**रांची-जयनगर-रांची होली स्पेशल**

रांची-जयनगर (08838) होली स्पेशल 23 मार्च को 23.55 बजे रांची से रवाना होगी। अगले दिन 16.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में जयनगर-रांची (08839) होली स्पेशल 24 मार्च को जयनगर से 23.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.45 बजे रांची पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव में मुरी, बोकारो स्टील, धनबाद होगा।

**सांतरागाछी-हुबली-सांतरागाछी होली स्पेशल**

सांतरागाछी-हुबली (08840) होली स्पेशल 27 मार्च की शाम छह बजे



संतरागाछी से रवाना होकर 29 की सुबह आठ बजे हुबली पहुंचेगी। वापसी में हुबली-संतरागाछी (08841) होली स्पेशल 30 मार्च को हुबली से 10.30 बजे प्रस्थान कर एक अप्रैल तो तड़के 4.20 बजे संतरागाछी पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव खड़गपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला और झारसुगुड़ा में होगा।

**हावड़ा-मुंबई सेंट्रल-हावड़ा होली स्पेशल**

हावड़ा-मुंबई (08843) सेंट्रल होली स्पेशल 25 मार्च को 03.00 बजे हावड़ा से रवाना होकर अगले दिन 17.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में मुंबई सेंट्रल-हावड़ा 908844) होली स्पेशल 27 मार्च को 10.35 बजे मुंबई सेंट्रल से रवाना होगी और अगले दिन 20.05 बजे हावड़ा पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव में खड़गपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला और झारसुगुड़ा में होगा।

**रांची-पूर्णिया-सांतरागाछी होली स्पेशल**

रांची-पूर्णिया (08849) होली स्पेशल 23 मार्च को 05.30 बजे रांची से रवाना होकर उसी दिन 21.00 बजे पूर्णिया पहुंचेगी। वापसी में पूर्णिया-रांची (08850) होली स्पेशल 23 मार्च को पूर्णिया से 23.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.25 बजे रांची पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव मुरी और बोकारो स्टील सिटी में होगा।

**टाटानगर-सहरसा-टाटानगर होली स्पेशल**

टाटानगर-सहरसा (08853) होली स्पेशल 17 मार्च और पांच अप्रैल के बीच प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को 19.20 बजे टाटानगर से रवाना होगी और अगले दिन 11.20 बजे सहरसा पहुंचेगी। वापसी में सहरसा-टाटानगर (08854) होली स्पेशल 19 मार्च से छह अप्रैल के बीच प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को दिन में एक बजे सहरसा से रवाना होगी और अगले दिन सुबह पांच बजे टाटानगर पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव में चांडिल, मुरी और बोकारो सिटी में होगा।

**टाटानगर-बरौनी-टाटानगर होली स्पेशल**

टाटानगर-बरौनी (08855) होली स्पेशल 19 और 26 मार्च और दो अप्रैल को 23.55 बजे टाटानगर से रवाना होगी और अगले दिन 11.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी बरौनी-टाटानगर (08856) होली स्पेशल 20 और 27 मार्च और तीन अप्रैल को सवा चार बजे बरौनी से खुलेगी। अगले दिन 04.20 बजे टाटानगर पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव चांडिल, मुरी, झालिदा और बोकारो स्टील सिटी में होगा।

**टाटानगर-बरौनी-टाटानगर होली स्पेशल**

टाटानगर-बरौनी (08857) होली स्पेशल 29 मार्च से 19 अप्रैल के बीच प्रत्येक शुक्रवार को 18:40 बजे टाटानगर से रवाना होगी। अगले दिन सात बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में बरौनी-टाटानगर (08858) होली स्पेशल 30 मार्च से 20 अप्रैल के बीच प्रत्येक शनिवार को 23:50 बजे बरौनी से रवाना होगी और अगले दिन 12 बजे टाटानगर पहुंचेगी। ठहराव चांडिल, मुरी और बोकारो स्टील सिटी में होगा।

**कटिहार-रांची-कटिहार होली स्पेशल**

कटिहार-रांची (05762) होली स्पेशल दिनांक 21 मार्च व 28 मार्च को 22:30 बजे कटिहार से रवाना होगी। अगले दिन 14:25 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में रांची-कटिहार (05761) होली स्पेशल 22 मार्च और 29 मार्च रात साढ़े आठ बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन 11 बजे कटिहार पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव मुरी और बोकारो स्टील सिटी में होगा।

**दुर्ग-पटना-दुर्ग होली स्पेशल**

दुर्ग-पटना (08793) होली स्पेशल : 22 मार्च को 13.25 बजे दुर्ग से रवाना होगी. अगले दिन सुबह साढ़े नौ बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में पटना-दुर्ग (08794) होली स्पेशल 23 मार्च की रात नौ बजे पटना से रवाना होगी और अगले दिन 19.10 बजे दुर्ग पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला और झारसुगुड़ा में होगा।

# एफएम पर प्रसारित होगी रांची के यातायात जाम की सूचना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अब राजधानी के लोगों को एफएम के जरिये रोड जाम की जानकारी दी जायेगी। इसके लिये रांची यातायात पुलिस ने तैयारी आरंभ कर दी है। एफएम में संदेश प्रसारित कर लोगों को जागरूक करना है और जो लोग फ्लाइट और ट्रेन पकड़ने के लिये जा रहे हैं। उन्हें मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा। ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि उक्त एफएम ओला, प्राइवेट कार, ऑटो में भी बजेगा ताकि ड्राइवर और पैसेंजर्स अपने सहूलियत के हिसाब से रूट बदल लें।

**होगा समझौता :** रांची ट्रैफिक पुलिस की ओर से जल्द ही एफएम रेडिया के साथ समझौता करेगी, इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि इस सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पर कंपनी के साथ बातचीत भी चल रही है। गौरतलब हो कि ट्रैफिक पुलिस की ओर कुछ दिन पहले ट्रैफिक अलर्ट सिस्टम लागू कर दिया गया है। मोबाइल पर ट्रैफिक जाम से संबंधित जानकारी वाहन चालकों को दी जाएगी, लेकिन अधिकारी के बदलते ही यह व्यवस्था बंद कर दी गई।

**नहीं करें इस मार्ग का इस्तेमाल, जाम में फंस जाएंगे आप :** इस सिस्टम के दौरान वाहन चालकों को यह बताया जाएगा कि किन सड़कों में ट्रैफिक जाम लगा हुआ है। अगर आप जरूरी काम करने के लिए निकले हैं तो संबंधित मार्ग का इस्तेमाल नहीं करें। एफएम के जरीए वाहन चालकों को यह सुझाव भी दिया जाएगा कि वे संबंधित मार्ग को छोड़कर इन मार्गों के जरिये गंतव्य तक जा सकते हैं। इन मार्गों में यातायात व्यवस्था सामान्य है।

**धरना-प्रदर्शन की भी दी जाएगी जानकारी :** लोगों को वीवीआईपी पलों, विशेष व्यवस्थाओं, धरना-प्रदर्शन, रैली आदि की जानकारी भी एफएम पर दी जायेगी। यह बताया जायेगा कि फिलहाल इस मार्ग का उपयोग नहीं करें ताकि वाहन चालक अपने अनुसार अपना आगे जाने की योजना बना सकें। इससे आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उनके समय की तो बचत होगी, साथ ही उनका ट्रैफिक जाम से भी उन्हें राहत मिलेगी।

## भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से मिला मूलवासी सदान मोर्चा का दल

# झारखंड में सदानों के अधिकारों की हो रही राजनीतिक हत्या: राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से रविवार को सर्किट हाउस में मिला। इस दौरान मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से कहा झारखण्ड में परिसीमन कराने की आवश्यकता है। कहा विधानसभा की सीट को 81 से बढ़कर 160 करने और लोकसभा की सीट को 28 करने की मांग रखी। प्रसाद ने श्री वाजपेई को बताया कि झारखंड के 112 प्रखंडों के सभी पंचायतों में मूलवासी सदानों को मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, बनने से वंचित कर दिया गया है। जबकि पहले से ही बहुत सारे लोकसभा, विधानसभा में मूलवासी सदान विधायक, सांसद नहीं बन पा रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में तीन तरह के लोग वास करते हैं मूलवासी सदान जिनकी आबादी 65%है जो मूलनिवासी हैं । दुसरा जनजाति हैं जिनकी आबादी 26%है। तीसरा 9 से 10% प्रवासी हैं। प्रसाद ने कहा संवैधानिक प्रावधान के तहत जनजातियों को तो बहुत सारे सुविधा प्राप्त है लेकिन बहुसंख्यक मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से ही वंचित किया जा रहा है। जिससे मूलवासी सदानों में दिनों -दिन नाराजगी बढ़ते जा रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि जो अनारक्षित लोकसभा और विधानसभा की सीटें है,उस पर दूसरे राज्यों के लोगों को प्रत्याशी बनाकर मूलवासी सदानों के अधिकारों की राजनीतिक हत्या की जा रही है। राज्यसभा में भी बाहरी लोगों भेजा जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने श्री वाजपेई को स्पष्ट शब्दों में कहा की ना कोई हम बाहरी- भीतरी की बात कर रहे हैं और ना किसी के खिलाफ में बात कर रहे हैं, हम सिर्फ और सिर्फ मूलवासी सदानों के अधिकारों के संदर्भ में आपको अवगत करा रहे हैं।

श्री वाजपेयी को मूलवासी सदानों की विभिन्न मांगों व समस्याओं और उनके अधिकारों से संबंधित बातों की जानकारी दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय, डॉ सुदेश कुमार साहू, स्वामी दिव्यज्ञान, विशाल कुमार सिंह, प्रोफेसर अरविंद प्रसाद, चंदन प्रसाद, संजय कुमार, रंजीत राय आदि शामिल थे।

# 11वीं जेपीएससी परीक्षा को रद्द कर सीबीआई जांच की अनुशंसा करें सीएम : अभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा वर्तमान राज्य सरकार द्वारा 11वीं झारखण्ड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का पेपर लीक होना यह साफ-साफ दशार्ता है, कि वर्तमान राज्य की सरकार युवाओं के भविष्य एवं उनको नौकरी देने को लेकर कितनी चिंतित है।

पिछले 5 वर्षों की अगर इतिहास को उठाकर देखा जाए तो यह सरकार के द्वारा जब भी कोई नियुक्ति के लिए प्रवेश परीक्षा कराई गई है, उसमें बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। चाहे वह जेपीएससी की परीक्षा हो या फिर जेएसएससी की। जेपीएससी पेपर लीक मामला साफ-साफ दशार्ता है, कि वर्तमान सरकार को युवाओं एवं छात्र-छात्राओं से कोई लेना-देना नहीं है। आजसू छात्र संघ ने मुख्यमंत्री से जेपीएससी की परीक्षा रद्द कर सीबीआई जांच की अनुशंसा करने की मांग की है। साथ ही जेपीएससी के जितने भी पदाधिकारी इस मामले में संलिप्त है, उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच होने तक एवं दोषियों पर पेपर लेकर अधिनियम 2023 के तहत कारवाई होने तक छात्र (आजसू) आंदोलनरत रहेगी।

## जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक मामले में भाजयुमो ने राज्य सरकार का पुतला दहन किया

# सीबीआई जांच कराये सरकार : भाजयुमो

### गठबंधन सरकार ने फिर एक बार युवाओं के भविष्य को बेचा : शशांक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर ने रविवार को हरमू चौक पर जेपीएससी प्रश्न पत्र लिक मामले को लेकर चंपई सोरेन का पुतला दहन किया। इस दौरान झामुमो, कांग्रेस, राजद सरकार के खिलाफ युवाओं ने नारेबाजी करते हुये पुतला जलाया और विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि फिर राज्य की निक्कमी लुटेरी और भ्रष्ट सरकार ने युवाओं के भविष्य का सौदा किया और उनके सपनों को बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों में इस सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुये 25 से 30 लाख में सीटों को बेचने का काम किया। लेकिन भारतीय जनता युवा मोर्चा हर समय पूरी मजबूती के साथ राज्य के युवाओं के साथ हर समय खड़ी रही और आगे भी खड़ी रहेगी। साथ ही पूरी मजबूती के साथ इस युवा विरोधी सरकार से लड़ेंगे। राज्य के युवा हताश एवं निराश है। आशा अपेक्षा के साथ वो परीक्षा लिखने गये थे लेकिन, सुबह से जिस प्रकार का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, युवा पूरी तरह आक्रोशित है।



परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थी।

मौके पर सूर्य प्रभात, भुपेंद्र सिंह, इंद्रजीत यादव, सचिन साहू, सूर्यभान सिंह, साहिल, राहुल शाहदेव, दीपक सिंह, प्रिंस ठाकुर, गोविन्दा बाल्मिकी, अमन जयसवाल, देवराज सिंह, टुनटुन यादव, सुमित साहू, बबन बैठा, तुषार आरव, अमन वर्मा आदि थे।

# जेपीएससी पेपर लीक सरकार की गलत नीतियों का नतीजा : ओम

## सीबीआई जांच हो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं का दम्भ भरने वाली सरकार युवाओं के सपनों का सौदा करने पर आतुर हैं। जेपीएससी पेपर लीक सरकार की गलत नीतियों और कार्यशैली का नतीजा है। जेपीएससी पेपर लीक मामले को अभी दो महीने भी नहीं बीते और एक और पेपर लीक ने युवाओं के सपनों को तोड़ दिया है। सरकार शायद यह भूल गई है कि जिन युवाओं से झूठा वादा कर यह लोग सत्ता में काबिज हुए हैं, वही युवा इन्हें सत्ता से बेदखल करने की शक्ति भी रखते हैं।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले से अगर सबसे ज्यादा कोई प्रभावित होता है तो वह पढ़ने लिखने वाले एवं गरीब तबके से आने वाले छात्र-छात्राएं हैं। उनकी सालों की मेहनत पर आज सरकार ने पानी फेर दिया है। अच्छी नौकरी और राज्य एवं राज्यवासियों की सेवा की सोच पर अल्प विराम लग गया है। पेपर लीक के मामले सरकार के युवाओं के प्रति असंवेदशीलता को दिखलाती है। सरकार अविलंब इस परीक्षा को रद्द करें और इस मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाए। पेपर लीक से जुड़े सभी अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी की जाये।

## खबर एक नजर में

### प्राचार्य के पद स्वीकृत वेतनमान की तिथि में संशोधन

**रांची।** इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग के प्राचार्य पद के लिए स्वीकृत वेतनमान की प्रभावी तिथि में संशोधन किया गया है। अब इस आवासीय विद्यालय के प्राचार्य के स्वीकृत वेतनमान 14300-18300 का वैचारिक लाभ एक जनवरी 1996 की तिथि से वहीं वास्तविक लाभ एक अप्रैल 1997 की तिथि से दिया जायेगा। वित्त विभाग ने 2005 में निकाले गये संकल्प में संशोधन कर दिया है, जिसमें राज्य गठन की तिथि 15 जनवरी 2000 से संशोधित वेतनमानी को प्रभावी किया था। पूरे मामले में हाई कोर्ट में प्राचार्य आनंदा देवी की ओर से वाद दायर किया गया था। उनकी नियुक्ति एकीकृत बिहार में ही 24 जुलाई 1992 में हुई थी। उस समय 3000-4500 वेतनमान ही स्वीकृत था। बाद में फिटमेंट कमेटी की अनुशंसा में 14300-18300 रुपये वेतनमान किया गया। लेकिन राज्य सरकार ने 2005 में एक आदेश निकाला और वेतनमान का लाभ 15 जनवरी 2000 की तिथि ही देने का फैसला लिया। ऐसे में मामला कोर्ट में गया। वहां से पारित आदेश के बाद अब एक जनवरी 1996 से वैचारिक लाभ देने का फैसला हुआ है।

### बीएयू के स्टूडेंट की मौत, रिम्स में हंगामा

**रांची।** रिम्स में बीटेक स्टूडेंट की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। हंगामा होने की सूचना पर बरियातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। गौरतलब हो कि शनिवार रात रूपेश ओझा नाम के छात्र को रिम्स में भर्ती कराया गया था। वह बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज में पढ़ाई बीटेक की पढ़ाई करता था। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज में मारपीट के बाद उनके बेटे की मौत हुई है। उसकी मौत के बाद ही उसे अस्तपाल में भर्ती कराया गया। जिस छात्र की मौत हुई है, वह मूल रूप से हजारीबाग का रहनेवाला था और रांची के कमड़े में किराये पर रहकर पढ़ाई करता था। पोस्टमार्टम से पहले परिजन रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के बाहर हंगामा किया। हंगामा कर रहे परिजनों की मांग है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय तरीके से जांच की जाए। आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़कर कार्रवाई की जाए। बरियातू पुलिस ने पंचनामा कर छात्र का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों का फर्दबयान दर्ज कराया।

### अभयानंद सुपर मेधावी छात्रों को देगा शिक्षा

**रांची।** अभयानंद सुपर 30 मेधावी गरीब छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा देगा। यह जानकारी संस्थान के मेडिकल विंग के एचओडी पी के उपाध्याय ने दी। उन्होंने कहा कि पटना सहित झारखंड में दाखिले के लिए रांची, देवघर, टाटा, धनबाद और हजारीबाग में प्रवेश परिक्षा का आयोजन 30 मार्च को विभीन्न केंद्रो पर आयोजित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में सफल छात्रों को आईआईटी और मेडिकल की तैयारी संस्थान द्वारा नि:शुल्क कराने के साथ-साथ रहना और खाना मुफ़्त दिया जाएगा।

### श्री श्याम मंडल का तीन दिनी विराट फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव 19 से

**रांची।** श्री श्याम मंडल का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव 19 से 21 मार्च तक अत्यन्त श्रद्धा एवम धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर को आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है तथा श्रृंगार के लिए कोलकाता से आए हुए कुशल कारीगरों की टीम कार्य में जुटी हुई है। 19 मार्च को अपरान्ह 3 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारम्भ होगा जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष प्रदान करेंगे साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 750 नर नारी अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दीपक पोद्दार,अनिल लोहिया,हरेंद्र अग्रवाल, संजय सुरेका,आशीष अग्रवाल, सौरभ कटारुका, अनिल अग्रवाल, अभिषेक चौधरी, प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप खोवाल, अभिषेक अग्रवाल, मुकेश लोहिया,ललित शर्मा, सुमित अग्रवाल के अलावा कई कार्यकर्ता अपना योगदान दे रहे है।

# श्याम भक्तों ने श्रीश्याम प्रभु को अर्पित किया निशान





**रांची।** श्रीश्याम ध्वजा पद यात्रा समिति की ओर से रविवार को नेवरी, विकास से निज मंदिर खाटू श्याम जी, हरमू रोड के लिए श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा संपन्न हुई। यात्रा प्रातः 8 बजे नेवरी स्थित दुर्गा मंदिर में ध्वजा पूजन के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में सर्वप्रथम रामगढ़ से आयी हुई मशहूर ताशा पार्टी मार्ग में लोगों को झुमा रही थी। यात्रा का विशेष आकर्षण रामलला की अद्भुत प्रतिमा लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कोलकाता से आए भजन गायक गणेश चौरसिया बाबा श्याम के प्रिय माह फाल्गुन के धमाल भजन सुनाकर ध्वजा धारियों को झुमा रहे थे।

251 ध्वजा धारी महिलाएं एवं पुरूष बाबा की धवजा अपने कांधे पर उठाकर नाचते झूमते हुए 17 किलोमीटर की इस यात्रा में शामिल हो कर अपने आप में बाबा की कृपा का अनुभव कर रहे थे। कार्यक्रम में संजय सर्राफ, गोपाल मुरारका, अशोक लडिया, मनोज खेतान, राजेश ढाढणिया, ललित पोद्दार, आनंद चौधरी, प्रमोद, संजय , रतन सिंघानिया, सूरज लोधा, प्रवीण सिंघानिया, विष्णु चौधरी, रोहित अग्रवाल, अमित शर्मा आदि थे।

# पांच दिवसीय रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रविवार को श्याममय हो गई। श्याम मित्र मंडल स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रातः 7:30 बजे श्री गणेश पूजन एवं ध्वज स्थापना के साथ महोत्सव शुरू हुआ। श्री खाटू नरेश का दिव्य पवन श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे फूलों से पूरा मंदिर परिसर मनमोहन छ्टा बिखेर रहा था।

यज्ञ हवन के यजमान तारा देवी कार्य का राजेश एवं प्रकाश कटारुका राजेश एवं प्रकाश कटारुका ने आचार्य रत्नाकर शर्मा के सानिध्य में अनुष्ठान कराया। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दिन के 11:00 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ नृत्य नाटिका संग का आयोजन शुरू हुआ। श्याम जगत के प्रसिद्ध पाठ वाचक चुरु राजस्थान के मेहुल शर्मा द्वारा पाठ एवं कोलकाता के मंदिरा सिंह डांस ग्रुप द्वारा नाटिका का भाव विभोर मनोहारी मंचन किया गया। संपूर्ण श्याम मंदिर अखंड ज्योति है अपार माया - श्याम देव की परबल छाया से गुंजायमान हुआ। ज्योति पाठ 8 घंटों तक चला। दोपहर का भोग प्रसाद विश्वनाथ नारसरिया एवं अधिवक्ता जिज्ञासा नारसरिया द्वारा अर्पित किया गया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मनोहारी नृत्य नाटिका से भाव विभोर हो गए। श्याम बाबा को छप्पन भोग सवामनी एवं महाभोग का प्रसाद अर्पित कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 20 मार्च को

### राजस्थान के राहुल सेन और हरियाणा की रितिका चावला के धमाल पर झूमेगे भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम संघ के तत्वाावधान में आगामी 20 मार्च को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के शुभ अवसर पर 301 श्याम भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। उत्सव के संयोजक आकाश शर्मा ने बताया की प्रातः 7 बजे निशान पूजन कर भक्तों द्वारा रंग बिरंगे निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी । निशान शोभायात्रा अपर बाजार श्री राधा वल्लव मंदिर से जे जे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट,दत्ता ब्रदर्स, ईस्ट मार्केट रोड़, लोहिया चौक, कार्ट सराय रोड़, बंशीधर अडुकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। रात्रि 7 बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। रोहतक हरियाणा की भजन गायिका रितिका चावला एवम झुंझुनू राजस्थान के राहुल सेन भक्तो को भजनों की गंगा में डुबकी लगाएंगे। बाबा के दरबार को भव्य रूप से सजाने का कार्य माली द्वारा किया जा रहा है । रंग भरी एकादशी के अवसर पर सभी भक्त बाबा श्याम के साथ गुलाल, अबीर एवं फूलों की होली खेलेंगे।

रात में बाबा श्याम को महाप्रसाद खीर, चूरमा का भोग लगाया जाएगा। महाआरती, प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। संस्था के संरक्षक विष्णु लोहिया एवम अध्यक्ष कमलेश संचेती ने सभी श्याम प्रेमियों को फाल्गुन उत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है।

## लोकसभा चुनाव में 69 मोस्ट वांटेड अपराधी झारखंड पुलिस के लिए बनी चुनौती

# मोस्ट वांटेड की तलाश, चुनाव में पड़ सकता है असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित किये जाने के बाद अब झारखंड में शांतिपूर्ण मतदान कराना पुलिस का लक्ष्य है। ऐसे में एक तरफ जहां नक्सलियों से निपटने की चुनौती होगी, तो वहीं दूसरी तरफ 69 ऐसे मोस्ट वांटेड अपराधी हैं, जो लोस चुनाव के दौरान पुलिस के लिये चुनौती बनकर खड़े हो सकते हैं।



**69 मोस्ट वांटेड अपराधी, जो पुलिस की पकड़ से हैं बाहर :** 69 मोस्ट वांटेड अपराधी, जो पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, उनमें प्रिंस खान, लखन सिंह, देव कुमार बिरूली, गुलशन बिरूली, मो. तबरेज, सिकन्दर जामुदा, राजू गगराई, गार्दी सोय, मंजित सिंह बारी, मार्कण्डेय सिंह कुटिया, सूरज सिंह, मो. अफरोज, अनवर अली, अरुण सिंह, आशा कच्छप, दिलीप उरांव, रोहित चंद, सूरज कोतवाल, मो. अफरोज, गौरव कुमार, महावीर यादव, शामिल हैं. इनके अलावा राजू यादव, रोमित कुमार, शिबू मिश्रा, किशोर मंडल, अंकित जोशी, कारू, मो. आरिफ, अनवर अंसारी, डब्लू शेख, उमेश कुमार दास, रोहित कुमार, मजहर अंसारी, दीप ग्वाला, संतोष पांडेय, भरत साह, अरशद अली, परेश मंडल, कमलेश सिंह, चंगेज खां, कैशव कुमार, शहदेव मंडल, इंदर मंडल, अशोक वर्मा, कर्मा उरांव, रिंकू दास, मनोज गिरी, राजू मुंडा, अजीत प्रधान, महावीर मंडल, मो. इमरान, अमित दास, महावीर रविदास, गुड्डू भुइयां, गणेश दास, रंजीत सिंह, रवि रितेश नाग, सहजद, लुकमान अंसारी, लाखो भुइयां, दीपक कुमार, दीप यादव, डब्लू सिंह, सोएब मिर्जा भी मोस्ट वांटेड अपराधी हैं।

**जेल में बंद रहने के बाद भी कई अपराधी हैं सक्रिय :** झारखंड पुलिस के लिए आठ मोस्ट एक्टिव अपराधी गिरोह चुनौती बने हुए हैं। इनमें अमन साहू, अमन श्रीवास्तव, प्रिंस खान, विकास तिवारी, सुजीत सिन्हा, अखिलेश सिंह, सुधीर दुबे और डब्लू सिंह के गिरोह शामिल हैं। डब्लू सिंह और प्रिंस खान को छोड़कर सभी गिरोह के सरगना जेल में बंद हैं. इसके बावजूद इन गिरोहों की सक्रियता कम नहीं हो रही है। सभी आठ मोस्ट एक्टिव अपराधी गिरोह झारखंड के रांची, पलामू, धनबाद, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार, जमशेदपुर और सरायकेला जिले में सक्रिय हैं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट करना सबसे बड़ा कार्य: डॉ ब्रजेश कुमार

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आरयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता रैली सह युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च को किया गया। इसकी अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने की। इस अवसर पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान करना सबसे बड़ा कार्य है। मतदान के माध्यम से अच्छी सरकार का चुनाव होता है। हमारे देश मे सबसे ज्यादा युवा मतदाता हैं। इनकी भागीदारी से ही मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवक जाति, धर्म, पंथ, भाषा, भेद भाव आदि से ऊपर उठकर योग्य व्यक्ति का चुनाव करने में अपना बहुमूल्य योगदान देकर विकसित भारत बनाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। युवा संवाद कार्यक्रम को एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एमलीन केरकेप्ता, अनुभव चक्रवर्ती, दिवाकर आनंद, सुरभि कुमारी, प्रियांशी कुमारी, कनिष, स्वरा, खुशबू, ने भी संबोधित किया।

मतदाता जागरुकता रैली का शुभारंभ आरयू के मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर से किया गया। यह अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, शहीद चौक, जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, चौक, नगर निगम, कचहरी चौक होते हुए पुनः आरयू के मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर में समाप्त हुआ। रैली के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवक मेरा वोट देश के लिए, चुनाव का पर्व, देश का गर्व, एनएसएस ने ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है, पहले मतदान, फिर जलपान, छोड़ कर अपने सारे काम, पहले करें अपना मतदान, वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम आदि नारे लगा रहे थे। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स अनिशा, कंचन, श्रुति, प्रेरणा, सुमित, ऋषि का योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, हड़कंप

**रातू।** पुलिस निरीक्षक शशिभुषण चौधरी ने रविवार को अवैद्य बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। जबकिए अन्य ट्रैक्टर व ट्रर्बो फरार हो गये। जब्त ट्रैक्टर चालकों से कागजात की मांग करने पर उपलब्ध नहीं करा सके। श्री चौधरी ने आरोपियों के खिलाफ अग्रेत्तर कार्रवाई के लिये जिले के खनन व परिवहन विभाग को सूचना दे दी है। वहींए जब्त तीनों ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नंबर भी अंकित नही है। पुलिस की इस कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, नहीं धराये हत्यारे

**बेड़ो।** बेड़ो बस्ती निवासी शंकर कच्छप की हत्या के मामले में 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। अभी तक पुलिस हत्यारे को नहीं पकड़ पाई है। जबकि पुलिस ने घटना के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया है। पुलिस का दावा है कि उसे घटना के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे हैं। ज्ञात हो कि 14 मार्च की शाम को थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के समीप अज्ञात अपराधियों द्वारा शंकर कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इधर ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे लोग पुलिस के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। इधर पुलिस कहना है कि पुलिस को घटना के संबंध में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही घटना का उद्भेदन किया जाएगा।

## इटकी में भाजपा मंडल की बैठक

**इटकी।** भाजपा इटकी मंडल की एक बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा इटकी मंडल संचालन समिति का गठन किया गया। समिति का संयोजक बीसु उरांव को बनाया गया है। जबकि निरंजन कुमार को कार्यालय प्रभारी मुन्ना कुजूर को मीडिया प्रभारी पूनम देवी को महिला प्रभारी श्रवण गोप को युवा प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावे वाहन प्रभारी बुद्धिजीवी प्रभारी अनुसूचित जाति प्रभारी अल्पसंख्यक प्रभारी अनुसूचित जनजाति प्रभारी व बूथ गिनती प्रभारी बनाए गए हैं। समिति का गठन प्रभारी शिवनाथ तिग्गा के देखरेख में किया गया। मौके पर मंडल के सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष सहित अन्य शामिल थे।

## डकरा में 20 को सरहुल मनाने का निर्णय

**खलारी।** एन के एरिया डकरा सरना समिति की बैठक उत्तरी पंचायत सचिवालय के डी एच में विगन सिंह भोगता की अध्यक्षता व मंच संचलन रंथू उरांव ने किया। बैठक में 20 अप्रैल दिन शनिवार को सरहुल पुजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सरहुल पुजा को सफल बनाने के लिए सभी सरना प्रेमियों और कोयलांचल वासियों से सरना समीति एन के एरिया डकरा सहयोग करने की आग्रह किया गया। बैठक में अमृत भोगता राम लखन गंझू नरेश गंझू श्री मती इंदिरा देवी देवपाल मुन्डा कन्हाई पासी लालचंद विश्वकर्मा राजेन्द्र उरांव प्रभाकर गंझू अमीत लकड़ा अमर भोगता रंजित गंझू खेम लाल तुरी अशोक उरांव बबलू उरांव सुकरा उरांव रमेश तुरी सुनिल मुंडा मनोज मुंडा कमलेश उरांव सोनू उरांव आदि मौजूद थे।

# मुड़हर पहाड़ बचाओ समिति ने निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिठोरिया।** मुड़हर पहाड़ बचाओ समिति के द्वारा रविवार को चुनाव आचार संहिता लागू रहने के बावजूद मुड़हर बचाओ महारैली एवं मुड़हर पहाड़ से प्रांगण में सभा का आयोजन की इसका नेतृत्व लक्ष्मी नारायण मुंडा ने की। महाराज मदरा मुंडा मुड़हर पहाड़ मरंग बुरू विकास समितिए सुतियांबे गढ़ए पिठोरिया काँके रांची के सदस्यों ने प्रशासन का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। रैली में आए हुए लोगों के द्वारा बोर्ड पर लिखा हुआए पहानों एवं ग्राम प्रधानों का नाम एवं मोबाइल नंबर को मिटा दिया गया तथा बारबार पहाड़ के ऊपर चढ़ने का प्रयास एवं झंडा उखाड़ने का बात कर रहे थे, परंतु प्रशासन के प्रयास से रैली में आए हुए लोगों को ऊपर चढ़ने नहीं दिया गया। महाराज मदरा मुंडा मुड़हर पहाड़ मरंगबुरू विकास समिति के सदस्यों के द्वारा शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को आवेदन देकर मुड़हर पहाड़ मरंग बुरू को गोद लेने एवं पर्यटन स्थल के रूप में सौंदर्य करण करने हेतु आग्रह करेंगे सौंदर्य कारण होने से पर्यटकों के आने पर यहां के स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की भी प्राप्ति होगी। साथ साथ मुड़हर पहाड़ मरंगबुरू के अलावे 44 धार्मिक स्थलों की मापी नापी हेतु आवेदन अपर समाहर्ता उप समाहर्ता एवं काँके अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर जमीन का सीमांकन किया जाएगाए बताते चले की पूर्व में भी कई बार सीमांकन हेतु आवेदन दिया जा चुका है परंतु आज तक सीमांकन नहीं हो पाया है प्रखंड से कर्मचारी आकर और लौट जाते हैं। समिति के सदस्यों के द्वारा कई पूजा स्थलों का खतियान भी निकाला जा चुका है। महाराजा मदरा मुंडा मुडहर पहाड़ मरंगबुरू विकास समिति के संरक्षक पहलवान मुंडा ने कहा है कि मुंडा समाजध् आदिवासी समाज में बलि प्रथा का प्रचलन है तथा रूढि प्रथा के रिवाज से पूजा पाठ किया जाता हैए बिना बलि दिए कोई भी पूजा पाठ एधार्मिक कार्यक्रम सफल नहीं होता है तथा बलि देने के उपरांत ही कोई शुभ कार्य शुरू किया जाता है । मुंडा समाज में कोई प्रार्थना सभा का प्रचलन नहीं है साथ ही साथ कोई धर्म गुरु एवं धर्म बहन नहीं होता है। सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत समाज में पहानए महतोएपईनभोराए मुंडा एवं कोटवार को ऊंचा स्थान दिया गया है। समाज में धर्मगुरु एवं धर्म बहन होने के कारण पहानए महतोए कोटवार एपईनभोरा एवं मुंडा का अस्तित्व खत्म होते जा रहा है आने वाले दिनों में अगर यदि प्रार्थना सभा धर्मगुरु धर्म बहन को रोका नहीं गया तो कहीं पर भी पहान ए महतोए कोटवार वगैरा का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और इन लोगों के स्थान पर धर्मगुरु और धर्म बहन के द्वारा समाज में प्रथा चलाई जाएगी और कहीं कही समाज में यह शुरू भी हो गई है एपहनों को पूछना भी बंद कर दिया गया है।

### मुड़हर पहाड़ का होगा सर्वांगीण विकास

ग्राम सभा को और सशक्त बनाकर आने वाले दिनों में मुड़हर पहाड़ मरंग बुरू का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। बाहर से आकर के यहां नेतागिरी और राजनीति नहीं चलेगी और कोई भी पार्टी पॉलिटिशियन नहीं चलेगी जो ग्राम सभा में सर्व समिति से निर्णय होगा वही निर्णय सर्व मान्य होगा।



## ओरमांझी में गांजा बेचते एक धराया

**ओरमांझी।** गुप्त सूचना पर कार्रवायी करते हुए ओरमांझी थाना पुलिस ने क्षेत्र के डहु बस्ती से गांजा ब्रिकी करते एक व्यक्ति को धर दबोचा है। रविवार को सुबह 11 बजे के करीब जब पुलिस डहु निवासी हरिषचंद्र तिवारी के घर पहुंची, उसका बेटा भुषण तिवारी एक युवक को गांजे की पुड़िया दे रहा था। तलासी लेने पर उसके पास से लगभग दो ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि वह पान दुकान चलाता है और ग्राहक को घर से गांजा देता है। पुलिस द्वारा धराए व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का होली मिलन 22 को

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक अंबेडकर पार्क डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता व संचालन सचिव जगरनाथ महतो ने किया। बैठक में रैयत विस्थापित की समस्याए मोर्चा की मजबूतीए होली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। निर्णय हुआ कि धमधमिया तुमांग में 22 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# तीन मंदिरों की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कांड का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के उमेदंडा में 11 मार्च को तीन मंदिरों में हुए प्रतिमा क्षतिग्रस्त मामले का उद्भेदन करते हुए बुढ़मू पुलिस ने घटना के पांच दिनों बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी युवक का नाम गंदुरा गंझू 42 वर्ष और वह मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहू गांव का रहने वाला है। पुलिस के समक्ष अपना बयान देते हुए उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद आज उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इधर आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

### पैसे की लालच में दिया घटना को अंजाम

आरोपी युवक गंदूरा शुरू से ही असामाजिक प्रवृति का होने के कारण उसके परिजन भी उससे काफी परेशान रहते थे। मंदिरों से पैसे चुराने, पैसा चुनने जैसी आदत उसकी शुरू से ही है। गंजा व शराब का आदी होकर गंदुरा मंदिर मंदिर घूमकर मंदिरो में चढ़ाए पैसे चुनना व पैसे चुराने की प्रवृति ने ही आज उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। और 11 मार्च को भी उसने गंजा के नशे में पैसा चुनने के मकसद से उमेदंडा मंदिर पहुंचा, परंतु पैसा नही मिलने से अक्रोशित गंदुरा भगवान पर ही अपनी भड़ास निकालते हुए एक एक कर तीन मंदिर के प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर चलते बना। जहां मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर क्षेत्र में तनाव उत्पन हो गया था और लोगों आठ घंटे तक बुढ़मू रांची मुख्य पथ को जाम कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे।

## मांडर : सड़क हादसे में चाचा-भतीजा घायल

**मांडर।** मांडर-बुढ़मू मुख्यपथ स्थित चटवल मोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में चाचा भतीजा घायल हो गए। घटना रविवार शाम पांच बजे की है। बताया जाता है चान्हो के सोपारम टंगरा टोली निवासी 65 वर्षीय सोमरा उरांव व 30 वर्षीय बिगुल उरांव मांडर साप्ताहिक बजार से बाइक में सवार होकर दोनो चाचा भतीजा अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी तेज गति से बुढ़मू की ओर से आ रहे बोलेरो ने बाइक के अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को रेफरल हॉस्पिटल पहुंचायाए जहां उनका उपचार हुआ।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कामगार पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** केडीएच परियोजना के कारगिल पिट ऑफिस मे उत्पादन माह पर कामगारों को उत्साह बढाने के उद्देश्य से मार्च माह मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस कामगारों को उपहार देकर केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान परियोजना में कार्यरत शावेल मशीन ऑपरेटर मनोज गंझू को प्रथम पुरस्कार द्वितीय में बाबू सांव पेलोडर से प्रथम जगजीवन सतनामी द्वितीय मनोज विश्वकर्मा डम्फर में प्रथम रामचरण सतनामी द्वितीय तेतरा मुंडा ड्रिल मशीन से प्रथम बिरसा मुंडा द्वितीय सुरज भुईयां डोजर से प्रथम सोहराई महतो द्वितीय मनोज चौहान को पीओ ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर यूसीडब्ल्यू के यूनियन नेता दिनेश भर खान प्रबंधक राघवेंद्र गांधी सेफ्टी ओफिसर पी बेहरा फिल्ड इंचार्ज आलोक कुमार शामिल थे।

## बेड़ो : ऑटो-कार की भिड़ंत में पांच घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पोकलो ढोड़हा के समीप रविवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे सवारी ऑटो और कार की भिड़ंत में ऑटो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 70 वर्षीय बिरसा उरांव 52 वर्षीय जयंती देवीए 50 वर्षीय रतनी टोप्पोए 21 वर्षीय सृष्टि मिंज व 8 वर्षीय हर्ष प्रीतम सभी बेड़ो निवासी है। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मां बेटा रतनी टोप्पो व हर्ष प्रीतम को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल जयंती देवी ने बताया कि वे लोग जहानाबाज गांव से अपने घर बेड़ो आ रहे थे। तभी कार ने ऑटो में टक्कर मार दी।



# इटकी में रमजान किट का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




**इटकी।** ह्यूमन राइट्स काउंसिल के तत्वावधान में रविवार को इटकी मौसीबाड़ी में रमजान किट का वितरण किया गया। ह्यूमन राइट्स काउंसिल के नेशनल डायरेक्टर आरिफ राजा और पीजीएचआरएफ के चेयरमैन डॉ नासिर बट्ट ने करीब 150 गरीब जरूरतमंदों के बीच रमजान किट का वितरण किया। रमजान किट में चना, दाल, चीनी, तेल, अरवा चावल, खजूर, आलू और प्याज सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। मौके पर आरिफ रजा ने कहा कि पवित्र माह रमजान में जरूरतमंदों का मदद करना पुण्य का काम है। हम सभी को ऐसे जरूरतमंद लोगों को जरूर मदद करना चाहिये। मौके पर फैजान अहमदए सऊद आलमए सैफुल्ला अतहरए मेराज आलमए साहिल राजा सहित अन्य मौजूद थे।

## मृतक के परिजनों से मिले सन्नी टोप्पो

**बेड़ो।** लोहरदगा लोक सभा के सह संयोजक सह भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने रविवार को मृतक शंकर कच्छप के स्वजनों से मिले। ज्ञात हो कि बेड़ो निवासी शंकर कच्छप को गुरुवार की शाम में बेड़ो सब्जी मंडी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद सन्नी टोप्पो ने मृतक की मां एतवारी कच्छप पत्नी रिया कच्छप बेटा अनीश कच्छप व स्वजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और स्वजनों को ढांढस बंधाया।

# मैक्लुस्कीगंज आरएसएस कार्यालय में होली मिलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज स्तिथ राष्ट्र स्वयं सेवक संघ कार्यालय शंकर निकेतन ;राष्ट्र संवर्धन समितिद्ध में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आरएसएस के होली मिलन समारोह में संघ के द्वारा चलाये जा रहे संस्कार केंद्र के बच्चों को बुलाकार वरिष्ठ स्वयं सेवकों व गणमान्य लोगों के साथ होली ने मनाया गया। मिलन समारोह में आरएसएस के कार्यकताओं के द्वारा झाल मजीरा के ताल पर पारंपरिक होली गीत का आनंद उठाया गया। इस दौरान सभी को अबीर गुलाल एक दुसरो को लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएसएस के शंकर निकेतन प्रकल्प प्रमुख पशुपति नाथएसामाजिक समरसता प्रमुख उदय यादवए जिला समन्वयक प्रमुख अवधेश रायए खंड कार्यवाह भोला चौहानएजिला घोष प्रमुख सूरज कुमारएस्वयं सेवक सुशील अग्रवाल मौजूद थे।

समारोह को संबोधित करते हुए पशुपति नाथ ने कहा कि प्रेम और सौहार्द की अवधारणा को मजबूत बनाती है होली। होली सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ ही सामाजिक ताने बाने को मजबूत बनाने का त्योहार है। होली पर सभी को बुराइयों से दूर करने व रहने का संकल्प लेना चाहिए।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थापना दिवस पर निकली कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** कुंदी गांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का रविवार को 19वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू हुआ। पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा-अर्चना की गयी। मंदिर प्रांगण से निकले कलश यात्रा में महिलाएं माथे पर कलश रखकर गांव के किनारे स्थित नदी पहुंची वहां कलश में जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। कीर्तन में कुंदी, हरही, मोरो, इटकी, मकूंदा, चिपरा सहित आसपास की कीर्तन मंडलियां भाग ले रही है। कार्यक्रम में किशोर गोप, जगदीश गोप, मोहित गोप, शिवनाथ गोप, बंधन गोप, बासु गोप, अशोक गोप, दिलीप, रवि, दीपू सहित अन्य शामिल थे।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.—डी.एल.—अ.—14032024—252971
CG-DL-E-14032024-252971

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप—खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1236] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 12, 2024/फाल्गुन 22, 1945
No. 1236] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 12, 2024/PHALGUNA 22, 1945

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 12 मार्च, 2024**

**का. आ. 1298(अ)** — केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप—धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले के गाँव— बेस, बेंदी, उदयपुर, चीची, तालुक—कटकमदाग और गाँव— सरबाहा, बासाडीह, मुकरु, कारुखाप, तालुक—चुरचू और गाँव— सेनेगढ़ा, कोदवे, होन्हेमोढ़ा 28, चैनपुर, तालुक—डाडी में भारतमाला परियोजना चरण II (लॉट—9 पैकेज—3) के तहत वाराणसी से कोलकाता तक 4/6 लेन (ग्रीन फील्ड) एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे का निर्माण (उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल राज्य) पीआईयू रामगढ़ के कि.मी. 268.700 से कि.मी. 314.200 तक के भू—खण्ड के निर्माण (4—लेन/6—लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप—धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू अर्जन प्राधिकारी हजारीबाग को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप—धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले के गाँव— बेस, बेंदी, उदयपुर, चीची ,तालुक—कटकमदाग और गाँव— सरबाहा, बासाडीह, मुकरु, कारुखाप ,तालुक—चुरचू और गाँव— सेनेगढ़ा, कोदवे, होन्हेमोढ़ा 28, चैनपुर, तालुक—डाडी में भारतमाला परियोजना चरण।। (लॉट—9 पैकेज—3) के तहत वाराणसी से कोलकाता तक 4/6 लेन (ग्रीन फील्ड) एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे का निर्माण (उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल राज्य) पीआईयू रामगढ के अंतर्गत के कि.मी. 268.700 से कि.मी. 314.200 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

1845 GI/2024

[फा. सं. : NHAI/PD/PIU-HZB/Expressway/3A]

प्रकाशन तिथि : 12.03.2024
https://egazette.gov.in
https://egazette.gov.in/(S(m3ljjgflu0b4uzob25sramp5))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showfile.cshtml?TAB=bGFfVGhyZWVBX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2lk&fkid=Njc3MjE=&EncHid=898732154&type_id=1

# भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच फाउंडेशन का होली मिलन

### भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। युवा ब्रह्मषि धुर्वा बस स्टैंड गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वह काफी उत्साहित दिखे। लोगों ने एक दूसरे को अबीर.गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसके उपरांतए भाईचारे के साथ इस सामाजिक पर्व को मनाने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय एकल अभियान प्रमुख डॉ ललन शर्मा ने होली की शुभकामनाएं दी और समाज में आत्मविश्वास व आत्मसम्मान के लिये एकजुटता पर जोर दिया। संचालन ब्रजेश शर्मा ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

अजय सिंह, अरविंद कुमार, विनोद सिंह, परमानंद सिंह, रामकुमार, द्वारिका सिंह, संतोष कुमार, अनिल सिंह, सुजाता, अरुण, विक्रम, सुजीत, आंचल तिवारी, यशवंत पांडेय, पिंकी, रणजीत, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, बादल, केदार सिंह, नित्यानंद, रवि सिंह, रिंकू शुक्ला, सम्राट चौधरी, नवल शर्मा, धनंजय सिंह, अश्वनी अनुराग, राघवेंद्र, सौरभ सिंह, विराट, सुप्रिया सिंह, अभय व प्रिंस सिंह आदि।

### गीत-संगीत पर झूम उठे लोग

बबलू पांडेय, सुबोध सिंह गुड्डू, मूनचुन राय, संजीत सिंह गुड्डू, डॉ अभिषेक रामघीन, मृत्युंजय शर्मा, अमित कुमार, प्रो संजय सिंह, अशोक प्रधान, रिटायर्ड जज कृष्ण कुमार व आशा शर्मा ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व एदलहातू से आये कलाकारों ने श्रोताओं का जमकर मनोरंजन किया। फगुआ गीत-संगीत पर लोग झूम उठे।

# बॉन्ड बना मसला

**पां**च सदस्यीय खंड पीठ की अगुवाई करने वाले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बैंक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कोर्ट को आदेश दिये 26 दिन हो गए हैं, इस समय में डाटा मिलान के लिये बैंक ने क्या काम किया? कोर्ट में आवेदन करने के दौरान छब्बीस दिन के काम का उल्लेख होना चाहिए था। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चंदे की गोपनीयता को असंवैधानिक करार दिया था तथा इस बाबत सारी जानकारी पब्लिक डोमेन में लाने की बात कही थी। दरअसल, इस बाबत जानकारी देने के लिये बैंक द्वारा तीस जून तक समय मांगने पर मामले की पैरवी करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल व प्रशांत भूषण ने इसे न्यायालय की अवमानना कहा था। वहीं चुनाव सुधार के लिये सक्रिय एडीआर ने एसबीआई को और अधिक समय देने की मांग करने वाली याचिका के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी। दरअसल, बैंक दलील देता रहा है कि हमें पूरी प्रक्रिया को रिवर्स करने में दिक्कत आ रही है, क्योंकि बैंक को बॉन्ड नंबर पर और बैंकिंग सिस्टम में खरीददारों के नाम न रखने के निर्देश थे। इस बाबत शीर्ष अदालत का कहना था कि बॉन्ड खरीदने वाले को केवाईसी की जानकारी देनी होती थी, अतः बैंक के पास बॉन्ड खरीदने वाले की जानकारी तो होनी चाहिए। दरअसल, विपक्षी दल केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए बैंक पर राजनीतिक दबाव के आरोप लगाते रहे हैं। यही वजह है कि बैंक चुनाव से पहले जानकारी सार्वजनिक करने से बचता रहा है। फिलहाल, कोर्ट के आदेश केंद्र को असहज करने वाले हैं क्योंकि चुनावी बॉन्ड का सबसे ज्यादा लाभ सत्तारूढ़ दल को ही मिला है। बहरहाल, कोर्ट ने दो टूक शब्दों में बैंक से कहा कि उसे कोर्ट का पहले दिया हुआ आदेश मानना ही होगा। निश्चित ही यह स्वच्छ चुनाव की ओर बड़ा कदम है।

# सड़कों से आय


**कें**द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे एक्सप्रेसवे के 2023 में परिचालन में आने की उम्मीद है। गडकरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सोने की खान करार दिया। अगले पांच साल में एनएचएआई की सालाना टोल आय बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगी। अभी यह 40,000 करोड़ रुपये के स्तर पर है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अलावा चार राज्यों से होकर गुजरेगा। एक बार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे परिचालन में आने और जनता के लिए खोले जाने के बाद केंद्र को हर महीने 1,000 से 1,500 करोड़ रुपये का पथकर राजस्व देगा। इसके 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसका निर्माण भारतमाला परियोजना के पहले चरण के तहत किया जा रहा है। आठ लेन का यह एक्सप्रेसवे दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात से होकर जाएगा। इन चिंताओं के बीच कि एनएचएआई के ऊपर काफी ऊंचा कर्ज का बोझ है, गडकरी ने कहा कि नोडल एजेंसी को ट्रिपल ए की रेटिंग मिली और उसकी सभी सड़क परियोजनाएं उत्पादक हैं। उन्होंने कहा कि एनएचएआई कर्ज के जाल में नहीं है। यह एक सोने की खान है। अगले पांच साल में एनएचएआई की टोल आय सालाना 1.40 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगी। यह अभी 40,000 करोड़ रुपये है। मार्च में विभाग से संबंधित परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसद की स्थायी समिति ने एनएचएआई पर 97,115 करोड़ रुपये की कर देनदारी को लेकर चिंता जताई थी। हाल में मंत्री ने राज्यसभा को बताया था कि एनएचएआई का कुल कर्ज इस साल मार्च के अंत तक बढ़कर 3,06,704 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह मार्च, 2017 के अंत तक 74,742 करोड़ रुपये था।

# एक साथ चुनाव: सकारात्मक पहल

**हाल ही में** एक साथ चुनाव कराने को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। क्योंकि बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है।

वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व कदम है। केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठा कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मोहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया





-सुरश हिन्दुस्तानी

> एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

है। यही राष्ट्रीय सोच होना चाहिए। अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा।

एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए।

केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देशहित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरतापूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं है, क्योंकि दुनिया के कई देशों ने इस प्रकार की नीतियां बनाई हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रूप से आगे बढ़ते जा रहे हैं। जब ऐसा विदेशों में हो रहा है और भारत में भी ऐसा होता रहा है, तब अब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता। भारत में ऐसा होना ही चाहिए।

देश में लम्बे समय से एक मानसिकता बन गई थी कि भारत से समस्याओं का निदान संभव ही नहीं है। उस समय सरकारों के संकल्प में कमी दिखाई देती थी। सरकारें हमेशा इसी उधेड़बुन में लगी रहती थी कि हमारी सरकार कैसे बचे या हमारी सरकार कैसे फिर से बने। इसी कारण कई निर्णय ऐसे भी किए जाते रहे हैं, जिससे देश की विकास की गति बाधित होती गई और स्वतंत्रता के बाद देश को जिस रास्ते पर जाना चाहिए था, उस रास्ते पर न जाकर केवल स्वार्थी राजनीति के रास्ते पर चला गया। जिसके कारण देश ने अनेक उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। वर्तमान की कई समस्याएं अपने देश की सरकारों की ही देन हैं। सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के बजाय देशहित के काम किए होते तो संभवतः देश में इतनी विकराल स्थिति पैदा नहीं होती।

मोदी सरकार ने देश की स्थिति को सुधारने के लिए कई अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। एक साथ चुनाव की प्रक्रिया भी उसी कड़ी का हिस्सा कहा जा सकता है। लेकिन जनता निश्चित रूप से इसे सही कदम मानकर इसका समर्थन करेगी।

## खास बात

# सड़क दुर्घटना

**सुधांशु कुमार**

**राष्ट्रीय** अपराध आंकड़ा ब्यूरो (एनसीआरबी) डाटा के मुताबिक वर्ष 2021 में लगभग 1 लाख 55 व्यक्तियों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। जाहिर है, जख्मियों की संख्या अधिक यानी 3 लाख 71 हजार रही, जबकि कुल सड़क दुर्घटनाओं की गिनती 4 लाख से ऊपर है।

यही सही समय है जब हम सड़क सुरक्षा को महज कानून-व्यवस्था का मामला समझना बंद करें। यह एक विकास और स्वास्थ्य संबंधी विषय है। संयुक्त राष्ट्र आमसभा ने पिछले साल मौजूदा दशक को वैश्विक सड़क सुरक्षा दशक मनाने की घोषणा की है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हादसों में मौतों की भारी संख्या और अपंगता के मद्देनजर सड़क सुरक्षा को मुख्य स्वास्थ्य चिंता वर्ग में रखा है। किसी भी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तरह, इस व्याधि के जोखिम अवयवों की शिनाख्त और निदान करके निपटा जा सकता है। इनमें, खराब इंजीनियरिंग से बनी सड़कें, घटिया रखरखाव और परिचालन स्थितियां, नियम लागू करवाने में उदासीनता (लेन-ड्राइविंग, गति-सीमा, नशा करके वाहन चलाना, सीट-बेल्ट और हेलमेट का अनिवार्य उपयोग इत्यादि) और समय रहते जीवनरक्षक आपातकालीन उपचार मिलना भी शामिल है। पिछले कुछ दशकों में सड़क जाल में बहुत विस्तार हुआ है उच्चमार्ग, एक्सप्रेस-वे इत्यादि साथ ही अंतरनगरीय मार्गतंत्र जैसे कि पुल, फ्लाईओवर, सर्विस लेन वगैरह बहुत बने हैं। लेकिन सड़क सुरक्षा उपायों की रफ्तार मार्ग-विस्तार की चाल से कदमताल नहीं कर पाई। मसलन, आवागमन समय में कटौती करने हेतु कारों-ट्रकों की आवाजाही तेज बनाने को, कई जगहों पर मुख्य मार्ग में विलय होने वाली सड़कों की संख्या सीमित करते हुए एक्सप्रेस-वे बनाए गए हैं। हालांकि इन पर रफ्तार की ऊपरी सीमा तय है लेकिन लोगबाग कहीं अधिक तेज चलाते हैं, लिहाजा दुर्घटना का मौका ज्यादा बनता है। डाटा बताता है कि भारत में एक्सप्रेस-वे दुर्घटना दर शेष राष्ट्रीय और राज्य मार्ग औसत से अधिक है। नोएडा और आगरा को जोड़ने वाला 155 कि.मी. लंबा यमुना एक्सप्रेस-वे एक उदाहरण है।

# मन और बुद्धि

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**विश्वरथ** समाधि की उच्च अवस्था में पहुंच गये। वो सैकड़ों की संख्या में लोगों को समाधि लगवा देते। अब तो चारों दिशाओं में शोर हो गया कि विश्वरथ को समाधि की अवस्था प्राप्त हो गयी है। वे ब्रम्हार्षि हैं। लेकिन जब यह चर्चा महर्षि वशिष्ठ तक पहुंचती तब वे कहते की विश्वरथ महर्षि नहीं है। यह बात जानकर विश्वरथ को दुख होता वे सोचते की पूरी दुनिया मुझे ब्रम्हर्षि मानती है तब महर्षि वशिष्ठ हमें व्रम्हार्षि क्यों नहीं मानते। इस बात से विश्वरथ क्रोध से भर गये और तय किया कि वे महर्षि वशिष्ठ की प्राण ले लेंगे। इसी उदेश्य से वे महर्षि वशिष्ठ के कुटिया में पहुंचे। उस समय महर्षि वशिष्ठ और उनकी पत्नी अरूंधति के बीच बात-चीत हो रही थी। अरूंधति ने पूछा आप उन्हें ब्रम्हर्षि क्यों नहीं मानते जबकि पूरा संसार मानता है। उन्होंने कठोर तप किया। वशिष्ठ बोले उनके जैसा महापुरुष दूसरा कोई नहीं है लेकिन उनको यह भ्रम हो गया है कि समाधि लगा लेने से ब्रम्हज्ञान हो जायेगा।

समाधि में दुनिया है ही नहीं केवल आत्मा है। वहां मन, बुद्धि और चित कुछ नहीं है। ज्ञान तो उस स्थिति में है जिस स्थिति में अज्ञान है। अज्ञान तो हृदय में है। दुनिया में चित लगाने से अज्ञान उपजा है।जब समाधि में न चित है न दुनिया है तो अज्ञान का निराकरण कैसे होगा?समाधि का अनुभव समाधि हटते ही लुप्त हो जाता है। ज्योंही वह दुनिया को देखेगा उसका सोया हुआ मन- बुद्धि सक्रिय हो जायेगा। वह अहंकार से वशीभूत हो जायेगा।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

क्रियाओं व अभिव्यक्ति के फल प्रकृति द्वारा निश्चित ही प्राप्त होते हैं।ब्रह्मांड में भेजा गया कोई भी विचार या कर्म कई गुणा होकर वापस आता है - अच्छा व बुरा जैसे एक बीज के बोने पर प्रकृति द्वारा कई गुणा होकर प्राप्त होता है अतः शुभ कर्म करते रहें ।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट

हर श्रमिक को ई-श्रम पोर्टल के जरिए सामजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जा रहा है।1 वर्ष में ही 400 अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत 27 करोड़ श्रमिक पोर्टल से जुड़ चुके हैं। इसका लाभ कंस्ट्रक्शन श्रमिकों, प्रवासी मजदूरों को हो रहा है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**






कंकर-कंकर मेरा शंकर,
मैं लहर-लहर अविनाशी हूँ,
मैं काशी हूँ-मैं काशी हूँ-मैं काशी हूँ..।

**– कुमार विश्वास कवि**

# महंगाई से समाज का सबसे निचला तबका परेशान



**नागेन्द्र सिह**

**अब** तक लोगों के जीवन से जुड़े ये खाद्यान्न आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में थे और कोई भी व्यापारी या कंपनी इनकी जमाखोरी और कालाबाजारी नहीं कर सकता था। लोक सभा में वित्त मंत्री के जबाव से 18 करोड़ परिवार की समस्या हल नहीं होगी। कृषि क्षेत्र में बेहतरी के दावे के साथ सरकार ने जो तीन नई कानूनी व्यवस्था की है, आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक उसमें एक है। विधेयक को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई। अब कानून के रूप में लागू होने के बाद आलू, प्याज, अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेल आवश्यक वस्तुओं की सूची से बाहर हो जाएंगे और इनके भंडारण पर लगी रोक हट जाएगी। इस मसले पर विपक्षी दलों और किसानों की तमाम आपत्तियों के बरक्स सरकार का मानना है कि नए प्रावधानों से उत्पादन, उत्पादों को जमा करने, आवागमन, वितरण और आपूर्ति की स्वतंत्रता से बड़े स्तर पर अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा और कृषि क्षेत्र में निजी और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित होगा।गौरतलब है कि अब तक लोगों के जीवन से जुड़े ये खाद्यान्न आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में थे और कोई भी व्यापारी या कंपनी इनकी जमाखोरी और कालाबाजारी नहीं कर सकता था। अगर कभी भंडारण या जमाखोरी की शिकायत आती थी तब संबंधित महकमों की ओर छापे की कार्रवाई की जाती थी और इस तरह बाजार में कम से कम वैसी वस्तुओं

## सामयिक

की कीमतें नियंत्रित रहती थीं, जो लोगों के जिंदा रहने के लिए जरूरी हैं। यानी इन वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित रखना और आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी थी। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि अब अनाज, दलहन, तिहलन, आलू और प्याज जैसी चीजों को आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी से बाहर कर देने का आधार क्या है! सरकार की दलील है कि सन 1955 में जब भंडारण पर रोक का कानून बना था तब कुल उपज बहुत कम थी। लेकिन सच यह है कि तब आबादी भी आज के मुकाबले काफी कम थी। आज हालत यह है कि रोजमर्रा के इस्तेमाल की बहुत सारी जरूरी चीजों की ऊंची कीमतों की वजह से आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी न्यूनतम जरूरतों को ही पूरा करने की कोशिश में जीता है।


ऐसे में खाने-पीने की सबसे जरूरी चीजों को ही आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी से बाहर कर दिए जाने का फैसला किसके हित में है? मौजूदा समय में आलू सहित खाने-पीने की सभी चीजों की कीमतें जिस तरह गरीब तबकों की पहुंच के बाहर होती जा रही हैं, उसमें इन वस्तुओं के भंडारण की आजादी के बाद खुले बाजार में क्या स्थितियां पैदा होंगी! इससे बड़े पूंजीपतियों का बेलगाम मुनाफा तो सुनिश्चित हो जाएगा, लेकिन किसानों और आम ग्राहकों की क्या हालत होगी? यह दलील दी जाती है कि खुले बाजार में प्रतिद्वंद्विता से कीमतें काबू में रहती हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भी यही कहा था।

लेकिन आज देखा जा सकता है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें किस कदर मध्यवर्ग के भी पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। महामारी और पूर्णबंदी के असर में पहले ही करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं, एक बड़ी आबादी की आय या तो काफी घट गई है या फिर रुक गई है। ऐसे में बाजार में खाने-पीने की सबसे जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी अगर बेलगाम हो गईं तो उसके असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

गेंहू और चावल के मूल्य आसमान छुयेंगे क्योंकि उनका उत्पादन काफी कम हुआ है और देश से बाहर निर्यात भी कर दिया गया है। अब टूटे चावल पर निर्यात की रोक से कुछ नहीं होने वाला है।

## कॉटून वर्ल्ड

### ग्लोबल वार्मिंग



## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-राजेश चौहान, जमशेदपुर**

### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**- सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# शिक्षा, ज्ञान और नैतिकता

**गिरीश्वर मिश्र**

**आज** विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। ज्ञान का विस्फोट हो रहा। इस युग की मान्यता है कि ज्ञान अपने आप में सेकुलर (यानी निर्दोष!) होता है और उसका किसी तरह के मानवीय मूल्य से कुछ लेना-देना नहीं होता है। वह सबकुछ से परे अर्थात निरपेक्ष-निष्पक्ष होता है। आज विज्ञान की साखी के साथ (सफेद कोट से सजे) विज्ञापनों की धूम मच रही है। कभी ज्ञान को शक्ति का महान स्रोत घोषित किया गया (नोलेज इज पावर!)। वह छवि आज भी विद्यमान है। विद्या के परिसरों में भी मानविकी (ह्यूमेनिटीज), विज्ञान (साइंस) और प्रौद्योगिकी (टेक्नोलोजी) के आगे बेहद फीकी पड़ रही है। आज दुनिया में दो घोषित युद्ध चल रहे हैं जिनके आयोजन में विकसित दुनिया के बड़े-बड़े देश शामिल हैं। इन युद्धों में जीवन और सम्पदा की हो रही भीषण तबाही का भयानक मंजर सभी देख रहे हैं। यह तब हो रहा है जब दुनिया विश्वयुद्ध में बड़े पैमाने हो चुके संहार की साक्षी रही है । इस तरह के घटना-चक्र के पीछे की ज्ञान-दृष्टि बेमानी सिद्ध हो रही है। किंतु प्रबल उपभोग वृत्ति के आकर्षण और बाजार पर अधिकाधिक प्रभुत्व स्थापित करने के तीव्र दुराग्रह के बीच हमें कुछ भी दिख नहीं है। आज पृथ्वीसमेत पूरी प्रकृति और सारी मनुष्यता के भविष्य पर भीषण खतरा मंडराता

## सामयिक

दिख रहा है। हमारी वैज्ञानिक ज्ञान-दृष्टि की एक सीमा यह भी उभर रही है कि हम इस स्थिति में निरुपाय और विवश बने रहने के लिए अभिशप्त हो चले हैं। इस दृष्टि से अभिभूत हम सब प्रगति, विकास और उन्नति के प्रलोभन से ग्रस्त हो कर घोर अनैतिकता और अमानवीयता को नजर अन्दाज करते जा रहे हैं। सूचना और परौद्योगिकी के अतिरेक वाले आज के विस्मय भरे दौर में ज्ञान की भूमिका अनधिकृत रूप से वर्चस्व, शोषण और दूसरों को पराभूत करने वाली शक्ति की होती जा रही है। अतिविकसित कहलाने वाले अधिकांश देश इसी राह पर चल रहे हैं। उनके अहंकार का यह विकट नर्तन अंततः आत्महंता होता जा रहा है।

पश्चिमी दृष्टि से भिन्न भारतीय प्रज्ञा के अनुसार ज्ञान इस पृथ्वी पर सबसे पवित्र होता है झ न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रं इह विद्यते । पवित्रता का अनुभव निर्मल करने वाला होता है। उससे व्यक्ति के दोष दूर होते हैं और सद्गुण विकसित होते हैं। महात्मा बुद्ध ज्ञान (प्रज्ञा) के आधार के रूप में शील का उल्लेख करते हैं। भारत की ज्ञान परम्परा में ज्ञान या विद्या को समझाते हुए उसे क्लेशों से मुक्त करने वाला, विवेक जगाने वाला और मन में कर्तव्य का भाव स्थापित करने वाला बताया जाता रहा है। ज्ञान प्रकृति से ही नैतिक है। ज्ञान की यह सोच एक बड़े दायरे में विस्तृत है- इसमें सामान्य या लौकिक ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान, अपरा और परा दोनों तरह की विद्याओं को सम्मिलित किया गया है। वस्तुतः ज्ञान अर्जित करना मनुष्य जीवन के लिए एक सतत लक्ष्य है और उसे प्राप्त का जीवन का परिष्कार और उसमें संवर्धन लाने का उपाय भी है। इस तरह विद्या मनुष्य के द्वारा जो कुछ मनोवांछित है उसे साधने या सिद्ध करने में समर्थ मानी गई है- किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या । ज्ञान के मार्ग पर चलने का उद्देश्य दुःख का निवारण कहा गया। उसे निःश्रेयस अर्थात मुक्ति से जोड़ा गया। अर्थ और वित्त की प्राप्ति कर लेना, संसाधन जुटा लेना उसका लक्ष्य नहीं हो सकता।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दामोदर पुल पर युवती ने की सुसाइड



**रामगढ़।** वर्तमान जीवन शैली में कुछ लोगों में निरासा इस कदर हावी हो जा रही है कि इसके प्रभाव के कारण लोग आत्महत्या करने में भी संकोच नही कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को नईसराय दामोदर पुल से प्रकाश में आया है। जहां सौंडीयाह वेस्ट बोकारो की रहनी वाली रूक्मणी कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता लालधारी तुरी दौरा पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। घटना की जानकारी के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गयी। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद सब इंस्पेक्टर निशिकांत शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन कराया गया। इस दौरान दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा की मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है। मंच हमेशा अपने सामाजिक दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करता रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, सुकरा करमाली, लालू उरांव, उदयभान दुबे, लखन राम आदि का विशेष योगदान रहा।

### 123 केंद्रों पर नव साक्षरों की परीक्षा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ओपन विद्यालय द्वारा रविवार को नव साक्षरों का पतरातू प्रखंड के 123 परीक्षा केंद्रो में परीक्षा संचालित किया गया। जिसमें 3000 से ज्यादा नव साक्षरों ने भाग लिया। पतरातू प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, बीपीओ इरफान कुरैशी एवं रामेश्वर गोप के देख रेख में संचालित परीक्षा में 15 आयु वर्ग से ऊपर के उम्र वाले महिला-पुरुषों उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मौके पर नव साक्षरो ने कहा कि हमभी पढ़-लिखकर अपने बहुत सारे निर्णय को लेने और समझने में सक्षम होना चाहते हैं। शिक्षा सबके लिए जरूरी है। परीक्षा के सफल संचालन में साक्षरता के स्वयंसेवक, सीआरपी, बीआरपी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक आदि का विशेष योगदान रहा।

### राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी में होली मिलन



**भुरकुंडा।** प्राचीन श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी में हर वर्ष के भांति रविवार को राधे-राधे महिला मंडली द्वारा मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी और श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा को फूल-माला से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओ ने होली उत्सव के अवसर पर जमकर होली खेलते हुए एक-दूसरे का आने वाले पर्व होली की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व भजन-कीर्तन के साथ श्री राधा-कृष्ण की पूजा अर्चना, छप्पनभोग व महाआरती सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समारोह में महिलाओं ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाते हुए होली के गीत पर जमकर नृत्य किये। साथ ही अपने घर-परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता सिंह, किरण यादव, बसंती विश्वकर्मा, सीमा गोस्वामी, रेखा शर्मा, सुनीता शर्मा, विद्या गोस्वामी, सुषमा सिंह, किरण गोस्वामी, स्वेता सिंह, शीतल कौर, संतोष सोनी, मीना मुंडा, बबली सिंह, रंजीता करमाली का विशेष योगदान रहा।

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का शनिवार देर शाम रामगढ़ से उरीमारी के गरसुल्ला जाने के क्रम में मतकमा चौक में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया।मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, व्याय पांडेय, रॉबीन मुखर्जी, राजेंद्र मुंडा, अनिल कुमार, रामदास बेदिया, सुनील सोनी, राज नायक, मनोज करमाली, संजय यादव, संतोष यादव, राजेश ठाकुर सहित आजसू के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एस्पायर के अब तक 750 छात्रों को मिली नौकरी

## प्रतियोगिता परीक्षा में नंबर-1 बना कोचिंग सेंटर

**कमलेश मेहता**



**भुरकुंडा।** प्रतियोगिता परीक्षा के क्षेत्र में पूरे रामगढ़ जिला का नंबर वन संस्थान एस्पायर कोचिंग सेंटर ने बेहतर रिजल्ट देकर बच्चों का भविष्य संवारने का काम किया है। छात्र-छात्राओं की सफलता ने कोयलांचल भुरकुंडा ही नहीं पूरे रामगढ़ जिला को गौरवान्वित कराया है। एस्पायर कोचिंग सेंटर अपने 15 वर्षों के सफर में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस संस्था से तैयारी करने वाले अब तक लगभग 750 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों पर नौकरियां पाई है। वर्ष 2022-23 में ही करीब 50 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है, जो कि रामगढ़-हजारीबाग जिले के लिए गौरव की बात है। कोचिंग के डेढ़ दशक के सफर पर प्रकाश डालते हुए संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा की सफलता का कोई शॉटकट नहीं होता, इसके लिए सिर्फ और सिर्फ मेहनत करनी की जरूरत होती है। मन में कोयलांचल शब्द कौंधते ही, खनिज संपदा से संपन्न क्षेत्र का भाव आना लाजमी है। लेकिन विगत 15 वर्षों से प्रत्यक्ष रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पर चर्चा होगी तो यहां के युवाओं के भीतर छुपी हुई प्रतिभा और देश के पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ने की आतुरता का समागम भुरकुण्डा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में ही संपन्न होता प्रतीत होता है। संशय से अटूट विश्वास स्थापित करने का यह सफर संघर्ष के थपेड़ो को भला न झेले यह कैसे संभव था। उन्होंने बताया की वर्ष 2009 में संस्थान की स्थापना के साथ इसका आगाज हुआ। पूरी तन्मयता से प्रतियोगिता परिक्षा में जुटे छात्रों के मार्ग-दर्शन के कार्य को पूरी निष्ठा से निष्पादित हमारे अनुभवी शिक्षकों के समूह ने किया। प्रारंभिक चरणों में मिलने वाली सफलता ने इतनी जोश और ऊर्जा का संचार किया कि आगामी वर्षो में आशा अनुरूप परिणाम प्राप्ति न होने पर भी हम सभी हताश नहीं हुए। संस्थान का निदेशक होना और कुशलता का परिचय देते हुए उसका संचालन करना किसी भी व्यक्ति के लिए एक कठिन डगर ही होती है। इस अग्नि परिक्षा को पास कर मैंने भी यह प्रमाण पेश किया है कि मैं खरे सोने की तरह हूं और निपुणता के लिए प्रयत्नरत हूं। इस संदर्भ में संस्थान के को-आर्डिनेटर नितेश सिंह का नाम न लेना बेईमानी होगी।

हर अहम फैसले के पूर्व उनका परामर्श एक परंपरा सी बन गई है। कर्तव्यनिष्ठा और सत्यनिष्ठा के गुणों को धारण करने वाले हमारे अनुभवी शिक्षकगणों के बिना संस्थान के लिए इस मुकाम तक पहुंचना अकल्पनीय था। संस्थान के तमाम शिक्षक सदैव सहयोग के लिए धन्यवाद के पात्र रहेंगे। सफलता की अविरल धारा किस अवाध रूप में प्रवाहित है, उसका अनुमान पिछले वर्ष (2022-23) में हमारे छात्रों ने विभिन्न सरकारी नौकरियों में सफलता अर्जित कर परिलक्षित कर दिया है।

**बच्चों को सही मार्गदर्शन देने और उनका भविष्य संवारने के लिए मेरा सारा जीवन समर्पणः रत्नेश कुमार**

मैंने अपना सारा जीवन बच्चों को पढ़ाने व सही मार्ग-दर्शन प्रदान करने के लिए लगा रखा है। अगर आपका सहयोग व प्यार इसी तरह मिलता रहा तो शिक्षा जगत में बच्चों को और भी आगे ले जा सकता हूं। जब हमने इस संस्थान की शुरूआत की थी, रास्ते तो कठिन थें पर हमारे हौसले बुलंद थें। हमारे शिक्षकों की टीम ने इस छोटे से जगह में वह कर दिखाया जो कभी सोच पाना भी मुश्किल था। इस छोटे जगह से हमने छोटे पदों से लेकर बड़े-बड़े पदों के सफर को पूरा किया है।

# मनीष जायसवाल ने 15 पंचायतों का किया दौरा, मांगा आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने टिकट मिलने के बाद रविवार को लगातर 15 वें दिन क्षेत्र में करीब 18 घंटे का अनवरत तुफानी दौरा किया। मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग सदर विधानभा और मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 15 पंचायतों के ढाई दर्जन से अधिक गांवों का तुफानी दौरा किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सखिया पंचायत स्थित ग्राम चानो से किया। उन्होंने सदर प्रखंड स्थित सखिया पंचायत के ग्राम चानो, बहेरी, लालपुर चौक, कानी मुंडवार, सीतागढ़ा, पौता पंचायत स्थित मरहेता, चंदवार, गुरहेत पंचायत स्थित ग्राम बहरोनपुर, रेवार, चोरहेता में जनसंपर्क अभियान चलाया। तत्पश्चात मांडू विधनसभा क्षेत्र अंतर्गत चुरचू प्रखंड स्थित चुरचू पंचायत के लारा, चुरचू मुख्यालय चौक, बोदरा, बालि, चनारो पंचायत स्थित चिचीकला और चरही पंचायत स्थित चरही चौक में और मांडू प्रखंड स्थित तापीन नॉर्थ पंचायत स्थित तापी क्षेत्र के सभी चौक- चौराहे, बारूघुटू पंचायत स्थित परेज कॉलोनी, बंजी, बारूघुटू पूर्वी पंचायत के घाटो अमर नगर, केदला उत्तरी पंचायत स्थित हाउसिंग बोर्ड, आरा पंचायत के चार नंबर पेट्रोल पंप चौक, सारुबेड़ा पंचायत स्थित पिपरागढ़, अतना, सिरका और सोनडीहा, चैनपुर एवं बड़गांव पंचायत के कई गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा एवं अपने पक्ष में आगामी लोकसभा चुनाव में कमल फूल छाप पर मतदान करने का अपील किया। इस दौरान भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का हरेक जगहों पर गाजे- बाजे और ढोल- ताशे के साथ फूल माला पहनाकर गाजे-बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस क्षेत्र के लोगों ने उन्हें पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया ।मौके पर रामगढ़ के जिला अध्यक्ष परवीन मेहता,

### पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन



**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड का होली मिलन समारोह रविवार को अटल संस्कृतिक भवन हजारीबाग में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं संचालन हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह ने की। कार्यक्रम के शुरूआत में शहीदों को पुष्प और गुलाल से श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, चतरा से पूर्व सैनिक एवं कई पत्रकार शामिल हुए और जमकर गुलाल उड़ाया। साथ ही तीन नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें एमपी यादव, प्रमोद झा, एसएन सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि हमारी एकता ही हमारी ताकत है। एकजुट रहें और खुश रहें। कार्यक्रम हजारीबाग जिला अध्यक्ष के देख रेख में संपन्न हुआ।

# बासल थाना प्रभारी ने कई मतदान केंद्रो का किया दौरा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के बासल क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में सुनिश्चित कराने को लेकर बासल पुलिस ने रामगढ़ एसपी डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर रविवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ों व जंगलो के बीच बसे जराद, किन्नी, सालगो, हरिहरपुर आदि सुदुरवर्ती गांवो के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कई दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान 218 सीआरपीएफ के डी कंपनी द्वारा बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एएसआई प्रभात कुमार, सैट के जवान, सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर बाबूलाल, अनीश प्रसाद, विकास कुमार एवं डीएसएमडी सर्च टीम के एमडी अंसारी के साथ एरिया डोमिनेशन, रूट सैनिटाइजेशन, डाइमिनिंग पेट्रोलिंग, विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही मतदान के प्रति ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया गया। ग्रामीणों से कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आपसभी शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करें।

### फाल्गुन कीर्तन महोत्सव को लेकर निकली प्रभु श्री श्याम की शोभायात्रा

**हजारीबाग।** श्याम भक्त परिवार ने हजारीबाग शहर में दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसके प्रथम दिन रविवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी? सती मंदिर परिसर से भव्य निशान ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। इसके पूर्व मंदिर परिसर में श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में मुख्य यजमान के रूप में टोडलमल खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी बीणा खंडेलवाल शामिल हुए। वहीं पूजा अर्चना मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने कराया। शोभायात्रा में आगे आगे ढोल नगाड़े तो वही उसके पीछे बाबा श्याम का आकर्षक दरबार श्याम प्रेमियों को अपनी और आकर्षित कर रहा था। जिसके पीछे महिलाएं एवं पुरुष रंगीला निशान हाथों में लेकर प्रभु श्री श्याम की गुणगान करते हुए अपने कदम को आगे बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा में करीब 500 से भी अधिक श्याम प्रेमी शामिल थे। शोभायात्रा में भक्त बाबा श्याम का नृत्य करते हुए नजर आ रहे थे। वहीं शोभायात्रा में राधा कृष्ण की जीवंत झांकी शहर वासियों को आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा में हनुमान , लंगूर आकर्षण का केंद्र बने थे। शोभायात्रा के दौरान कई श्याम प्रेमियों के द्वारा अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठान से बाहर निकाल कर बाबा श्याम का दर्शन कर आरती कर रहे थे।

# भूवैज्ञानिक मानचित्रण पर आयोजित प्रशिक्षण संपन्न



**कुजू।** भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण,राज्य इकाई-झारखंड के द्वारा ऑयल इंडिया लिमिटेड के भूवैज्ञानिकों के लिए अवसादी भू-भागों में भूवैज्ञानिक मानचित्रण पर आयोजित प्रशिक्षण का समापन शनिवार को जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के कुजू स्थित फील्ड ट्रेनिंग सेंटर में किया गया। समापन को लेकर समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक जनार्दन प्रसाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में आयल इंडिया लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक निदेशक डॉ रंजीत रथ, आयल इंडिया लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (सीओईईएस) शेरिंग लामा, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण,राज्य इकाई-झारखण्ड के अखौरी विश्वप्रिय, उपमहानिदेशक, भूविज्ञान आयल इंडिया लिमिटेड के उप मुख्य प्रबंधक नीलमणि डेका शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत शॉल एवं भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। कुजू के निदेशक डॉ. शिवरंजन कुमार भारती ने सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तार से ब्यौरा प्रस्तुत किया। आयल इंडिया लिमिटेड के प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के लिए प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के अंत में श्याम सुन्दर सिंह, अधीक्षण भूवैज्ञानिक एवं मुख्य संकाय, क्षेत्र प्रशिक्षण केंद्र-कुजू के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। वहीं समापन समारोह के दौरान ऑयल इंडिया लिमिटेड के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करने, अपने ज्ञान के आधार का विस्तार करने और तलछटी भूविज्ञान और मानचित्रण में अपने कौशल को निखारने में इसके महत्व पर प्रकाश डालने का अवसर मिला।

उक्त प्रशिक्षण 05 मार्च से 16 मार्च तक किया गया। डॉ रंजीत रथ, श्याम सुन्दर सिंह, रवि शंकर चौबे, डॉ. शिवरंजन कुमार भारती के द्वारा द्वारा आरा- डुमरबेड़ा क्षेत्र के चौथा नदीझ बोकारो नदी समागम क्षेत्र में उपस्थित गोंडवाना समूह के बराकर एवं बैरन मेजर संस्तरों में भूवैज्ञानिक क्षेत्र जाकर भ्रमण किया। समापन समारोह का संचालन प्रशिक्षण केंद्र कजू वरिष्ट भूवैज्ञानिक एवं संकाय के रवि शंकर चौबे ने किया।

## एक नजर में

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का वार्षिकोत्सव मना



रामगढ़। नईसराय स्थित श्री श्री मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रातः 8:00 बजे से मंदिर में पूजन का आयोजन किया गया। पूजन के उपरांत 3:00 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि सुनीता चौधरी ने कहा कि इसे प्रकार के आयोजन से भक्ति की भावना का प्रसार होता है और लोगों में मेलजोल बढ़ता है। मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर मंदिर प्रबंधन समिति ने चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मौके पर मनोज कुमार महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, अध्यक्ष अरूण महतो, संध्या शर्मा, ज्योति मिश्रा, सोनी, मंजू देवी, मीना सिंह, रानी मिश्रा, गायत्री देवी, विंदा देवी, सचिव शिव महतो, प्रदीप सिंह, रोहित सोनी, राजेश तिवारी, रवि कुमार, रमेश तिवारी, शकल सिंह, महेश सिंह, नवल साव, सुशील सिंह, शशिकांत मेहता, सुधीर कुमार महतो, अविनाश सिंह, गणेश झा, मनोज सिंह, ब्रिज मोहन यादव, दिलीप महतो, आकाश तिवारी, अभिषेक तिवारी, संजीव सिंह, अन्ना कुमार, विशाल यादव, नरेश महतो, दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

### रजरप्पा में दर्जनों बच्चों का हुआ मुंडन



**रजरप्पा।** रविवार को उत्तर भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में मुंडन मुहूर्त को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी. श्रद्धालु अहले सुबह से ही मां भगवती के दरबार में पहुंचने लगे थे। चूल- मुंडन समारोह में शामिल होने आए श्रद्धालु दामोदर व नदी के संगम स्थल में स्नान मां भगवती की पूजा अर्चना के लिए हाथ में प्रसाद की थाली लेकर घंटों लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कोने कोने से पहुंचे लोगों ने बकरों व नारियल की बलि देकर मुंडनशाला में अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाए। जहां बच्चों की किलकारियों से मुंडनशाला गुलजार रहा। झारखंड सहित बिहार, यूपी, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए थे। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए मंदिर न्यास समिति एवं पुलिस के जवान जगह जगह तैनात दिखे।

### छात्रवृत्ति भुगतान करने को लेकर आवेदन

**हजारीबाग।** छात्रवृत्ति अधिकार मंच हजारीबाग इकाई छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं के संदर्भ में जिला कल्याण पदाधिकारी से मिला ।प्रतिनिधि मंडल में जीवन यादव, विकास कुमार ,आलोक कुमार ,प्रद्युमन कुमार शामिल थे। मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि वर्ष 2022-23 के हजारों छात्रों की छात्रवृत्ति अभी तक नहीं आई है। जबकि आवेदन की प्रक्रिया पूरी किए हुए 5 महीने से अधिक का समय हो चुका है ।छात्र-छात्राओं का आवेदन अभी भी ऊ्ढड/ऊ्छउ के पास ही रुका है ।जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कोष खतम होने की बात कही गई ।तथा फंड आने से छात्रवृत्ति भुगतान कर दी जायेगी ।मंच के जिला प्रभारी जीवन यादव ने कहा की बी.एड के सत्र ‌ कई पाठ्यक्रम समाप्त हों चुके है ।परंतु कई छात्रों की फीस बाकी है ।वे इसी छात्रवृत्ति के भरोसे है ।आज के वार्ता मे जीवन कुमार, विकास कुमार, ज्योति कुमारी, मंजू कुमारी, खुशबू कुमारी, पूजा कुमारी दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### झामुमो का 44 वां स्थापना दिवस चार अप्रैल को

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद के आवास में की गई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ सचिव संजय सिंह एवं संचालन कांडतरी पंचायत अध्यक्ष रविकांत महतो ने किया। संजय सिंह एवं झमन प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा की प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वां स्थापना दिवस 4 अप्रैल को हजारीबाग मटवारी मैदान में धूमधाम से मनाई जाएगी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां,प्रखंड सचिव सरोज मेहता,प्रखण्ड कोषाध्यक्ष ,इंद्रदेव राम,महेंद्र पासवान,विशेश्वर,राम,दीपन साव , भारजीत कुमार,करमा भुईयां ,सुनील राम,मोती भुइयां,भुनेश्वर महतो,देवनारायण महतो,मानिक लाल करमाली,सुरेंद्र मांझी,वाल्मीकि साव,राजेंद्र भुईयां,राजेंद्र भुईयां,पवन तुरी,नंदकिशोर भुईयां,गणेश राम, रामसागर महतो,रामचंद्र भुईयां ,सुरेश यादव,सूरज वर्मा ,मो हुसैन ,रामब्रिज राम आदि लोग उपस्थित थे।

### पीएम स्कूल में प्रतिभा सम्मान का आयोजन

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज और पाचू महतो सेवा संस्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा खोज सम्मान समारोह और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन रविवार को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिप सदस्य कुमकुम देवी, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, झारखंड निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष विनोद भगत मौजूद थे। बच्चों ने अपने हुनर और कुशाग्र बुद्धि का प्रदर्शन करते हुए विज्ञान से संबंधित विभिन्न तरह के मॉडल को प्रस्तुत किया। अतिथि और अभिभावकों ने बच्चों के बनाए साइंस मॉडल को देखकर उनके कुशाग्र बुद्धि विवेक की सराहना की। बच्चों ने साइंस से संबंधित कई तरह के मॉडल को प्रस्तुत किया। विज्ञान प्रदर्शनी के बाद प्रतिभा सम्मान समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। समारोह में स्कूल निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने मनमोहक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोंगो का मन मोह लिया। समारोह में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को कंप्यूटर सेट, द्वितीय को साइकिल और तृतीय को घड़ी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा 10 मार्च को विभिन्न सरकारी स्कूलों में किया गया। उसमें 1031 बच्चे शामिल हुए। इनमें 103 बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कुमकुम देवी ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन ओर सम्मानित करने से बच्चे भी इस ओर अग्रसर होते है।

### आदर्श बंसल को मारवाड़ी मंच ने दी बधाई

रामगढ़। मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच ने रविवार को आदर्श बंसल को बधाई दी है। मुकेश बंसल तथा रेखा बंसल के पुत्र आदर्श ने गेट 2024 की परीक्षा में अपने विषय मेटल एंड मेटलर्जिकल में राष्ट्रीय स्तर पर छठा स्थान हासिल किया है। बधाई देने वालों में अध्यक्ष डॉ एके बेरलिया, संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल, उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, मानद सचिव प्रभात अग्रवाल, रवि चौधरी शामिल हैं।

# चतरा में जेपीएससी परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों का हंगामा, प्रश्नपत्र लीक करने का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज में जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों ने हंगामा किया और प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाया।

अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का प्रश्न पत्र लीक हो गया है क्योंकि इसे परीक्षा हॉल में नहीं खोला गया था और यह पहले से ही खुला हुआ था। जिले के उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी ने बताया कि नियम के अनुसार प्रश्न पत्र का सील परीक्षा हॉल में 2 अभ्यर्थियों की मौजूदगी में खोला जाता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और प्रश्न पत्र का सील पहले से ही खुला हुआ था। अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र प्रबंधन के खिलाफ



नारेबाजी की और परीक्षा रद्द करने की मांग की। पुलिस को अभ्यर्थियों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रिंसिपल धनेश्वर राम ने सफाई देते हुए कहा कि नियमानुसार कंट्रोल रूम में परीक्षा अवधि में प्रश्न पत्र खोला गया है और पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई है। उन्होंने हंगामा कर रहे छात्रों के आरोपों को निराधार बताया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार और एसडीपीओ संदीप सुमन पहुंचे और हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं को शांत कराने का प्रयास किया।

अधिकारियों ने जांच की बात कही है और कहा है कि अगर लापरवाही हुई होगी तो निश्चित ही कार्रवाई होगी।

## मोदी बर्णवाल समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रजगढ़िया रोड स्थित मोदी सेवा सदन में मोदी बर्णवाल समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिबरण वंशज अवध सूर्यदेव मोदी एवं संचालन अनूप बर्णवाल ने किया। वहीं सूर्यदेव मोदी, रामेश्वर मोदी, ईश्वरदेव बर्णवाल, डॉ. प्रमोद बर्णवाल, प्रकाश मोदी, अजय बर्णवाल, पीयूष पारस, पंकज बर्णवाल, डॉ. बीएनपी बर्णवाल ने महाराजा अहिबरण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दी और लजीज व्यंजनों के साथ-साथ संगीत का लुत्फ उठाया। वहीं अवध सूर्यदेव मोदी ने कहा कि होली त्योहार से बुराई को त्यागकर अच्छाई को अपनाने की सीख लेनी चाहिए, होली हमारी पुरातन संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है।

## धोखाधड़ी का आरोप, थाना में दिया आवेदन

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच निवासी संवेदक संजीव कुमार ने थाना में आवेदन देकर राजकुमार यादव पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आवेदन में राजकुमार यादव द्वारा भारतीय स्टेट बैंक कोडरमा शाखा से मेसर्स आरएस कंस्ट्रक्शन से निकाली गयी राशि को रुकवाने एवं अमानत में खयानत करने का भी आरोप है। आवेदन में कहा है कि उक्त फर्म में राजकुमार यादव व संजीव कुमार दोनों बराबर के पार्टनर हैं, इसी हिसाब को लेकर फरवरी 2020 में आपस में दोनों पार्टनरों के बीच पारिवारिक पंचायत हुई, जिसमे यह तय हुआ कि संजीव कुमार को अग्रिम पूंजी के रूप में 81 लाख रुपये कंपनी के खाते से दी जायेगी। इसके बाद भी लंबे समय से मामला फंसा रहा।

## मीडिया सर्टीफिकेशन मोनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में मीडिया सर्टीफिकेशन मोनिटरिंग कमिटी (एमसीएमसी) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रिंट मीडिया से नौशाद आलम को कमिटी का सदस्य बनाया गया और उपस्थित लोगों को कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कमिटि के सदस्यों को लोकसभा निर्वाचन 2024 में सक्रिय भूमिका निभाने, सोशल मीडिया, न्यूज पेपर, टीवी





चैनल और अन्य प्रचार माध्यमों पर पैनी नजर रखने को कहा गया ताकि आदर्श आचार संहिता का समुचित पालन हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास पांडे, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## होली सौहार्द व आपसी प्रेम का संदेश देता है : महिला समिति

**खबर मन्त्र संवादाता**

**कोडरमा।** सामाजिक सौहार्द व प्रेम के प्रतिक रंगोत्सव का पर्व होली का उत्साह छाने लगा है। जिले के विभिन्न हिस्सों में होली मिलन का आयोजन भी शुरू हो गया है। झुमरीतिलैया के ग्रांड सुर्या होटल में महिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने होली पर नृत्य व गीत गाकर तथा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बााई दी। इस दौरान रंग बरसे भींगे चुनरिया, होली खेले कृष्ण कन्हैया, जैसी गीतों पर महिलाएं झुमती रही। वहीं महिलाओं ने कहा कि होली जैसे पर्व में फुहड़ गानों पर लगाम लगनी चाहीए। होली जैसे पर्व पर फुहड़ गीत बेहतर



संदेश नहीं देता है। महिलाओं को खासा परेशानी होती है। इस महापर्व में समाज में सुख-शांति व अमन का वातावरण बने यह लोगों से अपील है, लोग सूखा होली खेलकर लोगों को यह संदेश देना चाहती है कि जल और पर्यावरण दोनों का संरक्षण होना चाहिए। वहीं महिलाओं ने चुनावी महापर्व में सभी से अपने आिकार व दायित्व निभाने की अपील की, ताकि स्वच्छ व पारदर्शी सरकार का चयन हो सके। वहीं लोगों ने मिष्ठान भोजन का लुप्त उठाया। मौके पर सीमा सिंह, ललिता यादव, प्रियंका ओझा, सृष्टी यादव, नीतु मोदी, मु सिंह, डॉ. विनीता सिंह, गुड़िया यादव, अनिता मोदी, ब्यूटी सिंह, प्रियंका बर्णवाल, रेखा बर्णवाल, प्रिति सिंहा, शालिनी पांडे, बंदना सिंह, रिंकी सिंह समेत अन्य महिलाएं मौजूद थे।

## विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कराए जाने का लगा आरोप

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरू पहाड़ी चितरपुर स्थित खाता नंबर 8 प्लॉट नंबर 936 पर ाारा 107 व 144 लगने के बावजूद रात के ओंरे में दूसरे पक्ष के द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप प्रथम पक्ष के द्वारा लगाया गया है। इस पूरे मामले पर प्रथम पक्ष के महेंद्र सिंह पिता स्व बुंदी सिंह ग्राम चितरपुर इंदरवा निवासी ने बताया कि उक्त विवादित जमीन तीन हिस्सेदारों (गोतिया) का है, जिसमें मेरे चाचा स्व.भातु सिंह एवं स्व. गुड्डु सिंह के द्वारा जमीन बेचा गया, परंतु मेरे पिता बूंदी सिंह का कहीं कोई हस्ताक्षर या जमीन बेचने का कोई सबूत नहीं है, फिर भी किसुन साव एवं छोटन साव दोनों के पिता स्व. जयराम साव ग्राम नेरोनवाडीह इंदरवा कोडरमा निवासी के द्वारा मेरे हिस्से की जमीन पर कब्जा किया गया।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय ने की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, प्रदेश संरक्षक लक्ष्मी पांडेय और जिला अध्यक्ष संजय पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत श्री परशुराम के चित्रांकन पर पुष्प चढ़ाकर, दीप जलाकर और स्वास्थिवचन एवं शंख ध्वनि के साथ पूजा अर्चना से हुई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर होली के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

## सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलटा, कई घायल



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित कानिकेंद जंगल के लोसनिया पुल के समीप रविवार की दोपहर सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें सवार दो महिला समेत एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी पहचान 25 वर्षीय संजना गुप्ता पति रंजीत गुप्ता साकिन रुपनडीह थाना डोमचांच, 15 वर्षीय गुलाब शाह पिता समसूल खान साकिन थाना चाकई, जिला जमुई बिहार, 36 वर्षीय शिला देवी पति जीतू साव साकिन लोकाई निवासी शामिल हैं।

## मोटरसाइकिल की चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत मुर्कमनाय निवासी लक्ष्मण ठाकुर ने मोटरसाईकिल चोरी हो जाने को लेकर थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की मांग किया है। आवेदन में कहा है कि 16 मार्च को अपनी मोटरसाइकिल जेएच11जी/8543 से सुबह 8 बजे बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित मकतब विद्यालय मुर्कमनाय के समीप खड़ा कर बगल में कोचिंग सेंटर में दशम वर्ग के बच्चों को पढ़ा रहा था, जब मैं क्लास से बाहर निकला तो देखा कि मेरी गाड़ी वहां खड़ी नही है। इसके बाद आसपास काफी खोजबीन किया, मगर कहीं पता नहीं चला।

## रेड क्रॉस सोसाइटी व रक्तवीर सेवा के तत्वावधान में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** रेड क्रॉस सोसाइटी, रक्तवीर सेवा संघ एवं बर्णवाल नवयुवक संघ के तत्वाान में पंजाब होटल के निकट बर्णवाल सेवा सदन में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन रेडक्रॉस सोसाइटी के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अजीत बर्णवाल ने किया। इस दौरान अजीत बर्णवाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा बर्णवाल सेवा सदन में यह पहला शिविर है एवं अब हर वर्ष आयोजित किया





जाएगा। रक्तदान करने वालों में : आदर्श बर्णवाल, शंभू कुमार बर्णवाल, राजकुमार मेहता, अमित कुमार, अतुल कुमार गुप्ता, रजत कुमार मिंज, अनंत राज, अर्जुन कुमार, विकास कुमार, योगेंद्र कुमार वर्मा, बिट्टूसिंह, शंभू शरण गुप्ता, प्रदीप कुमार, गोपी कुमार मेहता, रोश्याम पंडित, संजय कुमार, गायत्री गुप्ता, अभिषेक कुमार विश्वकर्मा, रोशन कुमार, आदित्य कुमार आदि लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय जनता दल का जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, लोकसभा चुनाव को लेकर किया गया मंथन

## पांच सालों में भाजपा के पास उपलब्धि गिनाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नही : रामधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यकारिणी की बैठक झुमरीतिलैया में विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव व संचालन घनश्याम तुरी ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को लेकर चर्चा किया गया, साथ ही कोडरमा की राजनीतिक हालात पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा के पास उपलब्धि गिनाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नही है, ढिबरा-पत्थर व्यवसाय बदहाल है। इस मुद्दे पर कोडरमा की आवाज कभी भी संसद में नही गूंजी। राज्य सरकार ने ढिबरा नीति लागू किया, लेकिन भाजपा के इशारे पर लिथियम के नाम पर ढिबरा पर ग्रहण लगा दिया गया, जिससे लाखों ढिबरा मजदूर बेरोजगार और बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड बनने के बाद सबसे ज्यादा भाजपा सत्ता में रही, लेकिन कोडरमा में विकास कोसों दूर है। कोडरमा से केंद्र सरकार में मंत्री अन्नपूर्णा देवी रहने के बाबजूद रोजगार बढ़ाने वाला, स्वास्थ्य-शिक्षा सेवा और केंद्रीय संस्थान का एक ईंट तक नही लगा और ना ही कोई संस्थान/उद्योग लग पाया। भाजपा की नाकामियों का फेहरिस्त लंबी है। वहीं 2018 में पीएम मोदी ने करमा मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया था,





मगर 6 सालों बाद भी मेडिकल कॉलेज नही बन पाया। कोडरमा में जनसरोकार से जुड़ी और भविष्य निर्माण के लिए कोई भी नीति 5 सालों में नही बन पाई। वहीं प्रदेश महासचिव डॉ. जावेद अख्तर ने संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा में राजद हर बूथ पर भाजपा के अवसरवादी, ध्रुवीकरण और पूंजीवाद परस्त राजनीति को परास्त करेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनता बदलाव के पक्ष में गोलबंद हो रही है। वहीं राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा की साजिश को जनता बखूबी समझ रही है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के जरिये चंदा लेकर अपने कॉरपोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाने वाली भाजपा सरकार जनता के सामने बे-नकाब हो गयी है। लोकतंत्र और संविाान को कुचलने की कोशिश का नतीजा है। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा में सुभाष प्रसाद यादव ने राजद की जमीन और जनाधार दोनों बढ़ा दी, मगर सुभाष प्रसाद यादव की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की नींद उड़ गई थी। कोडरमा में भाजपा की हार सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के नारे को बुलंद करने वाले जनता ने भाजपा की बग़ावत शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि देश की ताकतवर भाजपा को कोडरमा में राजद से इतना ख़ौफ़ है कि षड्यंत्र रचकर फर्जी केस करना पड़ रहा है। वहीं बैठक को युवा जिला अध्यक्ष मनोज रजक राजकुमार यादव, सरफराज नवाज, दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संजय दास, रामबचन यादव, महेंद्र यादव, चरणजीत सिंह, विजय यादव, शंकर दयाल यादव, रघुनाथ दास, मो.मुबारक समेत सभी प्रखंड अध्यक्ष और विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। मौके पर बिनोद साव, अमित कुमार, अनिल सिंह, बहादुर प्रसाद यादव, गीता देवी, शीला देवी, निरपत यादव, जागेश्वर दास, मो. यूसुफ, लक्ष्मी देवी, गुंजा देवी, डिम्पी देवी, बबिता देवी, मो शहाब खान, इमरान खान, जमील मियां, गोविंद यादव, कुलदीप यादव, पूजा कुमारी, अन्नपूर्णा देवी, रेखा देवी, गोपाल पासवान, महेश दास, डीके मेहता आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### दस दिवसीय सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोडरमा।** सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत समर्पण संस्था एवं आरएमआई के तत्वावान से जिले के सुदूरवर्ती पंचायत बेंदी के ग्राम बोंगादाग, वीरगाढ़ा एवं छतारा के योग्य युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ड सदस्य दामोदर सिंह के द्वारा किया गया। वहीं संस्था सचिव इंद्रमणि साहू ने बताया कि कुछ दिन पहले संस्था द्वारा इस क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गयी थी, प्राप्त तथ्य के आाार पर संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य समझा गया, इसी के आलोक में फिलहाल तीन गांव में चिह्नित प्रतिभागियों को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षक मीना देवी ने प्रतिभागियों को पेटिकोट, सिंपल ब्लाउज, टुककी वाला ब्लाउज, स्कर्ट, मिनी स्कर्ट, सलवार समीज, टेप, पटियाला शूट, नाइटी, बेबी फ्रॉक आदि बनाना सिखाया। मौके पर नवीन कुमार, मनीष कुमार लहेरी, राजेश कुमार, नीलेश यादव, महेंद्र कुमार, राजेश भुइयां एवं बबिता देवी आदि लोग मौजूद थे।

### जेएसएलपीएस की महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारीसाखो पंचायत गांव के पांडेटोला में जेएसएलपीएस की महिलाओं ने आशा कुमारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान, महिलाओं ने मतदाताओं को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें सही तरीके से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने मतदाताओं को शपथ भी दिलाई कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे और देश के विकास के लिए एक अच्छी सरकार चुनेंगे। इस अवसर पर बिंदु देवी, गीता देवी, कंचन, रजनी देवी, नीलम कुमारी और दर्जनों अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### बचपन के आनंदमय दिनों की याद दिलाता है होली

**गिद्धौर।** रंग-बिरंगे पवित्र त्यौहार होली का बचपन के आनंदमय दिनों की याद दिलाता है, लेकिन अब वैसी होली नहीं मनाई जाती। पहले हम बचपन में फटे पुराने कपड़े पहनकर, मुंह पर तेल लगाकर और रंग-बिरंगे पिचकारी लेकर सुबह-सुबह ही घर से निकल पड़ते थे। दोस्तों से मिलकर गले मिलते और साथ में पुआ पकवान खाते थे। दोस्तों के साथ-साथ उन लोगों को भी रंग लगाते थे जो रंग से परहेज करते थे। अब दोस्त दूर हो गए हैं, परिवार में अपनों की कमी हो गई है और पड़ोसी बिछड़ गए हैं। समय के साथ बड़े होते हैं और सुख-दुख, रीति-रिवाज और त्योहार आते हैं।

### वन अधिकार कानून को लेकर बैठक

**गिद्धौर।** अनुसूचित जनजाति के लोगों ने पंचायत भवन में वन अधिकार कानून को लेकर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने की और संचालन वन समिति के सचिव मुकेश कुमार ने किया। बैठक में वन अधिकार समिति के जिला समन्वयक अशोक भारती ने वन अधिकार कानून की कई महत्वपूर्ण जानकारी दीं। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर 2005 से पहले जिस किसी ने वन भूमि पर जीविका उपार्जन के लिए जोत कोड कर रहे हैं, उन्हें 28 मार्च 2024 से पहले माफी के लिए व्यक्तिगत दावा करना होगा। बैठक में विजय भुइयां, खुशहाल दांगी, मंजू देवी, मीरा देवी, कुंती देवी, कैलाश राम, उदय दांगी, मुनेश्वर दांगी, मुसाफिर कुशवाहा, संतोष कुमार, सुनीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### टंडवा में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन, कई प्रतिभागी हुए सम्मानित

**टंडवा।** स्वास्थ्य जागरूकता के लिए वायुसेना के बसंत कुमार ने क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया। इसमें विभिन्न गाँव के लड़के, लड़कियाँ, कौशल विकास के छात्र, डीपीएस स्कूल छात्र, सीआईएसफ के अधिकारी एवं जवान, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सैनिकों आदि ने भाग लिया। दौड़ में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन दास, मध्य क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, डॉ अभिषेक सिंह, कौशल विकास के प्रबंधक विध्या सागर, समाजसेवी सुभान मियां, सीआईएसफ के इंस्पेक्टर राजेश दूबे, सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह, रंजीत गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, सुरेन्द्र चौरसिया, नथू गुप्ता, सुरेन्द्र नायक, संजय श्रीवास्तव, छोटू गुप्ता आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुड्डू नायक, नीरज गुप्ता, मनु गुप्ता, नीरज गुप्ता, राजा गुप्ता, मिथुन नायक, अभिषेक गुप्ता, रविंद्र प्रजापति, टुनटुन गुप्ता, अजय गुप्ता, पवन गुप्ता, राजेश गुप्ता, मोनू गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई। मंच संचालन उपेंद्र पाण्डेय ने किया।

### वरिष्ठ पत्रकार शंभू साहू को सम्मानित किया गया

**चतरा।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार शंभू साहू को उनके बेहतरीन पत्रकारिता कार्य के लिए पद्मश्री बलबीर दत्त ने सम्मानित किया। उन्हें रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में हिन्दी दैनिक अखबार के प्रधान संपादक और पद्मश्री बलबीर दत्त ने प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शंभू साहू ने अपने पूरे जीवन में निष्पक्षता और निर्भीकता से पत्रकारिता धर्म का पालन किया है और विषम परिस्थितियों में भी अपनी कलम की धार से चतरा जिले को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चतरा के पत्रकारों ने शंभू साहू को उनके सम्मान पर बधाई दी और उन्हें मीडिया के लिए एक स्तंभ बताया। शंभू साहू वर्तमान में चतरा जिले में हिन्दी दैनिक अखबार के जिला ब्यूरो हैं और इससे पहले उन्होंने कई शीर्ष मीडिया संस्थानों में अपनी सेवाएँ दी हैं।

### चतरा प्रेस क्लब चुनावः प्रत्याशियों के कागजों की हुई स्क्रूटनी, निर्विरोध चुने गए उपाध्यक्ष

**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब के चुनाव के लिए 17 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की गई। उपाध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार अजित कुमार सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए, क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी कृष्ण मुरारी ने नामांकन वापस ले लिया। अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर धीरेन्द्र प्रसाद, धर्मेंद्र पाठक और सुनील कश्यप ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन ठाकुर धीरेन्द्र प्रसाद की आपत्ति और बायलाज के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण धर्मेंद्र पाठक का नामांकन रद्द कर दिया गया। अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर धीरेन्द्र प्रसाद और सुनील कश्यप, उपाध्यक्ष पद के लिए अजीत कुमार सिन्हा, सचिव पद के लिए सूर्यकांत कमल और जितेन्द्र कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव पद के लिए विरेन्द्र साहू और धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद के लिए सरफराज आलम, सत्येन्द्र मित्तल और घनश्याम कुमार उर्फ बंटी और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 13 प्रत्याशी चुनाव के लिए योग्य घोषित किए गए।

### तरल नैनो डीएपी पर कार्यशाला का आयोजन

**सिमरिया।** प्रखंड के बगरा गाँव में रविवार को तरल नैनो डीएपी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन इफको हजारीबाग द्वारा किया गया था। कार्यशाला में कृषि विभाग के संतोष कुमार, पूर्व मुखिया तेज नारायण प्रसाद, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष राम भजन प्रसाद सहित 80 महिला-पुरुष किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला में तरल नैनो डीएपी के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसे बीजों के उपचार और पौधों पर छिड़काव के लिए बेहतर बताया गया। कार्यशाला के बाद उन खेतों का भ्रमण भी किया गया जहाँ तरल नैनो खाद का उपयोग किया गया था। कार्यशाला में एस एफ भानु प्रताप सिंह और नवल किशोर ने किसानों को सागरिका तरल और बाल्टी के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### ब्रह्मर्षि समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** ब्रह्मर्षि समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन झुमरीतिलैया के अशोक राय के निवास में किया गया। जिसमे जिले के ब्रह्मर्षि समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ रामउद्गार शर्मा, उपेंद्र शर्मा, भोला चौरी, चंदेश्वर तिवारी व रघुवीर जी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, वहीं समाज में अच्छे काम को देखते हुए उमेश सिंह, उपेंद्र सिंह, नवल जी, नन्द राय व शालीग्राम सिंह को समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया। मिलन समारोह में भोजपुरी गायक बिपिन बिहारी एवं टीम ने होली के गीतों पर सबों का मन मोह लिया।

# तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के मार्गदर्शन में रविवार 17 मार्च 2024 को तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के लिए एक बेंच का गठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव ने बंदियों को कानून की जानकारी देते हुए बताया कि अगर आपके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया जाता है और आपको थाना से 41 का नोटिस जारी किया जाता है तो आप थाना में जाकर अपनी बात रख सकते हैं। ताकि आपकी बातों को सुनकर मामला की जांच पड़ताल हो । आगे बताया कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। साथ ही बंदियों से उनके समस्याओं के बारे में पूछा और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने की बातें कही। अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने मंच संचालन करते हुए बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। बंदियों को पैनल अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने भी कानूनी जानकारी दी। स्वागत भाषण और धन्यवाद ज्ञापन जेलर नीरज कुमार ने करते हुए बंदियो को जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उसके बाद श्रीमती श्रीवास्तव के साथ अधिवक्ता महिला बंदी वार्ड में जाकर महिला बंदी से भी मुलाकात की और मेडिकल वार्ड में जाकर बीमार बंदियों से भी उनकी स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मौके पर विजय कुमार, मदन कुमार एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही। उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग, लाखो की संपत्ति जलकर हुआ राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बांध पंचायत अंतर्गत यादव टोला में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई, जिस कारण लाखो रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बांध निवासी लोचनी देवी पति स्वर्गीय राजेश यादव के घर में रविवार के दिन करीब 10:15 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उस समय घर पर लोचनी देवी का एक पुत्र जो विकलांग है घर पर ही था। बूढ़ी सास और ससुर घर के बाहर बैठे हुए थे। अचानक घर से धुआँ निकलने लगी और कुछ ही देर में आग की लपटे जोर पकड़ने लगी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग उनके घर



पहुंचे और सबसे पहले उसके दिव्यांग बच्चे को बाहर निकाला। इसके बाद आग बुझाने के लिए गांव के लोग बाल्टी और अन्य सामान से पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। कुछ लोग तेनुघाट और डीवीसी फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वहीं मुखिया प्रतिनिधि बबलू यादव ने कथारा थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में लग गए। लेकिन आग की लपटे इतनी तेज थी कि आधा घंटा के अंदर सब कुछ जलकर राख हो गया। इस संबंध में लोचनी देवी ने बताया कि उसके बेटे की शादी होली के बाद होना तय था। इसीलिए घर पर नगद 6 लाख 50 हजार रुपये नगद और 4 लाख 50 हजार रुपए के आभूषण घर पर था।इसके अलावा शादी के लिए कपड़ा खरीद कर रखा था।इसके साथ ही घर के अन्य जो भी सामान थे सभी जलकर राख हो गया। करीब डेढ़ घंटे बाद डीवीसी का फायर ग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। लोचनी देवी स्वयं एक नया घर बन रहा है। वहां उसका काम देख रही थी। घटना के बाद परिवार के सदस्य काफी चिंतित है। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया मुरली देवी, जिला परिषद के सदस्य आकाश लाल सिंह सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और सांत्वना दी। यहां यही कहा जा सकता है कि घर को जला डाला घर के ही चिराग ने यानी बिजली जो घर को रौशन करती थी।

### स्पीड न्यूज

## सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी को व्यवसायी सुशांत राईका ने किया सम्मानित



**बेरमो।** फुसरो में मंगल श्री वस्त्रालय में व्यवसायी सुशांत राईका को गिरीडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। व्यवसायी सुशांत राईका ने कहा कि सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी का गिरीडीह लोकसभा में सबसे अच्छा बेहतर कार्य काल रहा है। हर लोगों के सुख दुख में शामिल होकर जनता का साथ दिया है। जिससे सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी की लोकप्रियता काफी है। सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि व्यवसायी सुशांत राईका का युवा व्यवसायी संघ के चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे। काफी बेहतर प्रदर्शन रहा। चुनाव में हार जीत लगी रहती है। व्यवसायियो ने सुशांत राईका को बहुत प्यार दिया। मौके पर कृष्ण कुमार, प्रकाश अग्रवाल, निशांत राइका, संजय कुमार, सूरज मित्तल, विकाश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## अज्ञात महिला की शव बरामद , जांच में जुटी पुलिस



**हिरणपुर (पाकुड़)।** सुराईडीह मौजा अंतर्गत बन्द पड़े पत्थर खदान निकट रविवार अपरान्ह को पुलिस ने एक अधेड़ महिला की शव बरामद कर अपने कब्जे में लिया। शव की पहचान नही हो पाया है। इस मौजा में स्थित पत्थर खदान काफी वर्ष पुराना है, जो अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने खदान निकट खाई में एक महिला की शव देखने पर तुरन्त पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाने साथ एसआई आर एस भट्ट पुलिसबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। वही शव को लेकर स्थानीय लोगो से भी जानकारी ली गई, पर किसी ने भी नही पहचान पाया। बहरहाल पुलिस शव की पहचान करने में जुटी हुई है।

## कथारा मे ठाकुर अनुकूल चंद्र का 136 जन्मोत्सव मनाया गया



**बेरमो/जारंगडीह।** कथारा मे ठाकुर अनुकूल चंद्र का 136 वां जन्मोत्सव रविवार को कथारा दुर्गा मंदिर परिसर में मनाया गया। सत्संग में जैनामोड़ के आदिवासी लोक नृत्य राजेंद्र मुर्मू के नेतृत्व में ठाकुर के सम्मान में कला प्रस्तुत की गयी। मौके पर ऋत्विक डाल्टनगंज के धर्मेंद्र नारायण, धनबाद से रमेश चंद कालिंदी, तेनुघाट से ओपन हेंब्रम, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा नेता प्रकाश सिंह, एटक से सुजीत घोष, दिनेश सिंह उपस्थित हुए वहीं सत्सगी की ओर से चंद्र शेखर कुवंर, पल्लव साध्या, वल्लभसाध्य , मणिलाल सिंह, रमन कुमार, शंभू प्रसाद, सुशील कुमार सिंह, अमित ठाकुर, रामवृक्ष प्रसाद, नवल किशोर सिंह , भक्ति दा, जयनाथ दा, अखिलेश सिंह, विजय शर्मा, आशा रानी का योगदान रहा। मौके पर आगंतुकों के लिए आनंद बाजार का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किए।

## साहिबगंज जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**साहिबगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को दोपहर 1:30 बजे से मंडल कारा साहिबगंज परिसर में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उच्च कार्यक्रम का मंच संचालन लीगल डिफेंस अधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव ने किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजेश श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज ने कैदियों को संबोधित करते हुए जेल मैन्युअल एवं लीगल एंड की ओर से कैदियों को निशुल्क अधिवक्ता एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दिए। उक्त कार्यक्रम में जेल अधीक्षक , लीगल एंड डिफेंस लॉयर रतन कुमार लीगल एड के बडा बाबू दिलीप शर्मा सहित दर्जनों कैदी उपस्थित थे।

## कुरमा में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास प्रखण्ड के काशीझरीया पंचायत अंतर्गत कुरमां गाँव में आयोजित दो दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में अलकुशा की टीम ने बाधाडीह की टीम को 11 विकेट से हराया। इस टूनार्मेंट में चास चंदनकियारी जरीडीह प्रखंड और बंगाल के कुल सोलह पंचायतों की टीम ने हिस्सा लिया था। विजेता और और उपविजेता टीम के कप्तान नौशीन अंसारी और धर्मेन्द्र महतो को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता कुमार अमित एवं रतन महतो ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर कुमार अमित ने कहा कि खेल



के क्षेत्र में गाँव में भी बहुत प्रतिभा है पर आधारभूत संरचनाओं के अभाव में इन प्रतिभाओं का विकास नहीं हो पाता। राज्य सरकार को सभी पंचायतों में स्टेडियम का निर्माण करना चाहिए जिससे कि ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान और सम्मान मिल सके। रतन महतो ने भी खिलाड़ियों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर काशीझरीया पंचायत के पंसस संजु देवी, उप मुखिया सुजीत बाउरी, चास महामंत्री प्रकाश प्रमाणिक, आयोजक पंकज प्रमाणिक, लालबाबू चंद्रप्रकाश, राकेश बाउरी, पंकज तुरी, किशोर बाउरी, रोहित बाउरी, रामनाथ महथा, विजय महथा, सागर प्रमाणिक, सुमित महथा, फिरोज तुरी, भीम सिंह बीरू और सागर के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद हटाया गया पोस्टर



**बेरमो।** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद अंचलधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने पुलिस दल बल के साथ चौक चौराहे और घरों में लगा पोस्टर को हटाने का शुरूआत कर दिया गया है। विभिन्न पार्टी के द्वारा पोस्टर चौराहे में घरों में लगाया गया था। कसमार सीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अभियान चला कर पोस्टर को हटाया गया।

## चन्द्र प्रकाश चौधरी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**बेरमो।** फुसरो युवा व्यवसायी संघ फुसरो में कार्यालय में गिरीडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों वैभव चौरसिया, बैजू मालाकार, राकेश मालाकार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि सभी पदाधिकारी युवा है। उम्मीद है व्यवसायियों के हित में काम करेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट अभी पूरी तरह से तय नहीं हुई है। केंद्रीय नेतृत्व का जैसा आदेश होगा। उसका पालन किया जाएगा। यदि केंद्रीय नेतृत्व टिकट देकर चुनाव लड़ने को कहता है तो मैं चुनाव जरूर लड़ूंगा। कहा कि सभी के सहयोग से ही बेरमो के बाजार में फिर से रौनक लाने का कार्य किया जाएगा। जिससे कि यहां के लोग पलायन न करें और व्यवसायियों के हित में कार्य हो।

## होली को लेकर कथारा ओपी मे शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**उपद्रवियों व नशा खोरो पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर : प्रभारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने को लेकर रविवार को कथारा ओपी (गोमिया थाना) में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी जितेश कुमार ने की। इस अवसर पर ओपी प्रभारी कुमार ने कहा कि होली के अवसर पर शांति बनाए रखने की आवश्यकता है साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो गया है। ऐसे में पर्व इस प्रकार मनाये के किसी की भावना आहत न हो साथ ही उन्हें अपेक्षा है कि इसे लेकर आप प्रबुद्ध जन प्रशासन को सहयोग करें। आप सभी से आग्रह करेंगे कि इस अवसर पर्व पर लोग आपस में भाईचारे का संबंध बनाकर किसी प्रकार का हो हल्ला, शोर शराबा एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने का पूरा प्रयास करें। खासकर उक्त अवसर पर डीजे एवं नशा पान पर अनावश्यक विवाद करने की स्थिति उत्पन्न ना करें। कहा कि आप सबों से मेरा अपील रहेगी। कहा कि हमें उम्मीद है आप हमें इसमें निश्चित रूप से सहयोग करेंगे।उक्त अवसर पर नव प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक संतोष सरदार, सहायक अवर निरीक्षक गुप्तेश्वर पांडेय, थाना मुंशी इंदर पासवान, कथारा पंचायत के मुखिया पूनम देवी, पंचायत समिति सदस्या निभा देवी, झामुमो नेता शमशुल हक, समाजसेवी जाबीर आलम, डॉ सर्जन चौधरी, मथुरा सिंह यादव, पूर्व मुखिया मो. मुस्ताक, मुर्शीद अली, बबलू यादव, विजय यादव, राजेश कुमार पांडेय, गोबिंद यादव, नारायण महतो प्रदीप यादव, रामचंद्र यादव, गोपाल यादव आदि लोग मौजूद थे।

# बोकारो जिले में 1801845 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग : डीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित लोकसभा आम चुनाव 2024 के अनुसार 06 गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 25 मई को मतदान होना है। चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 06 मई नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 07 मई अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 09 मई मतदान की तिथि 25 मई एवं मतगणना की तिथि 04 जून निर्धारित की गई है। उक्त बातें डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एसपी पूज्य प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में कहीं। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र



अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 1801845 है जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 0935046 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 0866782 है। ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 17 है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 34896 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। कुल 1362 भवनों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 2160 है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी विस्तार से दी और बताया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है। सभी उम्मीदवारों को हलफनामा एवं आपराधिक रिपोर्ट भी देनी होगा। लोकसभा चुनाव से संबंधित शिकायत/जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नं डायल 1950 सेवा शुरू की गई है।

मौके पर ये अधिकारी रहे मौजूद : इस अवसर पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह डीएलओ द्वारिका बैठा नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह एपीआरओ अविनाश कुमार सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार पंकज दूबे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ/सीओ विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### एक नजर में

## अधेड़ की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**बोकारो।** तुपकाडीह चौक स्थित पानी टंकी के नीचे से जरीडीह थाना पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक भोला महली बांधडीह दक्षिणी पंचायत निवासी लालू महली का पुत्र बताया जाता है। तांतरी दक्षिणी पंचायत के पंसस ललित नारायण ने बताया कि मृतक भोला की मौत कैसे हुई कहना मुश्किल है। सुबह पुलिस को सूचना दी गई। इधर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## किशोरियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के गरी पंचायत में सहयोगिनी द्वारा संचालित कंप्यूटर के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मौके पर गरी पंचायत की पंसस वर्षा देवी ने कहा कि सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के विभिन्न गांव में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधि चलाई जा रही है जो सराहनीय है। लड़कियों का कौशल बढ़ाना नेतृत्व क्षमता के लिए एक प्रमुख कड़ी है। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ संस्था द्वारा कसमार में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लड़कियों के नेतृत्व क्षमता विकास के लिए कंप्यूटर के साथ साथ ब्यूटीशियन एवं लाख की चूड़ी बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सहयोगिनी की सूर्य मुनि देवी तथा किरण कुमारी ने कहा कि संस्था के द्वारा कसमांर के तीन पंचायत में बाल विवाह को लेकर विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षक सपना जायसवाल काजल कुमारी नीतू कुमारी पायल कुमारी आरती कुमारी जयंती कुमारी सोनिया कुमारी पायल कुमारी खुशी कुमारी बिंदु कुमारी पूजा कुमारी सोनम कुमारी नेहा कुमारी आदि उपस्थित थी।

## 7 जिलों में पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल के गठन आदेश

**बोकारो।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने झारखंड के सात जिलों में पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल के गठन से संबंधित आदेश जारी कर दिया है। फुल टाइम ट्रिब्यूनल को लेकर कोयला मंत्रालय ने अपना प्रस्ताव कैबिनेट सचिव को भेज दिया है जो अगली कैबिनेट की बैठक में रखा जाना है। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल कोयला क्षेत्र के विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करेगा। आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सकारात्मक प्रयास से ट्रिब्यूनल को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी। इस बाबत श्री चौधरी ने केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी व कोयला सचिव अमृतलाल मीणा सहित कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद के साथ बैठक की। इस बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व कई विस्थापित भी शामिल हुए थे। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल का गठन दो साल हेतु चतरा लातेहार हजारीबाग रामगढ़ बोकारो दुमका एवं धनबाद जिले में किया जाएगा। इस ट्रिब्यूनल के संबंधित जिला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगे। विस्थापित की समस्याओं का समाधान करेंगे। सांसद श्री चौधरी ने ट्रिब्यूनल के गठन होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रति आभार जताया है।

## सीसीएल सीएमडी ने किया औचक निरीक्षण



**बेरमो/जारंगडीह।** रविवार को सीसीएल सीएमडी भी वीरा रेड्डी बेरमो कोयलांचल के तीनों प्रक्षेत्रो क्रमश: ढोरी, बीएंडके और केटीए की औचक निरीक्षण को पहुचे। सर्व प्रथम उन्होंने कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान, जारंगडीह रेलवे साइडिंग व क्रेशर तथा कथारा कोलियरी, कथारा वाशरी, गोबिंदपुर कोलियरी आदि खदानों का निरीक्षण किए। कथारा क्षेत्र के तमाम कोलियरीयो के निरीक्षण के क्रम में उनके साथ सीसीएल कथारा जीएम डीके गुप्ता, पीओ पीके गुइंय, आरपी यादव, राजेश कुमार सिंह, के एस पैकरा, निरज कुमार, संतोष कुमार, विशाल शर्मा, कौशल किशोर, मो मुस्ताक, बाल गोविंद नायक, जयनंदन प्रसाद, सीबी तिवारी, अरुण तिवारी के अलावे आउटसोर्सिंग कंपनी एनईपीएल के सी एस मिश्रा के अलावे लगभग अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सीएमडी श्री रेड्डी खदान को काफी नजदीक से देखा और मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को कई जरुरी दिशा निर्देश दिए। मौके पर मौजूद कथारा जीएम श्री गुप्ता को हरहाल मे सुरक्षित लक्ष्य पुरा करने से संबंधित बाते कही। उपरोक्त क्षेत्रो के निरीक्षण उपरांत सीएमडी सीसीएल कथारा अतिथि गृह मे कुछ समय के लिए रुके और फिर अन्य प्रक्षेत्रो के निरीक्षण के लिए निकल पड़े। सीसीएल सीएमडी के क्षेत्र में पहुचने की सूचना के बाद बीते देर शाम से ही सीसीएल कथारा प्रबंधन जरुरी तैयारी में जुटी दिख रहे थे और सभी अधिकारी अलर्ट मोड में नजर आ रहे थे।

## महिला सीसीएल कर्मी के घर में आग, भारी क्षति



**बेरमो/जारंगडीह।** महिला सी सी एल कर्मी के घर में 17 मार्च रविवार की सुबह अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए नगदी सहित जेवरात एवं कीमती कपड़े जलकर खाक हो गये। घटना कथारा ओपी क्षेत्र के बांध बस्ती की बताई जा रही है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुत्र की शादी को लेकर महिला कर्मी द्वारा नगदी एवं कीमती सामान घर में रखने की बात कही जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 10 :00 बजे कथारा कोलयरी में कार्यरत महिला कर्मी लोचनी देवी के बाँध बस्ती स्थित घर में अचानक आग लग गई, देखते-देखते घर में रखा सामान आग के लपटों में जलने लगा, घबराहट में पड़ोसियों द्वारा इसकी तत्काल सूचना कथारा ओपी प्रभारी जितेश कुमार को दी। ओ पी प्रभारी द्वारा इसकी सूचना डीवीसी बोकारो थर्मल स्थित अग्निशमन विभाग को देने के बाद विभाग द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू करने से पूर्व ही घर में रखे नगदी सहित पूरा सामान जलकर खाक हो चुका था। महिला कर्मी द्वारा पुत्र के विवाह समारोह को लेकर नगद लगभग 6 लख रुपए जिसमें 500, 100 एवं 50 के बंडल शामिल है। इसके अलावा विवाह में चढ़ावा के लिए स्वर्ण आभूषण, साड़ी एवं कीमती कपड़ों की खरीदारी की थी वह भी पूरी तरह जलकर खाक हो गयी।

## साहिबगंज में 14 केंद्रों पर जेपीएससी परीक्षा संपन्न

**साहिबगंज।** रविवार को जिला में 14 केंद्रों पर झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 2023 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई उपायुक्त खुद जिला नियंत्रण कक्ष से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा केन्द्रो पर नजर रखे थे। उन्होंने संत जेवियर्स स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय एवं अन्य परीक्षा केंद्रो में जाकर केंद्राधीक्षकों के साथ व्यवस्था का जायजा लिया। निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरा में किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण बंद नहीं हो। यहां राजस्थान इंटर विद्यालय ,जनता उच्च विद्यालय, यमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, साहिबगंज महाविद्यालय, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, संत जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम, संत जेवियर्स हिंदी माध्यम, उत्क्रमित नगर पालिका बालिका उच्च विद्यालय, प्लस टू आदर्श कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरिया, जवाहरलाल नवोदय विद्यालय, संध्या महाविद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें कुल 3768 परीक्षार्थी सम्मिलित होने का लक्ष्य रखा गया था ।

# अभयानंद की सुपर-30 में एडमिशन के लिये टेस्ट

**अभयान**ंद सुपर-30 के संस्थापक श्री अभयानंद जी (पूर्व डीजीपी बिहार) का मानना है कि समाज अपने समस्याओं का समाधान स्वंय कर सकता है। इसी क्रम में उन्होंने वर्ष 2015 में अपनी सेवा निवृति के उपरांत अभयानंद सुपर-30 की स्थापना की। द सुपर-30 अपने स्थापना के प्रथम 2015 से ही समाज के मंघावी छात्रा को रहने खाने और पढ़ाई में अभयानंद सुपर-30 अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। छात्र जो दसवीं की परीक्षा दे चुके हैं 31 मार्च को होने वाली जांच परीक्षा में सम्मलित होने के लिए डब्लडब्लू डब्लू डॉट अभयानंद सुपर30 डॉट कॉम पर आवेदन कर सकते है। तथा छात्र अपने सुविधा अनुसार बिहार एवं झारखण्ड में सेंटर बनाये गये हैं।

## जर्मनी में पढ़ना है? इन टॉप स्कॉलरशिप के लिए करें आवेदन



**जर्मनी** तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं।

जर्मनी तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं। साल दर साल के हिसाब से जर्मनी में भारतीय छात्रों की संख्या 7 फीसदी के हिसाब से बढ़ रही है। जर्मनी की ओर आर्किषत होने के कई कारण हैं जिनमें से कुछ हायर एजुकेशन की कम फीस, पढ़ने के बाद आसानी से वर्क परमिट मिलना आधि शामिल हैं।

### एचडब्ल्यूके फेलोशिप

एचडब्ल्यूके स्कॉलरशिप काफी योग्य वैज्ञानिकों को दी जाती है। फेलोशिप प्रॉजेक्ट के आधार पर जर्मनी में पढने के लिए रेग्युलेर फेलोशिप और जूनियर फेलोशिप तीन और 10 महीने के लिए दी जाती है।

### मैनहीम यूनिर्विसटी डॉचलैंड स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप मैनहीम यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू की गई है। यह मेरिट आधारित स्कॉलरशिप है। ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन आदि की पढ़ाई करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। करीब 24,000 रुपये हर महीने स्कॉलरशिप के तौर पर मिलते हैं।

### जीएसएलएस फेलोशिप, विर्जवर्ग यूनिर्विसटी, जर्मनी

तीन सालों के लिए यह फेलोशिप विर्जवर्ग यूनिर्विसटी, जर्मनी द्वारा पीएचडी फेलोज को दी जाती है। इस स्कॉलरशिप के लिए लाइफ साइंस के किसी भी विषय में डिग्री जरूरी होनी चाहिए। इस फेलोशिप में हर साल करीब 4 लाख रुपये रिसर्च के खर्च, यात्रा आदि पर खर्च के लिए दिए जाते हैं।

### साइंस और इंजिनियरिग में डीएएडी इंटर्नशिप

इस इंटर्नशिप के साथ जर्मनी में मौजूदा रिसर्च परियोजनाओं के हिस्से के तौर पर डॉक्टोरल



स्टूडेंट्स, साइंटिस्ट्स या प्रफेसरों के साथ काम करने का मौका मिलता है। मैथमेटिक्स, इंजिनियरिंग और साइंस के स्टूडेंट फाइनल इयर में या उससे पहले साल में इन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ट्रैवल अलाउंस के तौर पर हर महीने में करीब 50 हजार रुपये मिलता है।

## एस. आर. डीएवी.पुंदाग में कक्षा एकादश में नामांकन जारी

एस.आर.डीएवी.पब्लिक स्कूल,पुंदाग में एकादश वर्ग में नामांकन हेतु नामांकन फार्म विद्यालय में तथा विद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।नामांकन की प्रक्रिया जारी है।विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के नामांकन के लिए आगामी 27.3.24 को प्रातः 9 बजे नामांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

ध्यातव्य है कि एस. आर. डीएवी.पब्लिक स्कूल, पुंदाग रांची के लब्धप्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है, जहां सीबीएसई के द्वारा जारी दिशानिदेर्शों के अनुसार आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करते हुए मूल्य - आधारित शिक्षा व सुसंस्कार दिया जाता है। विद्यालय के दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम हर वर्ष शत - प्रतिशत होते हैं।विद्यार्थियों की संख्या सीमित रखी जाती है ,ताकि प्रत्येक विद्यार्थी पर ध्यान दिया जा सके। जेईई,नीट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहता है।

# चार्टर्ड अकाउंटेंसी: वित्त क्षेत्र में संभावना

**सीए रंजीत सिंह**



**चार्टड** एकाउंटेंट यानी सीए का क्षेत्र वित्त और फिनांस में सबसे बेहतर क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। प्रोफेशनल कोर्सो के बढ़ते क्रेज में कॉमर्स छात्रों के लिए सीए एवरग्रीन है। सफल चार्टर्ड एकाउंटेंट यानी सीए बनना हर कॉमर्स के छात्र का पहला सपना होता है। आज अधिकतर कॉमर्स के छात्र सीए की लाइन में जाना चाहते हैं। लेकिन कुछ ही छात्र अपने सपनों को पूरा कर पाने में समर्थ रहते हैं। सीए करने के बाद आप अपनी कंपनी भी खोलकर उसमें कार्य कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप कई तरह के फर्म के साथ जुड़ कर काम कर सकते हैं।

किसी भी संस्थान में चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा सीए का काम बेहद सम्मानजनक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। वे उस संस्थान अथवा कंपनी से जुड़े सभी अकाउंट एवं फाइनेंस संबंधी कार्यों के प्रति उत्तरदायी होते हैं। इसके अलावा इनका कार्य मनी मैनेजमेंट, ऑडिट अकाउंट का एनालिसिस, टैक्सेशन तथा फाइनेंशियल एडवाइज उपलब्ध कराने से भी संबंधित है। कोई भी छात्र जिसने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कॉमर्स स्ट्रीम में बारहवीं पास किया हो, सीए में करियर बना सकता है। अमूमन छात्र सीए की लाइन में जाने के लिए बारहवीं कक्षा से ही तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन कुछ छात्र सीए की दौड़ में भाग लेने के लिए अपनी शुरुआत ग्रेजुएशन के बाद भी करते हैं। सीए कोर्स की लंबी अवधि के कारण सीए की शुरुआत का सही समय बारहवीं पास करने के बाद का ही होता है। सीए की तैयारी के लिए छात्रों को पहले अपना एकाउंटिंग बेस मजबूत करना चाहिए। ये ग्याहरवीं और बारहवीं कक्षा में गहन अध्ययन के दौरान ही हो सकता है। एक छात्र में मैनेजमेंट और फाइनेंसियल क्षेत्र में एक्सपर्ट नॉलेज के साथ एक्सपर्ट व्यू का होना बहुत जरूरी है। सीए में करियर बनाने के लिए इसकी शुरुआत कॉमन प्रोफिसिएंसी टेस्ट (सीपीटी) से होती है जिसे पास करने के बाद ही छात्र अपने लक्ष्य के पहले पड़ाव को पार कर दूसरे पड़ाव पर पहुंच सकता है। सीए में सीपीटी पास कराने में मदद के लिए बहुत सारे कोचिंग सेंटर खुले हुए हैं, स्कूलों में ट्यूशन की आदत होने से छात्रों को सीपीटी पास करने के लिए भी कोचिंग की आवश्यकता पड़ ही जाती है। लेकिन मेरा मानना यह है कि लगन, कड़ी मेहनत और सेल्फ स्टडी सीपीटी ही नहीं बल्कि सीए पास करने का मूल मंत्र है।

### फीस की रूपरेखा

सीए की तीनों ही परीक्षाओं में फीस की रूपरेखा अलग-अलग है। सीपीटी में जहां छात्रों को प्रॉस्पेक्टस, रजिस्ट्रेशन, जर्नल आदि के रूप में 6700 रुपए देने होते हैं, वहीं आइपीसीसी 10600 रुपए तथा फाइनल कोर्स की फीस 12,250 रुपए तय की गई है। इसके अलावा आर्टिकलशिप ट्रेनिंग फीस 2000 रुपए, 100 घंटे के इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी टेस्ट (आइटीटी) की फीस 4000 रुपए, 35 घंटे के ओरिएंटेशन प्रोग्राम की फीस 3000 रुपए तथा जीएमसीएस की फीस 4000 रुपए तय की गई है। सभी कोर्स व प्रोग्राम को मिला कर यह राशि 42,450 रुपए के करीब बैठती है।

### संभावनाओं का खुला आकाश

सीए का काम अत्यंत चुनौतीपूर्ण व सम्मानजनक है। इसके प्रोफेशनल्स के रूप में देश-विदेश की कंपनियों में फाइनेंस, अकाउंट्स एवं टैक्स डिपार्टमेंट में फाइनेंस मैनेजर, अकाउंट्स मैनेजर, फाइनेंशियल बिजनेस एनालिस्ट, ऑडिटिंगटरनल ऑडिटिंग, स्पेशल ऑडिट्स सहित चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, सीईओ, फाइनेंस डायरेक्टर, फाइनेंशियल कंट्रोलर, चीफ अकाउंटेंट, चीफ इंटरनल ऑडिटर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम कर सकते हैं। इसके साथ ही उनके लिए प्राइवेट प्रैक्टिस व कंसलटेंसी में रोजगार के अवसर मिलते हैं। अधिकांश सीए कॉरपोरेट घरानों को बिजनेस एडवाइज देने तथा प्रोजेक्ट प्लानिंग का काम भी करते हैं। विदेशों में भी भारतीय प्रोफेशनल्स को अवसर मिल रहे हैं। सभी सरकारी व प्राइवेट बैंक, पब्लिक लिमिटेड कंपनियां, ऑडिटिंग फर्म्स, फाइनेंशियल कंपनियां, म्यूचुअल फंड, पोर्ट फोलियो मैनेजमेंट कंपनी, इनवेस्टमेंट हाउस, स्टॉक ब्रोकिंग फर्म्स, लीगल फर्म्स व हाउस आदि में नौकरियां सृजित हो रही हैं।

> **रांची में सीए संस्थान**
>
> रांची में सीए का सेंटर मुक्ति शरण लेन लालपुर चौक में स्थित है।
>
> रांची में 1999 से सीए की परीक्षा आंरभ हुई। रांची में छात्रों का प्रदर्शन बेतहर है और 20 प्रतिशत छात्र सफल होते हैं जो देश में बेहतर है।
>
> ई मेल: ranchi@icai.org
>
> फोन : 0651-2206471

सीपीटी के बाद सीए के सफर में और किन किन स्तरों से मंज कर एक छात्र को अपना लक्ष्य तय करना होता है?

सीए के करियर बनाने के लिए कॉमर्स से जुड़े एक छात्र को ये चार पड़ाव पार करने होते हैं:

**1. कॉमन प्रोफिसिंसि टेस्ट**
**2. इनटीग्रेटिड प्रोफेशनल काम्पिटेन्स कोर्स )**
**3. एकाउंटिंग टेक्निशियन कोर्स**
**4. फाइनल कोर्स**

इन चार पड़ावों से गुजर कर एक छात्र अपने सीए के सफर को पूरा कर सफलता की बुलंदियों को छू सकता है। सीए के इस रण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भाग इसकी ट्रेनिंग का है, क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही छात्र ये सीख सकते हैं कि सीए की असली भूमिका क्या होती है। किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ट्रेनिंग के दौरान ही छात्र चुनौतियों से रूबरू होकर एक्सपर्ट बन सकते हैं।

### वेतनमान

जूनियर लेवल पर 15,000-20,000 रुपए प्रतिमाह तथा सीनियर लेवल पर 30,000-35,000 रुपए प्रतिमाह मिलता है। दो तीन साल का अनुभव होने पर यही राशि 55,000-60,000 रुपए प्रतिमाह के करीब पहुंच जाती है। विदेशी कंपनियां इन्हें लाखों के पैकेज पर रख रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ इनकी सेलरी बढ़ती जाती है। कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। इसका फायदा देख कर ही कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। देश की इकोनॉमी को नियंत्रित करने, इससे जुड़े सिस्टम का ऑडिट और उसे सर्टिफाई करने का काम सीए के जिम्मे होता है। बैंक भी अपना सालाना ऑडिट सीए से कराते हैं। यदि किसी संस्था या व्यक्ति को लोन दिया जाता है तो बैलेंस सीट सीए ही देखता है। शेयरों की खरीद-फरोख्त में भी बैलेंस शीट देखी जाती है। विभिन्न टैक्सों के भुगतान का हिसाब-किताब भी सीए के जिम्मे होता है।

**(लेखक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं )**

## विवेक मन्त्र



आत्मा के लिए असंभव कुछ भी नहीं है। हमारा कर्तव्य है कि अपने ही सर्वोच्च विचार पर खरा उतरने के लिए उनके संघर्ष में हर एक के लिए प्रोत्साहित करते रहें। एक विचार ले लो। एक विचार के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दें। सपना, इस विचार के साथ रहता है। मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, आपके शरीर के हर हिस्से, में विचार भरा हो, ओजस्वी बनने के लिए हर समय प्रयासरत हों।

हर इंसान श्रद्धा से मंदिर में खड़ा होता है। लेकिन हर खड़ा इंसान भी ईश्वरतुल्य है और ईश्वर के तुल्य सम्मान पाने योग्य है।

**स्वामी विवेकानंद**

## जॉब एलर्ट



**सवाल: क्या रेलवे में ढाई लाख से ज्यादा पद रिक्त है। साथ ही केन्द्र में सात लाख पद रिक्त हैं। रवि प्रकाश, रांची**

जवाब:सरकारी जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। काफी दिनों के बाद भारतीय रेलवे इतनी बड़ी संख्या में भर्ती करने जा रहा है। भारतीय रेलवे ने असिस्टेंट लोको पायलट और टेक्निशियन के लाखों खाली पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी एक से ज्यादा आवेदन नहीं दे सकेंगे और ऐसा करने पर उनको भर्ती प्रक्रिया से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**सवाल: सीए को आंरभिक वेतन कितना मिलता है।**
**अनीसा हजारीबाग**

जबावः जूनियर लेवल पर 25,000-30,000 रुपए प्रतिमाह तथा सीनियर लेवल पर 40,000-50,000 रुपए प्रतिमाह मिलता है। दो तीन साल का अनुभव होने पर यही राशि 55,000-60,000 रुपए प्रतिमाह के करीब पहुंच जाती है। विदेशी कंपनियां इन्हें लाखों के पैकेज पर रख रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ इनकी सेलरी बढ़ती जाती है। कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं।

## मोटिवेशन: जब जागो तभी सवेरा

**क**्या आप जानते हैं कि आपका सबसे बड़ा दुश्मन कौन है? आप अपने आप का सबसे बड़ा दुश्मन हैं। यकीन मानें, यह सच हैं।

हमारी हर असफलता, बीमारी, पतन और दुख का कारण हम स्वयं हैं। अगर हम ध्यान से मेहनत करते हुए पढ़ाई करें तो संभवतः किसी भी परीक्षा में असफल नहीं होंगे।

**कुछ आदत जो हमारी ऊर्जा को सकारात्मक बनाती हैं**

हम सुबह सूर्योदय के पहले उठ कर व्यायाम करें, टहल लें, पानी पीयें। क्या ऐसा करना असंभव या कठिन है? क्या इसमें कोई बड़ी राशि खर्च होती है। युवाओं के लिए यह रामवाण है। आज से ही प्रयास करें।

**खुश रहना:** किसी अन्य की मदद के लिए हर समय तैयार रहना, दूसरों की सफलता पर दिल खोलकर बधाई देना और खुश होना, यानी खुश मिजाज होना। क्या इसके लिए कोई विशेष प्रयास की आवश्यकता है। आप के पास अब भी संभावना है, आप प्रसन्न रहने के लिए कुछ करें।

**जब जागो तभी सबेरा:** हम स्वयं का शुत्रु न बनें। अपने को स्वस्थ रखें। मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत बनायें। जीवन में सदैव अपने को आगे बढ़ाने और अन्य को भी आगे ले जाने की बात सोचें। स्वयं को अनावश्यक क्लेश, विवाद, लड़ाई झगड़ा से बचायें। हर बात पर गुस्सा की बुरी आदत से बचें। गुस्सा से संबंध खराब होते हैं और ऊर्जा कम होती जाती है।

**युवाओं का देश:** भारत को युवाओं के देश के रूप में पहचाना जा रहा है। युवा लगातार हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। लेकिन कई बार युवा अपनी योग्यता पहचानने में भूल करते हैं। किसी भी सफलता के लिए उपरोक्त बातों का जीवन में बेहतर ढंग से उपयोग कर सकते हैं। इन बातों पर अमल से अहंकार कम होता है आत्म अनुशासन आता है, जो समाज की बड़ी पूंजी है।



एडी बाधवा
सीएमए सह मोटिवेटर

**राष्ट्रीय नुकसान :** सड़क दुर्घटना या अन्य अराजक कारणों से असामयिक निधन से देश को भारी नुकसान होता है। आप अपने आप को राष्ट्रीय संपत्ति समझें। विश्व के विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा में अपनी अहमियत स्वीकारें और तन, मन और धन के परिप्रेक्ष्य में गंभीर प्रयास करें। आप अधिक से अधिक काम कर सकते हैं।

# इंटरव्यू में रखें इन बिंदुओं का ध्यान

**नागेन्द्र कुमार**



**प्रारंभ** किसी भी व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करना बहुत बड़ी बात होती है। हर कोई चाहता है कि वह एक अच्छी और बड़ी कंपनी में बेहतर सैलरी वाली नौकरी करे। अच्छी नौकरी उस व्यक्ति को मिलती है जिसके पास अच्छी क्वालिफिकेशन हो और साथ ही इंटरव्यू में जिसने बेहतरीन प्रदर्शन दिया हो। आपका इंटरव्यू ही इस बात का फैसला लेता है कि आप उस कंपनी में काम करने के उपयुक्त हैं या नहीं। इंटरव्यू में आपका प्रदर्शन ही आपको अच्छी सैलरी वाली अच्छी नौकरी दिला सकता है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपका इंप्रेशन इंटरव्यू लेने वाले पर काफी अच्छा हो। आज हम आपको बताएंगे ऐसी ही कुछ बातों के बारे में जिन्हें इंटरव्यू में बोलने से आपकी नौकरी कंफर्म हो जाएगी। उसे आपसे कोई नहीं छीन सकता।

### कम बातें करना

इंटरव्यू में जितना बोलना जरूरी हो उतना ही बोलना चाहिए। किसी भी बात को बढा-चढाकर बोलने की कोशिश न करें। ऐसा करने से नुकसान हो सकता है। कई बार आपका इंटरव्यू ले रहे लोगों को यह समझ में नहीं आता कि आप क्या सही बोल रहे हैं और क्या गलत। इससे आपका इंप्रेशन खराब होता है। जरूरी है कि आप सोच समझकर सिर्फ जरूरी बातें करें।

**जितना काम कर सकें उतना ही बोलें**

कुछ कैंडिडेट्स सोचते हैं कि यदि वह यह बोल देंगे कि उन्हें सारे काम आते हैं तो उनका सिलेक्शन आसानी हो जाएगा लेकिन यह बिल्कुल गलत है। ऐसा बोलने से आपका इंप्रेशन गलत पड़ता है। आपको सिर्फ उतना ही बोलना चाहिए जितना आप कर सकते हें। जितना काम कर सकें उतने के बारे में ही चर्चा करें।

**अपने बारे मे सच कहें**

कुछ कैंडिडेट्स इंटरव्यू में बैठकर अपनी तारीफ शुरू कर देते हैं। वह अपने आप को परफेक्ट साबित करने के लिए कुछ भी कहने लगते हैं। कई बार ऐसा करने के लिए झूठ भी बोल देते हैं जो कि गलत है। अपने बारे में हमेशा सच ही कहें। इंटरव्यू में कोई भी बात बोलने से पहले कई बार सोच लें।

**अपनी कमजोरियों नहीं मजबूतियों का जिक्र करें**

किसी भी कैंडिडेट को अपने इंटरव्यू में अपनी कमजोरियों और किसी भी तरह की परेशानियों का जिक्र कभी नहीं करना चाहिए। उन्हें सिर्फ अपने स्ट्रॉन्ग प्वाइंट के बारे में ही बताना चाहिए। आप भले ही कितने भी परेशान हों लेकिन अपनी इन परेशानियों के बारे में कोई बात न करें। ये किसी को जानने न दें कि आपको अपनी निजी जिंदगी में क्या प्रॉब्लम हो रही है।

## करियर जोन



**सवाल : रेलवे साइको टेस्ट क्या होता है? यह क्यों आवश्यक है? रवि, रांची**

**जवाब :** । रेलवे लोको पॉयलट के लिए बड़ी संख्या में नियुक्ति की सूचना प्रकाशित की गयी है। इसके लिए आइटीआइ सहित तकनीकी डिप्लोमा होल्डर युवा भी आवेदन कर सकते हैं। रेलवे में सिर्फ लोका पायलट के पद के लिये ही यह परीक्षा आयोजित की जाती है। उत्तीर्ण छात्र परीक्षा में भाग लेते हैं। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद साइको टेस्ट में भाग लेना अनिवार्य है।

**सवाल :एसएससी के माध्यम से जूनियर इंजीनियरिंग की भर्ती सूचना कब प्रकाशित होगी। प्रशांत, धनबाद**

**जवाब :** एसएससी के माध्यम से प्रकाशित होने वाली रिक्तियों की सूचना हर वर्ष जनवरी - फरवरी के अंत तक प्रकाशित होती है। इस वर्ष में चुनाव के कारण पूरी प्रकिया बाधित है। रोजगार समाचार का नियमित अध्ययन करते रहें।

**ई-मेल**

nkmurlidhar@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

# स्वरोजगार के अवसर

**आ**जकल कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां रोजगार की असीम संभावना है और कम पूंजी से भी इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावना है।

**खाना बचाकर कमाएं लाखों:** खाद्य प्रौद्योगिकी एवं प्रसंस्करण तकनीक के जरिए बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री का प्रसंस्करण कर उन्हें खराब होने से बचाया जा सकता है तथा बाजार में उपभोग हेतु सही चीजें उपलब्ध कराई जा सकती है। अगर आंकड़ों की मानें, तो इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष लगभग ढाई लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। जी.बी.पंत एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखण्ड, इग्नू, मैदानगढ़ी, नई दिल्ली, नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल और सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में कोर्स कराए जाते हैं।

**शहद बेचकर मोटी कमाई:** अगर आप शहद बेचकर अच्छी कमाई करना चाहते हैं, तो मधुमक्खी पालन का क्षेत्र भी आपके लिए उपयुक्त हो सकता है, लेकिन इसके लिए आपको इससे संबंधित कोर्स करने होंगे, जिससे आप इस क्षेत्र को बखूबी समझ सकें। मधुमक्खी पालन विभाग, कृषि भवन नई दिल्ली व खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, गांधी दर्शन, नई दिल्ली और स्मॉल स्केल इंडस्ट्री मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली में ये कोर्स कराए जाते हैं।



**दूध में सेहत भी कमाई भीः** डेयरी टेक्नोलॉजी भी प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए कार्य के कई विकल्प उपलब्ध कराता है। यहां सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के कई विकल्प हैं। यहां प्रशिक्षित लोगों को डेयरी फार्म, कोऑपरेटिव सोसायटी, ग्रामीण बैंकों, मिल्क प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग व मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में कार्य के मौके मिलते हैं। डेयरी तकनीक में दक्ष व्यक्ति चाहें तो अपना मिल्क प्लांट, क्रीमरी, आइसक्रीम यूनिट भी शुरू कर सकते हैं। नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल और आनंद एग्रीकल्चरल यूनिर्विसटी, आनंद (गुजरात) में संबंधित कोर्स कराए जाते हैं।

**महकते फूलों में कमाई:** फूलों के उत्पादन के काम ने भी रोजगार के नए अवसर खोले हैं। इस क्षेत्र में फूलों के उत्पादन से लेकर उसकी पैकेजिंग व आपूर्ति तक का प्रबंधन शामिल है। फूल उगाने से लेकर फूलों का व्यापार, उत्पादन, पौधारोपण और उसके बीजों का संरक्षण जैसे कार्य फ्लोरिकल्चर में शामिल हैं। इस उद्योग में फार्म मैनेजर, पौधारोपण विशेषज्ञ, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जैसे कई पद हैं। कुरूक्षेत्र यूनिर्विसटी, कॉलेज ऑफ हॉर्टी कल्चर एंड फॉरेस्ट्री, अरुणाचल प्रदेश, सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्लोरिकल्चर, नालंदा ओपन विश्वविद्यालय, पटना और इलाहाबाद स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, इलाहाबाद में कोर्स कराए जाते हैं।

**रूरल मैनेजमेंट में रोजगार के मौके:** रूरल मैनेजमेंट यानी ग्रामीण प्रबंधन में कृषि उत्पाद, उद्योगों तथा खादी ग्रामोद्योग पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए योग्यता स्नातक निर्धारित है। रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद आप एनजीओ, गवर्नमेंट डेवलपमेंट एजेंसी, को-ऑपरेटिव बैंक, इंश्योरेन्स सेक्टर आदि में भी नौकरी के लिए प्रयास कर सकते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, जयपुर, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली और एमिटी स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट, नोएडा में संबंधित कोर्स कराए जाते हैं।

स्पीड न्यूज

## प्रशनपत्र लीक कांड की सीबीआई जांच हो

**धनबाद।** झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि प्रांत एक बार पुन: शर्मसार हुआ है। वर्तमान चम्पई सोरेन सरकार ने लाखों प्रतियोगी छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक किया है। आकंठ भ्रष्टाचार में डुबी राज्य. सरकार ने अराजकता और विफलता के काले कारनामों का इतिहास रचा है। लगातार हो रही परीक्षाओं के प्रश्न .पत्रों की लीक की जांच अब सीबीआई को सौंप देना समय की मांग है। श्री झा ने कहा कि युवाओं के सपनों पर भ्रष्टाचार के कुठाराघात से जनाक्रोश अपने चरमावस्था में है। आगामी चुनावों में इसका भारी खामियाजा झामुमो और कांग्रेस गठबंधन को भुगतना होगा।

## धनबाद शहर में चढ़ने लगी होली की खुमारी

**धनबाद।** होली अभी चार दिन दूर है, मगर शहर में जगह-जगह पर्व की खुमारी चढ़ने लगी है। पार्क, बाजार और गलियों में हलचल बढ़ गई है। हंसी-ठिठोली का बाजार गर्म है। रविवार को शहर के राजेंद्र सरोवर में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सरोवर के गार्डन में कुछ बच्चे डांस के साथ साथ होली का भी आनंद लेते दिखे। हाथ में गुलाल लेकर कई बच्चे डांस करते तथा फोटो शूट कराते रहे। वही अमन डांस एकेडमी के डायरेक्टर ने कहा कि होली आने को है। बच्चों के साथ एक वीडियो शूट कर रहे हैं, ताकि इस यादगार लम्हे को संजो कर रख सकें।

## चिरकुंडा में हटाये जाने लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर-बैनर

**चिरकुंडा।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा रविवार से क्षेत्र में लगे राजनीातिक दलों के पोस्टर,होर्डिंग,बैनर आदि को हटाना प्रारंभ कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय के आसपास व नेहरू रोड किनारे लगे राजनीतिक दलों के बैनर,होर्डिंग,पोस्टर आदि को हटाया गया। यह अभियान अभी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन राजनीातिक दलों के नेताओं को पोस्टर,बैनर,होर्डिंग आदि लगाने की ले स्वीकृति लेनी है, वे सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ एग्यारकुंड से अनुमति ले सकते हैं। मौके पर सुपरवाइजर अनिल साव,ओंकारनाथ श्रीवास्तव, चिन्मय बनर्जी, अमर दास, बैजू साव, अनुप कुमार आदि मौजूद थे।

## एकल अभियान सिंदरी संच ने महिला समिति के बीच बांटे बीज

**सिंदरी।** एकल अभियान सिंदरी संच द्वारा बलियापुर के सरसाकुड़ी अंतर्गत गड़ियाघुटू आदिवासी टोला में ग्रीष्म ऋतु के बीज का वितरण रविवार को किया गया। संच अध्यक्ष गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने उत्तम क्वालिटी हाइब्रिड बीज नेनुआ, खीरा, भिण्डी, बरबटी की व्यवस्था की। संच प्रतिनिधि ने कहा कि अध्यक्ष की सोच है कि एकल अभियान के तहत जैविक खेती कर अपने परिवार और बच्चों को स्वस्थ बनाएं तथा गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर बने। हर बच्चे को प्रतिदिन 250 ग्राम सब्जी तथा 250 ग्राम दूध मिलना चाहिए। महिला समितियों को वर्षा ऋतु में हल्दी का बीज देकर गांव के हर घर में एकल हल्दी का उपयोग शुरू कराना है।

## सड़क दुर्घटना में घायल परिवार का कराया इलाज

**कुमारधुबी।** गोविंदपुर के देवली में विगत 3 मार्च को एक ऑटो पलट जाने से उसमें सवार दो महिला एवं एक छह वर्षीय बच्चा घायल हो गए थे। खबर मिलते ही समर्पण एक नेक पहल संस्था के ज़िला अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल ने उन मरीजों को गोविंदपुर स्थित विश्वकर्मा नर्सिंग होम में इलाज कराया। संस्था के सक्रिय सदस्य पप्पू केवट, राजु सिंह, धर्मेंद्र चौहान, बिक्की कुमार के साथ नर्सिंग होम पहुंचे और तीनों घायलों को दवा खरीद कर दी।

# जेपीएससी के परीक्षार्थियों ने किया हंगामा, विलंब से शुरू हुई परीक्षा

## प्रश्न पत्र व आंसर शीट के क्रमांक में गलती से थे नाराज, अधिकारियों ने समझाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी राजकीय उच्च विद्यालय में रविवार को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारम्भिक प्रतियोगिता (जेपीएससी) की परीक्षा में जम कर हंगामा हुआ। परीक्षार्थी प्रश्न पत्र और आंसर शीट अलग-अलग होने के कारण नाराज थे। उनका कहना था कि इस गड़बड़ी के कारण रिजल्ट में भी व्यवधान हो सकता है। परीक्षर्थियों ने शिक्षकों से शिकायत की। लेकिन उनकी शकियात अनसुनी कर दी गई। इसके बाद सभी परीक्षर्थी उग्र हो गए और हंगामा करने लगे। स्कूल प्रबंधन ने स्थानीय थाना को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मनोहर करमाली पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी ली और वरीय अधिकारियों को सूचना दी। इसके तुरंत बाद जिला मुख्यालय से एसडीएम उदय रजक, पुटकी सीओ विकास आनंद सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे और परीक्षार्थियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बाद में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षार्थियों ने बताया कि पुटकी उच्च विद्यालय में गिरिडीह के छात्रों का परीक्षा केंद्र पड़ा है। प्रश्न पत्र और आंसर शीट का क्रमांक एक होना चाहिए। मगर दोनों का क्रमांक अलग अलग है। इसी कारण परीक्षा का बहिष्कार कर रहे थे। मगर जिला प्रसाशन के हस्तक्षेप के बाद लगभग पौने घंटा बिलंब से परीक्षा शुरू हुई। कुछ परीक्षर्थियों का कहना था कि दोनों का क्रमांक नहीं मिलने के कारण रिजल्ट में गड़बड़ी की पूरी संभावना है। क्लास नं तीन और चार में ही ऐसी गड़बड़ी पाई गई। एक क्लास में साठ विद्यार्थियों के बैठने की जगह बनाई गई थी, जिससे दोनों क्लास को मिलाकर लगभग एक सौ बीस परीक्षार्थियों को ऐसी समस्या का सामना करना पड़ा। हालांकि जिला प्रशासन के प्रयास से द्वितीय पाली की परीक्षा भी शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## धनबाद में चार परीक्षार्थियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

धनबाद। सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार की दोपहर जेपीएससी के छात्रों ने जमकर बबाल किया। छात्रों ने दूसरी पाली की परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल में परीक्षार्थियों ने स्कूल प्रबंधन पर अव्यवस्था के गंभीर आरोप लगाए हैं। कुछ परीक्षार्थी स्कूल के अंदर ही थे। छात्रों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह अंदर से निकले ही नहीं हैं। इसी को लेकर परीक्षार्थियों में भारी आक्रोश है। परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया, जिसे जिला प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से शांत कराया। मौके पर हंगामा करने वाले 4 युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया और थाने ले गई है। मामले की जानकारी मिलने पर सरायढेला पुलिस, एडीएम लॉ एंड आर्डर, डीवाई एसपी लॉ एंड आर्डर समेत पुलिस अधिकारी पहुंचे।

## धनबाद में परीक्षार्थियों ने किया हंगामा



धनचाद में परीक्षार्थियों को समझाते पुलिस अधिकारी।



धनबाद में परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा करते परीक्षार्थी।

## धनबाद रेल मंडल ने चलाया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल की ओर से रविवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों पर भी गहन टिकट चेकिंग के लिए 187 कर्मियों को तैनात किया गया था। टिकट चेकिंग अभियान के तहत 1503 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 7 लाख 21 हजार 190 रुपये जुर्माना के रूप में वसूला गया। चेकिंग में बिना टिकट यात्रा कर रहे व बगैर बुक कराये सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया।

# डेफोडिल्स एकाडेमी करकेंद में क्विज प्रतियोगिता

## षष्ठम और दशम वर्ग के 260 विद्यार्थी हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडेमी में रविवार को 'एक नजर शिक्षा की ओर' संस्था की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में षष्ठ से दशम वर्ग के लगभग 260 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता का अंतिम चरण था। प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी छात्र-छात्राओ में उत्साह देखने लायक था। संस्था के निर्देशक गौतम राम ने सभी को यह जानकारी दी कि अंतिम चरण में विजयी प्रतियोगियों में प्रथम स्थान पाने वाले को लैपटॉप, द्वितीय स्थान पाने वाले को डेस्क टॉप एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को साइकिल और ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। फाइनल में टॉप पचास प्रतियोगियों को शानदार पारितोषिक दिया जाएगा। डैफोडिल्स एकाडेमी के प्राचार्य तापस बनर्जी ने अभिभावकों का विशेष ध्यान रखा।




### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक प्रभाकर मिश्रा, एसआर कर,चंदन पासवान, शशि गुप्ता, शिल्पा सिंह, करुणा चंदा एवं संस्था के निदेशक सहित उनके सहयोगी बुलबुल शर्मा, किशन चौहान,आयुष सिन्हा, गुड्डु कुमार,अमित कुमार, गौरव कुमार, मनीष वर्मा,अमरेंद्र कुमार, रितेश कुमार व अभय कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

एक नजर में

## पूर्वी टुंडी के मैरानवाटांड़ में एक बंदर के उत्पात से भयभीत हैं लोग



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मैरानवाटांड़ पंचायत क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से जंगली बंदर उत्पाद मचाए हुए है। मुख्य मार्ग पर आकर बंदर सड़क के किनारे लगी दुकानों में घुस जाता है और सामग्री फेंकने लगता है। आने जाने वाले बाइक सवार लोगों पर भी झपट्टा मार देता है। क्षेत्र के लोग अपने घर का दरवाजो खोलने से भी डर रहे हैं। पंचायत भवन में कुछ दिन पहले एक बैठक में बंदर पहुंच गया और जमकर उत्पात मचाया था। इस कारण बैठक भी नहीं हो सकी थी। रविवार को भी कई दुकानों से चिप्स उठाकर बंदर ने सड़क पर फेंक दिया। बंदर को भगाने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। स्थानीय पंचायत के मुखिया खमा मोदक ने कहा कि जंगल विभाग को कई दिन पहले सूचना दी गई है, लेकिन अभी तक उसे पकड़ा नहीं गया है। क्षेत्र में लोग काफी भयभीत हैं।

## मैथन पुलिस ने इनोवा कार से बरामद किये सवा लाख रुपये

**मैथन।** झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर वाहन जांच के दौरान रविवार को मैथन पुलिस ने एक इनोवा कार से सवा लाख रुपये नगद बरामद किया है। मैथन पुलिस रुपये की जांच में जुट गई है। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमा पर वाहनों की गहन जांच का अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश का पालन किया जा रहा है। जांच में मिली राशि की जांच-पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं कार मालिक विवेक अग्रवाल जो नियामतपुर, पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, ने बताया कि यह रकम कल शनिवार को बैंक से निकाली थी। काम की व्यस्तता के कारण घर में रखना भूल गया था और आज अचानक चिरकुंडा आना पड़ा। बता दें कि 14 मार्च को भी जांच के दौरान मैथन पुलिस ने 10 लाख रुपये हुंडई कार से बरामद किये थे।

## चिरकुंडा प्रजापति ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के राजयोग भवन में गोष्ठी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के नेहरू रोड प्रजापति ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के राजयोग भवन में रविवार की सुबह माउंट आबू से आये सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता बीके डॉ ई बी स्वामीनाथन द्वारा जीवन जीने की कला विषयक गोष्ठी में सैकड़ों लोगों ने उनकी प्रेरणादायी बातों को सुना। स्वामीनाथन ने बताया कि सहज राजयोग के साधन से कैसे जीवन को सरल एवं उत्तम बनाया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने कहानी के माध्यम से सारी बातों को समझाया। कहा कि लोग खुशी पाने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं, जबकि खुशी उनके पास ही होती है। जैसे मृग की नाभि से सुगंध निकालती है और उसकी खोज में वह इधर उधर भटकता रहता है, ठीक उसी तरह मनुष्य भी सुख पाने के लिए इधर उधर भटकता रहता है। उन्होंने पांच शब्दों में सारी बातों को समझाया, जिसमें ए फोर आत्मा, बी फोर बाबा,सी फोर कंसनस्ट्रेशन एवं ई फोर एंड शामिल है।। कहा कि चाहे जितनी भी मुसीबतें आए, कभी भी गुस्साना नहीं चाहिए। हर वक्त मुस्कान चेहरे पर होनी चाहिए तभी जीवन सफल हो पाएगा। मौके पर केंद्र संचालक अर्चना बहन,बीके पिंकी, ममता बहन, उषा बहन, मोनिता, रिम्पा, जीतेन्द्र भाई, जोगेंद्र भाई, मुकेश भाई, अजय भाई, विमल भाई एवं सेंटर से जुड़े सभी मौजूद थे।

# गैस सिलेंडर के विस्फोट से टेंपो के उड़े परखचे

## • शॉर्ट सर्किट से टेंपो में आग लगने की संभावना

## रात दो बजे की घटना के बाद फैली दहशत



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र का अंतर्गत सिक लाइन कॉलोनी में दुर्गा मंडप के समीप शनिवार की रात गैस सिलेंडर के विस्फोट से टेंपो के परखचे उड़ गए। सिलेंडर टेंपो में ही रखा था, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया। घटना रात दो बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में जोरदार आवाज सुनाई पड़ी थी। हालांकि टेंपो में विस्फोट की जानकारी रविवार की सुबह हुई। लोगो ने बताया कि विनोद गुप्ता नामक व्यक्ति टेंपो पर चाय-नाश्ता की दुकान चलाता था। रात में गैस सिलेंडर सहित सारा सामान टेंपो में रख दिया जाता है। संभवतः शॉर्ट सर्किट से ही गैस सिलेंडर में आग लग गई और उसके बाद विस्फोट हो गया। रात्रि लगभग 2 बजे की इस घटना ने कुछ क्षण के लिए दहशत फैला दी। सुबह घटनास्थल पर लोगों भीड़ जुट गई। भयवश दुकानदार सामने नहींआ रहा है।

# मैथन उत्सव के चौथे दिन रोड रेस और नृत्य प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** मैथन उत्सव के चौथे दिन रविवार को रोड रेस और नृत्य प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रोडरेस पांच ग्रुपों एवं नृत्य प्रतियोगिता तीन ग्रुपों ग्रुप एए ग्रुप बी एवं ग्रुप सी में सम्पन्न हुआ। रोडरेस 15 साल तक के लड़कों एवं लड़कियों के लिए दो ग्रुपए 15 साल से अधिक आयु वर्ग के लड़कों एवं लड़कियों के लिए दो ग्रुप तथा सिनियर सिटीजन के लिए एक ग्रुप में आयोजित किया गया। लड़कों व लड़कियों के लिए मैथन डैम के शहीद बेदी से पोस्ट ऑफिस चौक तक तीन किलोमीटर दौड़ हुआ। जबकि सिनियर सिटीजन का दौड़ चैयरमेन कैम्प हाऊस से पोस्ट ऑफिस चौक तक डेढ़ किलोमीटर का हुआ। वहीं नृत्य प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 10 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों के लिए ग्रुप एए 10 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए ग्रुप बी एवं ग्रुप सी में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चों को बांटा गया था। जिसमें सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया और मनमोहक व शानदार प्रदर्शन से सबको मंत्रमुंग्ध कर दिया। मौके पर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और उनके धर्मपत्नी अनिंदिता चटर्जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

# अभ्युदय समृद्धि योजना का होली मिलन

## कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रविवार को अभ्युदय समृद्धि योजना होली मिलन समारोह समिति इंडस्ट्रीयल एरिया हाईटेंशन कालोनी के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश पाण्डेय, मुनचुन राय उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि होली अपसी भाईचारे का प्रतिक है,सभी लोग शांतिपूर्वक होली मनाएं और इसका आनंद लें,यह त्योहार सारे भेदभाव भुलाकर धूमधाम से मनाने का है। मौके पर रमेश पाण्डेय, मुनचुन राय आदि ने भी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर बिहार से आए मशहुर भोजपुरी गायक ज्ञानी गौतम,और गायिका मिशा कुमारी ने होली के गाने गाकर शमा बांध दिया, कार्यक्रम में समिति के लोगों सहित अतिथिगण उपस्थित थे।

# सरना समाज की बैठक में 12 को सरहुल मनाने का निर्णय

**इटकी।** सरहुल पूजा को लेकर सरना समाज के लोगों ने रविवार को झखरा टोली स्थित सरना स्थल पर बैठक की। बैठक में सरहुल पूजा को पारंपरिक रूप से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया और 11 अप्रैल को सरहुल पूजा व 12 अप्रैल को विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में पड़हा राजा अमन उरांव बीरा उरांव प्रधान सुका उरांव भोला उरांव बिगा मिंज बंधना मांगा अशोक उरांव पनभरा श्रीनाथ कच्छप सोमरा पाहन मौजूद थे।

## शिविर में 100 मरीजों की हुई नेत्र जांच

**कतरास।** बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार ट्रस्ट की ओर से 17 मार्च रविवार को कतरास के डॉ राजेन्द्र प्रसाद सेवा संस्थान (राजेंद्र क्लब) में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 मरीजों के नेत्र की जांच की गई। इससे पहले चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से डॉक्टरों की टीम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

## लोयाबाद सेंद्रा मोड़ पर ट्रक-हाइवा में टक्कर



**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र में रविवार को लगभग दस बजे धनबाद-कतरास मुख्य मार्ग पर सेन्द्रा गोलाई के समीप एक ट्रक और हाइवा में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर से ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक के चालक को हल्की चोट भी आई है। हालांकि मौका देखकर चालक ट्रक छोड कर फरार भी हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक संख्या (जेएच 10 जेड8823) नया मोड की ओर से लोयाबाद की तरफ जा रहा था, जबकि हाइवा संख्या (जेएच 02 के 2305) लोयाबाद की तरफ से नया मोड की ओर जा रहा था। ट्रक तेज रफ्तार में था, जिसने सेन्द्रा गोलाई के समीप अनियंत्रित हो कर हाइवा के बीच वाले हिस्से में जोरदार टक्कर मारी। दोनों ही गाडियां अनियंत्रित हो गई, जबकि ट्रक बीच रोड पर खडा हो गया। हाइवा धनबाद नगर पालिका (डीएमसी )का बताया जा रहा है। हाइवा चालक मौका देखकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने लोयाबाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और किरान के जरिये ट्रक को रोड से हटवाकर लोयाबाद थाने ले आई।

# लाली के किसानों को नहीं मिली किसान सम्मान निधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रविवार को लाली पंचायत के सुदूरवर्ती गांव फतेहपुर में किसानों की बैठक रामचंद्र मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नामकुम लैंप्स की अध्यक्ष आरती कुजूर ने लैंप्स से मिल रही सुविधा के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि जहां सरकार लैंप्स के माध्यम से धान की खरीद 23 रुपए प्रति किलो खरीदती हैए वहीं बिचैलिए एक तो काम दाम में खरीदते हैं उपर से उनका तौल भी सही नही रहताएइसलिए सभी किसान अपनी उपज लैंप्स के माध्यम से बेचे, लैंप्स से धान, खाद, नैनो खाद के साथ किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर इसका लाभ उठाने की भी बात कही स वहीं एफपीओ की निदेशक अंजली लकड़ा ने किसान संगठन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज के जीवन शैली और जहरीले खान पान के कारण लोगों को कई तरह की बीमारी हो रही है इसलिए आज ऑर्गेनिक खेती और उसकी उपज की मांग ज्यादा है। उन्होंने कहा कि साथ ही मोटा अनाज की भी मांग है इसलिए जंगल के उपज के साथ मोटे अनाज का किसान खेती करे किसान संगठन उसके लिए बाजार उपलब्ध कराएगा। वही कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही किसान सम्मान निधि की राशि कई किश्तों में बची हुई है। समस्या को लेकर अंचल कार्यालय जाने पर बैंक भेजा जाता है और बैंक जाने पर अंचल कार्यालय वापस भेजा जाता है। कई बार इन कार्यालयों का चक्कर लगाने के बाद गांव के किसान हताश होकर वापस आ जाते हैं इसलिए इन किसानों का पैसा मिले यह मांग किया गया। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा केसीसी का लोन माफ करने की घोषणा के बाबजूद भी अभी तक ऋण माफ नही करने, राशन कार्ड, उज्जवला गैस, पानी की किल्लत पर भी लोगों ने अपनी बातें रखी।



### मौके पर थे मौजूद

बैठक में आरती कुजूर, अंजली लकड़ा, दिलीप हजाम, दिग्विजय मुंडा, अनिल हजाम, सोमनाथ मुंडा, अंकिता मुंडा, रविन्द्र हजाम, शिवचरण मुंडा, गोवर्धन मुंडा, प्रकाश मुंडा, अभिषेक मुंडा, राहुल मुंडा, बसंत मुंडा, जगरनाथ मुंडा व ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**नामकुम।** रविवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में सदाबहार चौक, स्थित सांसद समाधान केंद्र में श्री पद्मनाभा आई इंस्टीट्यूट (पीपी कंपाउंड सुजाता चैक) के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस निशुल्क जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने नेत्र की जांच कराई। जांच के दौरान मोतियाबिंद के मरीज भी मिले। शिविर का उद्घाटन आरती सिंह ने फीता काटकर किया उन्होंने कहा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें सेवा करने का मौका मिला। इस नेत्र जांच शिविर में नीलम चौधरी, बबीता वर्मा, प्रमोद सिंह, जिप सदस्य रामावतार केरकेटा, मुकेश सिंह अमन सिंह बघेल, लोकेश चैधरी, उत्कर्ष मौर्य, उर्मिला ,प्रज्ञा भारती, जयंती,शिल्पी शालिनी आदि उपस्थित थे।

# आइपीएल शुरू होने से ठीक पहले उखड़े ईशान बदतमीजी करने वालों को सुनायी खरी-खरी

एजेंसी

**मुंबई।** चौतरफा विवादों में घिरे क्रिकेटर ईशान किशन के पास आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके खुद को फिर से साबित करने का सुनहरा मौका है। 22 मार्च से शुरू होने जा रही दुनिया की सबसे महंगी टी-20 लीग से पहले यह खब्बू बल्लेबाज कुछ उखड़ा-उखड़ा सा नजर आ रहा है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस प्रैंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से ईशान किशन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए प्रैक्टिस सेशन के दौरान पानी की बोतलें इधर-उधर न फेंकने का आग्रह कर रहे हैं। ईशान किशन ने मुंबई इंडियंस द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कहा, हर कोई अभ्यास के लिए आता है। लेकिन जहां भी वे जाते हैं, उन्हें हर जगह पानी की बोतलें नहीं फेंकनी चाहिए। कोशिश करें और अपने मैदान को साफ रखें। बस छोटी चीजें और आप हर चीज में सुधार करेंगे। छोटे बदलाव भी महत्वपूर्ण हैं, जो आपको करना चाहिए। वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। कमेंट्स और लाइक्स की बाढ़ आ चुकी है।



झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी सहित राष्ट्रीय और घरेलू मुकाबले से बाहर रहना ईशान किशन को उस वक्त भारी पड़ा, जब बीसीसीआइ ने अपने सैंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब यह युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में शानदार कमबैक के साथ सिलेक्टर्स का ध्यान खिंचना चाहेगा। पिछले सीजन में, मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी, लेकिन गुजरात टाइटंस ने उसे हराकर टूनामेंट से बाहर कर दिया था। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को अपनी कप्तान में पांच आइपीएल जिताए हैं, लेकिन नवंबर 2023 में मुंबई ने ट्रेडिंग विंडो के माध्यम से ऑल-कैश डील में ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में ट्रेड किया। इस लेन-देन से मिले पैसे से मुंबई ने हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस को भारी-भरकम कीमत देकर अपने साथ जोड़ लिया। वैसै क्विंटन डी कॉक, कायरन पोलार्ड, ट्रेंट बोल्ट सरीखे खिलाड़ियों के जाने के बाद से मुंबई इंडियंस में पहले की तरह धार नहीं बची है, लेकिन टीम ने मिनी ऑक्शन में गेराल्ड कोएट्जी, दिलशान मदुशंका, मोहम्मद नबी और नुवान थुशारा जैसे टैलेंट्स को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की है।

## चोट से उबरने के लिए लगाए गए इंजेक्शन टखने से खून निकाला गया: हार्दिक पांड्या

एजेंसी

**मुंबई।** हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने पिछले साल विश्व कप के मैचों के लिए फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई इंजेक्शन लेने और अपने टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को वनडे विश्व कप से बाहर बैठना पड़ा। विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से बाहर गये थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा, मैंने अपनी एड़ी पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे अपने टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करता हूं। पांड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत करने से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गये विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि (अगर) मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं। पांड्या ने कहा, जब मैं अपनी ओर से पुरजोर कोशिश कर रहा था तो यह चोट फिर से उबर गयी और यह ऐसी चोट में तब्दील हो गयी जिससे उबरने में तीन महीने का समय लगता। मैं चलने में सक्षम नहीं था लेकिन मैं उस समय दौड़ने की कोशिश कर रहा था। इस 30 साल के खिलाड़ी को पांच दिनों में टीम में वापसी का भरोसा था लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। उन्होंने कहा, जब मैं (चोट के बाद मैदान से बाहर) आया, तो मैंने टीम को सूचित किया कि मैं पांच दिनों में वापस आऊंगा। मैंने 10 दिनों तक वापसी की कोशिश की, वापसी करने और टीम में फिर से शामिल होने के लिए दर्द निवारक दवाएं लीं। लेकिन यह अलग तरह की चोट थी और इसके बारे में बहुत कम लोग जानते थे। पांड्या ने कहा कि विश्व कप में पूरी तरह से नहीं खेल पाने का बोझ हमेशा उनके दिल पर रहेगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे बड़ा गर्व देश के लिए खेलना है। मैं हर हालत में घरेलू मैदान पर विश्व कप खेलना चाहता था।



## शानदार शुरूआत के बाद आरसीबी के गेंदबाजों से सामने दिल्ली ने किया सरेंडर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वूमेन प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मुकाबले में दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर अपने होम ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी के खिलाफ खेलते हुए पहली पारी में दिल्ली की टीम ने 18.3 ओवर में 113 रन बनाए और आउट हो गई । इस मैच में दिल्ली की शुरूआत शानदार रही और ये टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई और बाद में आरसीबी के गेंदबाज पूरी तरह से दिल्ली पर हावी हो गए। अब आरसीबी को चैंपियन बनने के लिए 114 रन का टारगेट मिला है। दिल्ली की शुरूआत इस मैच में काफी अच्छी रही और ओपनिंग करने आईं शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लैनिंग के बीच पहले विकेट के लिए 64 रन की शानदार साझेदारी हुई। इसके बाद शानदार बल्लेबाजी कर रहीं शेफाली को 44 रन के स्कोर पर सोफी मोलिनेक्स ने आउट कर दिया। शेफाली ने इस मैच में 27 गेंदों पर 3 छक्के और 2 चौकों की मदद से ये रन बनाए, लेकिन शेफाली के आउट होने के ठीक बाद दिल्ली ने अपना दूसरा और तीसरा विकेट भी 64 रन के स्कोर पर ही गंवा दिया। जेमिमा रोड्रिग्स और एलिस कैप्सी को सोफी ने डक पर आउट कर दिया और दिल्ली की टीम यहां से बैकफुट पर आ गई। दिल्ली ने पहले 64 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवाए, लेकिन टीम का चौथा विकेट 74 रन के स्कोर पर गिरा और कप्तान लैनिंग 23 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हो गईं। टीम का पांचवां विकेट मारिजैन कैप के रूप में गिरा जो 8 रन बनाकर आउट हो गईं तो वहीं जेस जोनासेन भी 3 रन के स्कोर पर निपट गईं।

## भारत लौटे कोहली, बेटे के जन्म के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे

**नयी दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के लिए अपनी फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने को तैयार हैं। कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया गया ताकि यह स्टार बल्लेबाज ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रह सके। आइपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया, 'विराट कोहली लौट आए हैं। 'रेड किंग' भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना आइपीएल अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं।

## रिंकू सिंह हैं आइपीएल के एक सीजन के 20वें ओवर में सबसे ज्यादा 6 लगाने वाले बल्लेबाज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के निचले क्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने जब गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के आखिरी ओवर में 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी वह अपने-आप में एक अद्भुत पल था। रिंकू सिंह की इस पारी के बाद ही सबने जाना की एक खिलाड़ी ऐसा भी है जिसमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और इसके बाद वह टीम इंडिया में भी शामिल हुए और भारत के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया। आइपीएल 2023 को रिंकू सिंह के क्रिकेट करियर का टर्निंग प्वाइंट कहें तो गलत नहीं होगा साथ ही इस सीजन में उन्होंने एक ऐसा रिकॉर्ड भी बना डाला जो उनसे पहले रोहित शर्मा, एमएस धोनी, हार्दिक पांड्या, ड्वेन ब्रावो जैसे बड़े-बड़े दिग्गजों के नाम पर दर्ज था।



### 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के रिंकू सिंह के नाम

रिंकू सिंह ने आइपीएल 2023 में 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का कमाल किया था और कुल 9 छ्क्के उन्होंने पूरे टूनामेंट के दौरान लगाए थे। इसके बाद वह आईपीएल के एक सीजन में 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए थे। रिंकू सिंह से पहले आइपीएल के एक सीजन के 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का कमाल रोहित शर्मा ने 2013 में, एमएस धोनी ने 2014 और 2019 में जबकि हार्दिक पांड्या ने भी 2019 में किया था और इन सभी ने 8-8 छक्के जड़े थे।

## फाफ और कोहली पिछले साल बहुत सुसंगत थे रजत पाटीदार की फॉर्म पर भी बोले : चोपड़ा



**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए टूनामेंट के पिछले सीजन में निरंतर थे। अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा कि बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी के पास बैकअप के रूप में इंग्लिश बैटिंग ऑलराउंडर विल जैक हैं। चोपड़ा ने कहा, 'इस टीम में बैकअप के रूप में विल जैक भी हैं। इसलिए उनके पास बहुत सारे विकल्प हैं। शीर्ष पांच या छह उतने अच्छे हैं जितना आप कर सकते हैं। फाफ और कोहली पिछले साल बहुत सुसंगत थे और मैक्सी भी अब सुसंगत हो गए हैं। वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है और कैमरून ग्रीन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। 46 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि जो कोई भी एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्टॉप पर आता है, वह अपनी फॉर्म वापस पा लेता है। उन्होंने कहा, 'उनकी बल्लेबाजी को देखें। शुरूआत में आपके पास फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली होंगे। उसके बाद कैमरून ग्रीन आते हैं, उसके बाद ग्लेन मैक्सवेल या रजत पाटीदार आते हैं - ये पांच धुरंधर बल्लेबाज। अगर आपको लगता है कि रजत पाटीदार टेस्ट में फॉर्म में नहीं थे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, जो भी चिन्नास्वामी तक पहुंचता है वह अपना रूप वापस पा लेता है।

## डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में भाग लेंगी 11 टीमें

**नयी दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग का उद्घाटन मैच सोमवार को अंबेडकर स्टेडियम मैदान में हिन्दुस्तान एफसी और इंडियन एयर फोर्स की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रीमियर लीग के सफल आयोजन के बाद सीनियर डिवीजन लीग में भाग ले रही 11 टीमें इस प्रकार हैः हिन्दुस्तान एफसी, उत्तराखंड एफसी, नेशनल यूनाइटेड, दिल्ली टाइगर्स, गढ़वाल डायमंड, अजमल एफसी, इंडियन एयर फोर्स, यूनाइटेड भारत, जगुआर एफसी, सिटी एफसी और शास्त्री एफसी शामिल हैं। आयोजन समिति के चेयरमेन जगदीश मल्होत्रा, कन्वीनर आनंद डबास और सह कन्वीनर नईम की देखरेख में खेले जाने वाले मैचों का आयोजन सिंगल लेग के आधार पर किया जाएगा। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली छह टीमें सुपर सिक्स में भाग लेंगी, जिनमें से पहली तीन प्रीमियर लीग में प्रवेश करेंगी। आज 12:30 बजे हिन्दुस्तान एफसी और आईएएफ के बीच तथा 3:30 बजे उत्तराखंड एफसी और शास्त्री एफसी के बीच मुकाबला खेला जायेगा।

## दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी बनी निर्वाचन आयोग की पहल की राष्ट्रीय पहचान

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आइडीसीए) और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के साथ मिल कर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गयी ।शनिवार को करनैल सिंह स्टेडियम में किए गए इस आयोजन का लक्ष्य आयोग द्वारा चुनाव में समावेशिता और मतदान मशीन तक पहुंचने में में लोगों की आसानी के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उपायों को रेखांकित करना था। आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे। इस आयोजन में क्रिकेटर निखिल चोपड़ा को भी डीडीसीए और आईडीसीए के अधिकारियों के साथ विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को 18वीं लोक सभा के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा था कि आयोग ने शारीरिक चुनौतियों का समाना कर रहे मतदाताओं के लिए मददान केंद्र पर पहिया कुर्सी, रैम्प और इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन तक पहुंचने में सहायता के प्रबंध किए जा रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि 40 प्रतिशत से अधिक की अक्षमता वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने की सुविधा का भी विकल्प दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें विशेष पर्चियां दी जाएंगी। आयोग ने हर मतदान केंद्र से जुड़ी सूची में दिव्यांग मतदाताओं की पहचान की पहल की है और उनकी सुविधा के लिए उन्हें भूतल वाले बूथ पर मतदान की सुविधाएं करायी जाएंगी। आयोग की वेबसाइट के अनुसार दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने ले जाने के लिए वाहन सुविधा तथा नेत्रहीनों के लिए ब्रेल लिपि की पर्ची जैसी पहल भी की गयी है।

## गुलवीर ने द टेन 2024 एथलेटिक्स मीट में तोड़ा 16 साल पुराना 10000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी

**सैन जुआन कैपिस्ट्रानो।** भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने रविवार को द टेन 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की दस हजार मीटर में 16 साल पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में आयोजित एथलेटिक्स मीट में 27:41.81 के समय के साथ, गुलवीर अमेरिकी ड्रू हंटर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। ड्रू हंटर को 27:38.87 समय के साथ पहला स्थान मिला। जर्मनी के आरोन बिएननफेल्ड 27:42.83 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 28:02.89 था। इसे सुरेंद्र सिंह ने बनाया था। गुलवीर सिंह का यह प्रयास 37वां सर्वश्रेष्ठ एशियाई समय भी है। इसके बावजूद शीर्ष 100 की सूची में कोई अन्य भारतीय शामिल नहीं है। गुलवीर सिंह ने पिछले वर्ष एशियन खेल में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने अभी तक पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए निर्धारित प्रवेश मानक 27:00.00 को पार नहीं किया है। भारत के कार्तिक कुमार ने भी 28:01.90 समय के अपने नए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ नौवां स्थान हासिल किया। अविनाश साबले द टेन में पुरुषों की एक अलग 10000 मीटर रेस में 15वें लैप पर बाहर निकलने के बाद डीएनएफ (रेस समाप्त नहीं की) कर दिया। पारुल चौधरी महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में 32:02.08 के समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं और इस श्रेणी में तीसरी सबसे तेज भारतीय महिला बन गईं। एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्थापित करने के बावजूद वह 30:40.00 समय के पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक को पूरा करने में विफल रहीं।

## चोटिल मदुशंका बांग्लादेश दौरे से हुए बाहर

**ढाका।** श्रीलंका के गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज में चोटिल होने के बाद शेष दौरे से बाहर हो गये और उनके मुंबई इंडियंस की के शुरूआत चरण में खेलने की भी संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह जारी एक बयान में कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बायें पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे।

## नसीम शाह का बड़ा बयान, सीनियर खिलाड़ी थके होने के बावजूद इस कारण नहीं लेते ब्रेक

**कराची।** तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा के माहौल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि सीनियर खिलाड़ी थके होने के बावजूद ब्रेक नहीं लेते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनकी जगह कोई जूनियर खिलाड़ी ले लेगा। शाह कंधे की चोट के कारण पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा कि चोट के कारण टीम से बाहर होने पर उन्हें भी अपनी जगह गंवाने का डर था। शाह ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो प्रमुख खिलाड़ी अपने शरीर को आराम देने से डरते हैं जबकि वह जानते हैं कि उन्हें ब्रेक की जरूरत है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट का माहौल इस तरह से है कि अगर कोई नया खिलाड़ी आता है तथा एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो फिर आप नहीं जानते कि वह टीम में स्थायी तौर पर आपकी जगह ले लेगा।' उन्होंने कहा, इस डर के कारण खिलाड़ी आराम नहीं कर पाते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनका करियर यहीं समाप्त हो सकता है।

## ओलंपिक से पहले भारतीय हॉकी टीम में हुआ बड़ा बदलाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय हॉकी टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। पुरुष टीम की तैयारियों में मदद के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल की एक बार फिर सहयोगी स्टाफ में वापसी हुई है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय गोलकीपरोंखाना चाहिए के साथ काम कर चुके हैं। पहली बार वह 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम फिलहाल भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष का बयान मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है। ओलंपिक में फिर से पोडियम पर पहुंचने की उनकी कवायद में हॉकी इंडिया सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं मिलें। वान डी पोल ने पिछले साल एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम के लिए जुलाई और सितंबर में दो विशेष शिविर आयोजित किए थे। टिर्की ने आगे कहा, हमें डेनिस को टीम से जोड़कर खुशी हो रही है जो लगभग चार वर्षों से गोलकीपरों के इस समूह के साथ काम कर रहे हैं तथा जानते हैं कि उन्हें बेहतर बनाने के लिए किस तरह के बदलाव करने की जरूरत है।

## पिता का अधूरा सपना करेगा अराइजीत सिंह, विराट से लेते हैं प्रेरणा

**नयी दिल्ली।** उनके दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल पेरिस ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर सबका अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं। अराइजीत ने इंटरव्यू में कहा, अगर मैं पेरिस ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी। मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा। ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। 20 साल के हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिये सर्वाधिक चार गोल किए थे। उन्होंने कहा, ह्यपूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं। दादाजी हॉकी खेलते थे। पापा के तीन भाई थे और सभी राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेले हैं। सभी को हॉकी के आधार पर ही नौकरी मिली लेकिन भारतीय टीम में कोई जगह नहीं बना सका।' उन्होंने कहा, ह्यमेरे पापा 1999 में राष्ट्रीय शिविर में थे लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्हें बीच में शिविर छोड़कर जाना पड़ा। आखिरी अब मैं ही रह गया हूं क्योंकि मेरे अलावा अब परिवार में कोई नहीं खेलता। लेकिन मुझे यकीन है कि मैं उनके सपने पूरे करूंगा।



## अमेलिया और सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती टी-20 मैच नहीं खेलेंगी : न्यूजीलैंड क्रिकेट

**वेलिंग्टन।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच टी-20 श्रृंखला के शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा, भारत में चल रहे विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के लिए खेल रही केर शुरूआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की महिला कप्तान सोफी डिवाइन रॉयल चैंलेंसर्ज बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नियमित स्टाटर्र रहीं हैं। वह रविवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से मुकाबला करेंगी। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद भारत छोड़कर अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आदेश पर कार्यवाई, उपायुक्त द्वारा गठित जांच कमेटी कांडी थाना पहुंची

# दवा फेंक दिए जाने के मामले की होगी जांच

खबर मन्त्र संवाददाता


जांच करते पदाधिकारी।


**कांडी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आदेश पर प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सरकारी दवा फेंक दिए जाने के मामले की जांच की गई। उपायुक्त द्वारा गठित जांच कमेटी शनिवार की देर शाम दवाओं की जांच करने के लिए कांडी थाना पहुंची। जहां जप्त दवाओं की विस्तार से जांच की गई। जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी गई है। जहां से इसे सूबे के स्वास्थ्य मंत्री को भेजा जाएगा। ज्ञात हो कि शनिवार की अहले सुबह मीडिया द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना से दक्षिण बड़े गड्ढे एवं गड्ढे से बाहर एक ट्रैक्टर से अधिक सरकारी दवाएं फेंकी हुई पुलिस ने बरामद की। इन दवाओं में बड़े पैमाने पर आयरन की गोली फोलीक एसीड एवं कृमि नाशक कीड़े की दवा एल्बेंडाजोल पाई गई है। कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस जप्त दवाओं को थाना ले गई। इस मामले को लेकर पुलिस के उच्च पदाधिकारी के निदेर्शानुसार सनहा संख्या 10/2024 दिनांक 16 मार्च 2024 दर्ज कर ली गई।

जांच टीम में शामिल गढ़वा जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि इस बैच नंबर की दवाएं फेंकी गई है वह मझिआंव की नहीं हैं। इतनी बड़ी संख्या में दवाएं जिले की किसी भी फैसिलिटी सेंटर की नहीं हो सकती। कहा कि इस बैच नंबर की दवाओं का सप्लाई नहीं किया गया है। विशेष रूप से उन्होंने बताया कि गुलाबी एवं नीले रंग की दवाओं की आपूर्ति सीधे राज्य से की जाती है। जो बच्चों को देने के लिए बीआरसी में भेजी जाती है। अभी हाल में फाइलेरिया की दवा के साथ कीड़े की दवा देने का जो अभियान चला था। उसकी दवा डिब्बे में थी। लेकिन यहां पर जप्त दवाएं स्ट्रिप में हैं। इसमें केवल गुलाबी रंग की एक तरह की गोली यहां की है। वह मझिआंव या किसी अन्य जगह से सप्लाई की गई है इसका पता करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल आयरन की गोली फोलीक एसीड डेढ़ लाख की मात्रा में है। जबकि एल्बेंडाजोल की गोली 16000 है। दोनों दवाओं की कीमत की बात करें तो यह दवाएं न्यूनतम चार लाख रुपए की बताई जा रही हैं। हालांकि विश्वस्त सूत्रों की माने तो एल्बेंडाजोल की संख्या 23 हजार है। इस हालत में दवाओं का मूल्य और 63 हजार रुपए बढ़ जाएगा। सिविल सर्जन ने कहा कि यह जप्त दवाओं का स्टोरेज ढंग से नहीं किया गया था। जिससे दवाओं को अच्छी हालत में नहीं पाया गया है। मार्के की बात यह है कि दवाओं के साथ कुछ रंगीन फोटोग्राफ्स पाए गए हैं। जो कांडी प्रखंड क्षेत्र के एक विद्यालय में संपन्न कार्यक्रम के हैं। जब दवा की आपूर्ति का सही पता नहीं चल रहा है। इन दवाओं को जिला मुख्यालय गढ़वा सहित मझिआंव से आपूर्ति किया हुआ नहीं बताया जा रहा है तो इन तस्वीरों को बरगलाने के लिए रखा गया बताया जा रहा है। जांच टीम में सिविल सर्जन के साथ जिला के भू राजस्व उप समाहर्ता रवीश राज सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

झारखंड हाईकोर्ट का एनएचएआई को निर्देश

## बैंकमोड़ में नये आरओबी बनाने का फैसला शीघ्र करे

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा, एवं न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने जर्जर बैंकमोड़ ओवरब्रिज के स्थान पर नया पुल बनाने का निर्देश दिया है। धनबाद के प्रमुख समाजसेवी विजय कुमार झा और वरीय अधिवक्ता राम पुनित चौधरी द्वारा जर्जर बैंक मोड़ ओवर ब्रिज के स्थान पर नए ओवर ब्रिज बनाए जाने का निर्देश रेलवे एवं नेशनल हाईवे अथॉरिटी को देने के लिए दायर किए गए पीआईएल संख्या 470/2021 में आदेश पारित करते हुए मामले पर तुरंत निर्णय लेने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री पर विचार करने पर, हम पाते हैं कि यह मामला रेल मंत्रालय के सक्रिय विचार में है। मामले को ध्यान में रखते हुए हम तत्काल डब्ल्यूपी (पीआईएल) का निपटारा कर रहे हैं, जिसमें प्रतिवादी रेल मंत्रालय को अपने अध्यक्ष, रेल भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली के माध्यम से उचित निर्देश लेने और रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

कोर्ट ने कहा है कि आंचलिक प्रबंधक. पूर्व रेलवे, धनबाद मामले को प्रभारी, विशेषज्ञ समिति को भेजें और उस पर निर्णय लें। जोनल मैनेजर, पूर्वी रेलवे, धनबाद यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगा कि अपेक्षित भूमि रेल मंत्रालय के पक्ष में स्थानांतरित कर दी जाए। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई के दौरान उनके संज्ञान में यह बात आई है कि उक्त भूमि का हस्तान्तरण कर लिया गया है। बताते हैं कि याचिकाकर्ता ने जल्द से जल्द पुराने ओवर ब्रिज की जगह नए ओवर ब्रिज बनवाने का निर्देश देने के लिए राज्य सरकार, झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण, भारत संघ, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत, कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई, धनबाद, रेल मंत्रालय , जोनल मैनेजर, पूर्वी रेलवे, झारखण्ड राज्य उपायुक्त, धनबाद, को पक्षकार बनाते हुए उच्च न्यायालय झारखंड में रिट याचिका दायर की थी।

एक बुलेरो से लूट, एम्बुलेंस व सवारी गाड़ी में पथराव, एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त

## चंदवा के परहिया टोला के पास हथियार के बल पर लूटपाट

खबर मंत्र संवाददाता


एंबुलेंस क्षतिग्रस्त।

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के बनारसी ढाबा व परहिया टोला के बीच रविवार की देर शाम भीषण लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगियों के अनुसार लगभग आधा दर्जन की संख्या में हथियार बंद लुटेरों ने एक एम्बुलेंस व 2 बाराती वाहनों को निशाना बनाया। इस दौरान एक बोलेरो से लगभग 18 हजार रुपये लूट लिए। इधर एनएच पर लूटपाट की सूचना के बाद चंदवा पुलिस भी हरकत में आ गयी व मौके-ए-वारदात पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जूट गयी है। घटना के सम्बंध में राहगीर उमेश यादव व पूर्व प्रमुख नवाहिर उरांव ने बताया कि तुबेद कोहिमा से घाघरा बारात के लिए जा रहे वाहनों को लूटा गया है। सड़क लुटेरों ने बोलेरो जेएच 01-एफए-3794 में सवार इंद्रदेव टाना भगत से 10 हजार, बहादुर टाना भगत व विनोद टाना भगत से 4-4 हजार रुपये लगभग 18 से 20 हजार रुपये लूट लिया गया है। वहीं सवारी गाड़ी 01 पी 3753 व एक एम्बुलेंस टी-0823 एमपी-8287 बी पर भी पथराव किया है जिसमे एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर घटना की सूचना के बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार घटना स्थल पहुंच कर जांच पड़ताल किया। उन्होंने बताया कि वाहनों में तोड़फोड़ हुई है, कितने लोगों से लूटपाट हुई है, इसकी जांच की जा रही है।

# टासरा के रैयतों की भूमि का जल्द होगा अधिग्रहण : अतनु भौमिक

खबर मन्त्र संवाददाता

निर्माणाधीन आर एंड आर कॉलोनी का किया निरीक्षण



**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट के पुनर्वास के तहत सरसाकुड़ी में निर्माणाधीन आर एंड आर कॉलोनी का निरीक्षण रविवार को सेल राउरकेला और बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने किया। टासरा प्रोजेक्ट के विस्तार और विकास के कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने नियमों को ध्यान में रखकर टासरा के रैयतों की भूमि का अधिग्रहण जल्द शुरू करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि टासरा प्रोजेक्ट के लिए चयनित एमडीओ कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएमपीएल) प्रतिवर्ष 4 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर सेल के विभिन्न इस्पात संयंत्रों में भेजेगी। इसके लिए साढ़े 3 मिलियन टन क्षमता की एक वाशरी का निर्माण किया जाएगा। टासरा के रैयतों के पुनर्वास के लिए सुविधाओं सहित कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को गति दी जाएगी। इसके साथ ही पदाधिकारियों ने चासनाला कोलियरी के वाशरी व अपर सीम प्रोजेक्ट के भूमिगत खान का निरीक्षण किया। उन्होंने भूमिगत खदान से कोयला खनन की दुर्लभ व जटिल प्रक्रिया को देखते हुए कहा कि इसमें ज्यादा जोखिम है। ठेका श्रमिक सहित कर्मी इसे सुरक्षित ढंग से करने के कारण प्रशंसा के पात्र हैं।

सेल चासनाला और टासरा प्रोजेक्ट के निरीक्षण में सेल राउरकेला एवं बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक, बोकारो इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) वीरेंद्र कुमार तिवारी, कार्यपालक निदेशक (प्रोजेक्ट) चितरंजन महापात्र एवं कोलियरी प्रभाग एवं सीसीएसओ के कार्यपालक निदेशक अनूप कुमार, सेल चासनाला टासरा प्रभारी महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी, इडी सेक्रेटेरियट जीएम मो अदनान, सीसीएसओ जीएम राजीव तिवारी, चासनाला कोलियरी खनन जीएम संजय कुमार, चासनाला कोलियरी खान प्रबंधक दीपक कुमार, चासनाला कोलियरी सुरक्षा अधिकारी के पी महतो, टासरा

## परीक्षा में कदाचार को प्रतियोगी परीक्षाओं का स्वर्ण काल बता रहे तेजस्वीः सुशील मोदी

एजेंसी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि पिछले साल एक अक्टूबर को जब बिहार में 21 हजार 391 पदों पर सिपाही भर्ती के लिए 529 केंद्रों पर परीक्षा हुई तब 100 से ज्यादा केंद्रों पर नकल-कदाचार की शिकायतें मिली थीं और 64 मामलों में 148 लोग गिरफ्तार हुए थे। मोदी ने कहा कि क्या तेजस्वी यादव इसी को प्रतियोगिता परीक्षाओं का स्वर्ण काल बता रहे हैं? अक्टूबर 2023 में किसकी सरकार थी और नकल माफिया के पीछे कौन था?

मोदी ने रविवार को यहां कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामला इतना गंभीर था कि उसकी जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) से करायी जा रही है। इसकी रिपोर्ट आने पर कई चेहरे सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि बीपीएससी की शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण में पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने से पहले राजद को अपना समय नहीं भूलना चाहिए। मोदी ने कहा कि केंद्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में हर तरह के पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार ने 10 साल तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के अर्थदंड लगाने का कड़ा कानून इस साल फरवरी से लागू किया है।

# बीपीएससी पेपर लीक मामले में 313 अभ्यर्थियों को जेल

एजेंसी

**पटना।** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीएससी) शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में नीतीश सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 313 आरोपित अभ्यर्थियों को जेल भेज दिया है। इनमें 266 को बेऊर जेल भेजा गया है तो 88 महिलाओं को न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इस कांड में अब तक के सबसे बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ है। इस मामले में तेजस्वी और राहुल गांधी ने रविवार को सवाल उठाया है। तेजस्वी ने तो इस मामले में एक मंत्री को दोषी भी करार दिया है और जनता से सवाल किया है कि इस मंत्री का नाम बुझो तो जानें? पेपर लीक मामले में तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा है, 'हमारे 17 महीनों का सुनहरा कार्यकाल, जिसमें पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से युवाओं को चार लाख से अधिक नौकरियां दी गयी। वह बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं का स्वर्णिम काल था। अब नीतीश-भाजपा सरकार ने डेढ़ महीने में ही 17 साल के पुराने कारनामों को दोहराते हुए नकल माफिया को इतना प्रोत्साहन दे दिया कि बीपीएसी शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण में प्रतियोगी परीक्षाओं के विश्व इतिहास में प्रथम बार एडमिट कार्ड में ही आंसर भी बतायी जा रही है। साथ ही पेपर लीक कराने वाले नकल माफिया को बचाने के लिए इनके वरिष्ठ मंत्री प्रशासन पर दबाव बना रहे है। पुलिस को फोन कर रहे'। केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेसों के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजह हैं। पहला बिका हुआ सरकारी तंत्र, दूसरा निजी प्रिंटिंग प्रेस और तीसरा भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके अधीनस्थ सेवा चयन आयोग। दूसरी ओर बिहार में शिक्षक बहाली की प्रक्रिया में बीपीएससी की भद पिट गई'। राहुल ने छात्रों का हवाला देते हुए कहा कि तीसरे चरण में परीक्षा से एक दिन पहले 14 मार्च को ही पेपर लीक हो गया। इस मामले में सॉल्वर गैंग की अब तक के सबसे बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के सहयोग से आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने झारखंड के हजारीबाग से एक होटल में प्रैक्टिस कर रहे हैं 313 परीक्षार्थियों को पहले हिरासत में लिया और पूछताछ में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। राहुल का कहना था कि कार्रवाई के दौरान 10 सॉल्वर भी पकड़े गए। 15 मार्च को होने वाली परीक्षा का प्रश्न पत्र 14 मार्च को ही लीक हो गया था। इन अभ्यर्थियों को बिहार से झारखंड ले जाकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए जा रहे थे। योजना के अनुसार बसों में भरकर उन्हें परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाया जाना था।

# सैकड़ो एकड़ मक्के के बीमार फसल को देखने पहुंचे बीएओ

एजेंसी



**पूर्णिया।** पूर्णिया के रुपौली प्रखंड में किसानों के सैकड़ो एकड़ में लगे मक्के की खेत में एक गजब तरह की बीमारी आ गई है जिसके कारण मकई के पौधे सूखते जा रहे हैं। किसान परेशान है। किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं और वह परेशान है कि हम लोग अगर अपने फसल को नहीं बचा पाए तो बहुत बड़े कर्ज में डूब जाएंगे। पूर्णिया के रुपौली प्रखंड के पुरानी नंदगोला, सहित श्रीमत्ता, अंझरी, कोशकीपुर, सिमडा सहित अनेक गांवों में सैकडो एकड में लगी मक्के की फसल में यह बीमारी आई है। आज किसानों की मक्के की प्रभावित फसल को देखने पुरानी नंदगोला गांव स्थित दियारा क्षेत्र में बीएओ राघव प्रसाद पहूंचे तथा किसानों की फसल को देखा तथा माना कि व्यापक रूप से मक्के की फसल मृदा जनित रोग फंगस से प्रभावित हुई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राघव प्रसाद अपने सहयोगी सह कृषि समन्वयक अभिषेक कुमार के साथ पुरानी नंदगोला दियारा क्षेत्र में किसानों के साथ पहुंचे तथा किसानों की फसल को देखा। उन्होंने किसानों से मक्का फसल से संबंधित सारी जानकारियां ली गईं। किसानों ने बताया कि वे लगातार मक्के की फसल लगाते रहे हैं। किसानों की बातों को सुनकर बीएओ ने बताया कि यह मृदा जनित रोग है, जिसे फिजोरियम बिल्ट भी कहा जाता है। बार-बार खेतों में एक ही फसल लगाने से इस तरह की बिमारियां हो रही हैं। जिस प्रकार इस क्षेत्र में लगातार केला की फसल लगाने से उसमें मृदा जनित रोग हो गया तथा वह फसल पूरी तरह से प्रभावित हो गई, ठीक उसी तरह से मक्का की फसल भी प्रभावित होने लगी है। इसके लिए किसानों को अब फसल चक्र अपनाना होगा, अन्यथा काफी परेशानी का सामना करना होगा। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि वे अब अलग-अलग तरह के फसल लगाएं, इससे इस रोग से मुक्ति मिल सकती है। इसके बचाव के लिए दो किलो प्रति एकड ट्राईकोडर्मा को वर्मी कंपोष्ट में मिलाकर खेत में जुताई के समय छिडकाव करें। इसके बाद बुआई के तीस दिन बाद डाईफेना कोनोजेल एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर फसल पर छिडकाव करें। इसके ठीक 45 दिनों बाद फिर से इसी दवा का छिडकाव करें, तभी इस रोग पर नियंत्रण किया जा सकता है। वे इस रिपोर्ट को उपर लिखित रूप से भेज रहे हैं। संभावना है कि इसके लिए कृषि वैज्ञानित का दल प्रभवित क्षेत्र का दौरा करेंगे तथा अन्य कोई सुझाव देंगे। इधर किसानों ने प्रभावित फसल के लिए सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

खबर एक नजर में

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी पुलिस, चलाया कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर अभियान



जागरूक करती पुलिस।

**गढ़वा।** आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने के लिए गढ़वा पुलिस तैयारी में जुट गई है। लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में जिला पुलिस एवं सीआरपीएफ के संयुक्त तत्वावधान में चुनाव को लेकर कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर अभियान चलाया गया। साथ ही आस पास नक्सलियों की गतिविधि पर रोकथाम के लिए एरिया डोमिनेशन भी किया गया। एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव बिल्कुल निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से भयमुक्त माहौल में संपन्न हो इसके लिए पुलिस सभी बिंदुओं पर कार्य कर रही है।

### नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा संपन्न


परीक्षा देते लोग।

**मझिआंव।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उजाला के तहत मझिआंव प्रखंड साक्षरता समिति की ओर से नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा ली जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड समन्वयक सह केआरपी कामेश्वर बैठा ने बताया कि नवभारत साक्षरता उजाला कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायत सचिवालयों में एवं नगर पंचायत क्षेत्र के तीन पंचायतों में नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा ली जा रही है। सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित पंचायत सचिवालय में आकलन जांच परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। वही नगर पंचायत क्षेत्र में प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय मझिआंव, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरी तहले एवं प्राथमिक विद्यालय गहीड़ी में आकलन जांच परीक्षा का केंद्र बनाया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में 1200 एवं नगर पंचायत क्षेत्र में 410 नव साक्षरों का बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा लेने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक जख्मी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के हुसैनी बाजार के नजदीक रल्र 74 मार्ग पर गन्ना लदी ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृत युवक की पहचान रामपुर खजुरिया के रमपुरवा गांव निवासी रामायण महतो के 30 वर्षीय पुत्र विनोद महतो के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान की जा रही है। बताया गया है कि विनोद महतो हुसैनी बाजार से रोजमर्रा का सामान खरीद कर घर वापस आ रहा था। इसी बीच गन्ना लदी ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। वही घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणो ने आक्रोशित हो खजुरिया बाजार के समीप SH 74 को जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लोगो को समझा बुझाकर जाम को समाप्त कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


### ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी ठोकर, एक की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के गढ़वा खजुरिया चौक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 पर रविवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रहे ट्रेक्टर ट्राली में ठोकर मार दी। जिससे ट्रेक्टर पर बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के तिवारी टोला निवासी नवल पटेल के 22 वर्षीय पुत्र राजकुमार पटेल के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये और एनएच 27 जाम कर दिया।हालांकि सूचना पर पहुची पुलिस ने लोगों को समझ बुझा कर सड़क जाम समाप्त कराया। ट्रेक्टर गोपालगंज की तरफ से मिल में गन्ना गिरा कर लौट रहा था और ट्रक भी गोपालगंज की तरफ से पीपराकोठी की ओर जा रहा था।थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि मृतक ट्रेक्टर का उप चालक था। ट्रेक्टर और ट्रक को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

### दुर्घटना में नवादा के शिक्षक की शेखपुरा में मौत

**नवादा।** जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीबाजार के युवक की रविवार को शेखपुरा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान रानीबाजार गांव के किशोरी साव के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई हैं। जो प्राथमिक विद्यालय कारे, शेखपुरा में बीपीएससी शिक्षक फेज-1 के रूप में पदस्थापित थें। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत अपने बाइक से रविवार को किसी कार्य से अपने बाइक से जा रहे थे, तभी बरबीघा किनोर से तेज रफ्तार से आ रहे एक हाइवा ने शेखपुरा बाईपास में एक लाइन होटल के नजदीक उनके बाइक समेत तीन बाइक पर सवार 6 युवकों को कुचल दिया। जिससे रंजीत समेत सभी लोग घायल हो गए। ठोकर मारने के बाद हाइवा चालक गिरिहिंडा की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल रंजीत समेत अन्य युवकों को शेखपुरा सदर अस्पताल में पहुँचाया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद रंजीत को पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया,परन्तु रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रानीबाजार गांव में कोहराम मच गया। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार प्रेषण तक मृतक शिक्षक का शव गांव नहीं पहुँच सका है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक रंजीत का उनके माता,पिता,भाई के अलावे पत्नी एवं एक पुत्र थे।

### 2024 में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्रीः संजय झा



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में जदयू की रविवार को रही बैठक से पहले राज्यसभा सदस्य और जदयू के वरिष्ठ नेता संजय झा ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। इस बार 2024 में नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री होंगे। जदयू के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बोल-बोलकर ही तो विपक्ष ने अपना यह हाल कर लिया है। देश की जनता तय करेगी कि किसे आने देना है या ये लोग रोक देंगे। जनता ने तय कर लिया है कि देश के अगले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। बिहार में हम लोगों ने जो कार्यकताओं से और इंटरनल फीड बैक लिया है उसके मुताबिक, बिहार में इंडी गठबंधन दूर-दूर तक लड़ाई में नहीं है। राहुल गांधी की मुंबई में रैली पर संजय झा ने कहा कि राहुल गांधी तो अपनी यात्रा करते हुए ही यहां से निकल गए। हमलोग तो देखे न कि क्या हाल किए थे लेकिन इतना जरूर कहेंगे कि जो हम लोगों का गठबंधन है और जिस तरह का देश में काम चल रहा है या बिहार में सीएम नीतीश कुमार जो काम कर रहे हैं, एकतरफा चुनाव होगा और कहीं कुछ नहीं है। पारस की नाराजगी पर उन्होंने कहा कि इस मामले को भाजपा के लोग देख रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### अमेरिका में शूट आउट तीन लोगों की मौत

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में शनिवार तड़के गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। संदिग्ध की पहचान 26 वर्षीय आंद्रे गार्डन के रूप में की गई है और वह इस समय बेघर है और वह मुख्य रूप से ट्रेंटन में रहता है। बक्स काउंटी के प्राधिकारियों ने स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने और दरवाजे बंद रखने की सलाह दी है।

### होशियारपुर में मुठभेड़ एक पुलिसकर्मी शहीद

**चंडीगढ़।** पंजाब के होशियारपुर जिले के मुकेरियां कस्बे में रविवार को पुलिस की सीआईए टीम की बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी बलिदान हो गया। अधिकारियों के मुताबिक सीआईए टीम के अमृतपाल सिंह की मुठभेड़ के दौरान छाती में गोली लगने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सीआईए टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव मनसूरपुर में ठहरा हुआ है जिनका नाम राणा मनसूरपुर है और उसके पास हथियार है। इसी सूचना के चलते सीआईए टीम ने गांव में छापेमारी की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में सीआईए के अमृतपाल सिंह को गोली लग गई। उनको तुरंत नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### 21 भारतीय मछुआरे श्रीलंका में गिरफ्तार

**रामेश्वरम।** श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को द्वीप राष्ट्र के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में कथित तौर पर गैरकानूनी मछली पकड़ने की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और दो मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नावों को जब्त कर लिया। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने यहां कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह 2,000 से अधिक मछुआरे मछली पकड़ने के लिए रामेश्वरम मछली पकड़ने वाले घाट से समुद्र में उतरे थे। उन्होंने बताया कि उनमें से 21 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के करीब मछली पकड़ रहे थे।

### अफगानिस्तान : सड़क दुर्घटना में 21 की मौत,

**कंधार।** अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 21 यात्रियों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। सरकारी बख्तर समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। यह भीषण दुर्घटना ग्रिश्क जिले में तब हुई जब हेरात जा रही यात्री बस एक टैंकर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस पलट गई और उसमें आग लग गई। इस हादसे में 21 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अफगानिस्तान के यातायात पुलिस महानिदेशालय के अनुसार, पिछले 10 महीनों में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 4,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### पांच वर्ष में मंगल ग्रह पर पहुंच जायेगा स्टारशिप : मस्क

**वाशिंगटन।** जाने–माने कारोबारी एवं स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी का विशाल स्टारशिप्दत्तात्रेय रॉकेट पांच वर्ष में मंगल ग्रह के लिए उड़ान भरेगा। इससे विभिन्न ग्रहों पर मानव जीवन बसाने के उनके लंबे समय के विचार की पुष्टि होती है। श्री मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर पोस्ट किया, ह्लस्टारशिप पांच साल के भीतर मंगल ग्रह पर होगा।ह्वविस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें। पांच वर्ष में मंगल ग्रह पर पहुंच जायेगा ।

# दत्तात्रेय होसबाले फिर बने सरकार्यवाह

## अल्पसंख्यक की अवधारणा पर हो पुनर्विचार : संघ

एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि देश में प्रचलित अल्पसंख्यक की अवधारणा पर पुनर्विचार होना चाहिए। संघ के लिए भारत में रहने वाले सभी एकसमान हैं।

नागपुर स्थित रेशिमबाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को दत्तात्रेय होसबाले लगातार दूसरी बार तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह के पद पर चुने गए। सरकार्यवाह होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि देश में हिंदू कोड बिल के तहत ना आने वाले ईसाई और मुस्लिम समुदाय को अल्पसंख्यक कहा जाता है लेकिन इस देश में रहनेवाले और इसे अपना मानने वाले सभी को संघ हिंदू ही समझता है। बतौर होसबाले अल्पसंख्यक शब्द की अवधारणा पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। देश में अल्पसंख्यक का मतलब है ईसाई या मुस्लिम होना, लेकिन अल्पसंख्यक की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की भी आवश्यकता है। केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा आगामी लोकसभा चुनाव पर होसबाले ने कहा कि पूरी दुनिया के 25 जाने माने लोगों ने बीते 10 वर्षों में भारत में हुए बदलाओं की



सराहना की है। आनेवाले चुनावों में जनता भी वोटों के जरिए सरकार के काम की समीक्षा करेगी। बतौर होसबाले संघ को भी लगता है कि पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों मे बेहतर काम हुआ है, देश का सम्मान भी बढ़ा है मणिपुर प्रकरण पर अपने विचार साझा करते हुए होसबाले ने कहा कि मणिपुर की हिंसा के दौरान लोगों के दिलों पर जो गहरा घाव हुआ है वह अचनाक नहीं जाएगा। मणिपुर के मैतेई और कुकी दोनों समुदायों में संघ के स्वयंसेवक हैं। बीते एक वर्ष में संघ ने दोनों समुदायों के प्रमुख लोगों से बात कर राज्य में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास किए हैं। हिंसा के चलते लोगों के मन में पनपी कटुता कम होने में थोड़ा समय लगेगा। समान नागरिक संहिता को लेकर सरकार्यवाह ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने पर संघ ने राज्य सरकार की सराहना की थी। संघ हमेशा पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का पक्षधर रहा है। इस अवसर पर होसबाले ने संदेशखाली की घटना की निंदा की। वहीं पंजाब में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले अमृतपाल जैसे तत्वों से देश को बचाने के आह्वान किया। उन्होंने किसान आंदोलन में घुसपैठ करनेवाले देश विरोधी ताकतों से सतर्क रहने का भी आह्वान किया। महिला सम्मान के बारे में अपनी राय रखते हुए होसबाले ने कहा कि महिलाओं को देवी और दासी केवल इन्हीं नजरों से देखना सर्वथा अनुचित है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। ऐसी कार्यकुशल महिलाओं के पीछे संघ हमेशा से खड़ा रहा है।

### अब छह सह सरकार्यवाह होंगे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में सांगठनिक कार्य विस्तार में और तेजी लाने के उद्देश्य से पांच के बजाय इस बार छह सह सरकार्यवाह बनाए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को यह निर्णय लिया गया। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक दत्तात्रेय होसबाले लगातार दूसरी बार अगले तीन वर्षों के लिए सरकार्यवाह के पद पर चुने गए हैं। इसी के साथ उन्होंने अपने सहयोगी के तौर पर नई अखिल भारतीय कार्यकारिणी में इस बार छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए हैं। निवर्तमान कार्यकारिणी में पांच सह सरकार्यवाह थे, जिसमें से चार को नई कार्यकारिणी में भी बरकरार रखा गया है। इसी के साथ दो नए सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। जिन दो नए पदाधिकारियों को सह सरकार्यवाह का दायित्व सौंपा गया है उनमें अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख आलोक कुमार और पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अतुल लिमये शामिल हैं। बाकी चार सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार और रामदत्त चक्रधर पिछली कार्यकारिणी में भी थे। निवर्तमान कार्यकारिणी में सह सरकार्यवाह रहे डॉ. मनमोहन वैद्य को अखिल भारतीय

## बघेल के खिलाफ प्राथमिकी

### महादेव सट्टा एप मामले में छत्तीसगढ़ की सीएम शीला देवी पर इडी का कसा शिकंज

एजेंसी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। महादेव सट्टा ऐप केस में आर्थिक अपराध शाखा और एसीबी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल समेत कई अज्ञात पुलिस अफसर और कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफआईआर महादेव बेटिंग ऐप के मालिकों से 508 करोड़ रुपये प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने बघेल को राजनांदगांव से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है।

ईओडब्ल्यू और एसीबी ने एफआईआर ईडी द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट के आधार पर दर्ज की है। यह एफआईआर 4 मार्च को दर्ज की गई थी, लेकिन इसका खुलासा अब हुआ है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि भूपेश बघेल और उनके सरकार के कई मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों को महादेव बेटिंग ऐप ने करोड़ों रुपये प्रोटेक्शन मनी दी है।

ईडी ने चंद्राकर और उप्पल के करीबी असीम दास को तीन नवंबर को रायपुर के एक होटल की पार्किंग से गिरफ्तार किया था। इस दौरान असीम दास की गाड़ी और घर से पौने तीन करोड़ रुपये बरामद किए थे।

असीम ने बयान में कहा था कि वो ये पैसे किसी भूपेश बघेल को देने आया था। इसी दौरान असीम ने यह राजफाश किया था कि वो अबतक 508 करोड़ रुपये भूपेश बघेल को पहुंचा चुका है। इसी आधार पर भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव



ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईडी एक साल से अधिक समय से महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। राज्य की आर्थिक अपराध शाखा/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर, 4 मार्च को यहां ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन में बघेल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और ऐप के प्रमोटरों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा 14 अन्य को एफआईआर में आरोपित के रूप में नामित किया गया है। इस केस में कई नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों और ओएसडी को भी आरोपित बनाया गया है।



### शादी में खरबंदा और सम्राट ने मचाया धमाल

**एक्ट्रेस कृति खरबंदा और एक्टर पुलकित सम्राट की शादी का समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। दोनों की शाही शादी की कई तस्वीरें इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पुलकित-कृति मानेसर में शादी के बंधन में बंधे। फिलहाल इस जोड़ी को मनोरंजन जगत से जमकर तारीफें मिल रही हैं। शादी समारोह के बाद कृति का ससुराल में बड़े धूमधाम से गृहप्रवेश कराया गया। इस जोड़े के शानदार डांस के कई वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पुलकित-कृति के गृह प्रवेश की एक खास झलक पैपराजी ने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर की है। इसमें दोनों डांस करते नजर आ रहे हैं। शादी के बाद एक्ट्रेस खूबसूरत साड़ी में मीडिया के सामने आई। पति के साथ जबरदस्त डांस के बाद दोनों ने एक साथ घर में एंट्री ली। फिलहाल ये वीडियो हर जगह वायरल हो रहा है। पिछले कई दिनों से कृति-पुलकित की शादी की चर्चा चल रही थी। आखिरकार एक्ट्रेस ने शनिवार को शादी समारोह की तस्वीरें शेयर कर सभी को यह खुशखबरी दी। शादी में कृति ने बेबी पिंक लहंगा पहना था।**

### सांप जहर मामले में एल्विश यादव तस्करी मामले में गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की नोएडा थाने की पुलिस ने रविवार को यूट्यूबर एल्विश यादव को सांप के जहर की तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि एल्विश को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पिछले साल पुलिस ने नोएडा सेक्टर-39 थाने में एफआईआर दर्ज की थी। आज एल्विश यादव को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एल्विश यादव को कुछ देर में कोर्ट में पेश किया जाएगा। एल्विश यादव के विरुद्ध दिल्ली-एनसीआर में होने वाली पार्टियों में मनोरंजन के लिए सांप का जहर उपलब्ध कराने के आरोप में पांच अन्य लोगों के साथ मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में एक पशु कल्याण कार्यकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में पहले भी एल्विश यादव से पूछताछ की थी और मामले की जांच

## पाड़वी शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका लगा है। शिवसेना (यूबीटी) के विधान परिषद सदस्य आमश्या पाड़वी रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आमश्या पाडवी शुरू से ही शिवसैनिक रहे हैं। आज वे असली शिवसेना में शामिल हुए हैं। विधायक पाड़वी के निर्णय से आज उन्हें लग रहा है कि उन्होंने जो निर्णय लिया था वह सही था। पार्टी में आमश्या पाडवी को पूरा न्याय और सम्मान दिया जाएगा। नंदुरबार के विधायक आमश्या पाड़वी ने कहा कि पहले हम सभी एक ही पार्टी में थे। वह मुख्यमंत्री शिंदे की विकास की नीतियों में विश्वास करते हुए पार्टी में शामिल हुए हैं। पाड़वी ने कहा, मैं उन लोगों के साथ जाना चाहता हूं जिन्होंने मुझे विधायक बनाया। मैं आज तक कांग्रेस के विरोध में काम करता रहा हूं। अब उन्हें समर्थन देकर प्रचार कैसे करें? मेरे लोग कहते थे कि हमारे नंदुरबार का विकास होना चाहिए। इसलिए मैं शिवसेना में शामिल हुआ।



### अरुणाचल व सिक्किम विस चुनाव के नतीजेदो जून को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में मतगणना की तारीखों में बदलाव किया है। इन राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना 4 जून की बजाय 2 जून को होगी।चुनाव आयोग के मुताबिक दोनों राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल 2 जून को ही पूरा होने जा रहा है। इसे देखते हुए तारीखों में बदलाव किया गया है। चुनाव आयोग को विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कर लेनी जरूरी है। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों- आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को मतदान होगा।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए कमर कसेगा संघ

**नागपुर।** आगामी लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्वयंसेवकों को देश का ध्यान राष्ट्रीय मुद्दों पर आकर्षित करने तथा शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य दिया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के तीन दिन के अधिवेशन के समापन अवसर पर सभा में आज पुनः निर्वाचित हुए सरकार्यवाह दत्तोत्रेय होसबाले ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र का महापर्व भी आ रहा है। देश को अधिक मजबूत करने की जरूरत है। देश की दृष्टि से लोकतंत्र को बनाये रखना और प्रगति की रफ्तार को बयान रखना आवश्यक है। शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयत्न करना और समाज में किसी भी प्रकार के आंतरिक वैमनस्य एवं एकता के बिखराव को रोकने, देश की उन्नति एवं



सफलता, सार्थकता के लिए काम करना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

लोकसभा चुनावों में संघ एवं स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर श्री होसबाले ने कहा कि चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो, यह स्वयंसेवको का प्रयत्न होना चाहिए। दूसरा राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर समाज और लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उन पर एकमत बने, ऐसा प्रयास करना चाहिए। संघ के स्वयंसेवक को पार्टी के कार्य नहीं करने चाहिए लेकिन लोकमत के परिष्कार के कार्य अवश्य करते रहने चाहिए।

चुनावी बॉण्ड के बारे में चचाओं पर संघ का रुख पूछने पर सरकार्यवाह ने कहा कि प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस पर कोई चर्चा नहीं हुई और ना ही कोई विचार मंथन हुआ है। पर संघ ने पहले कहा था कि चुनावी बॉण्ड प्रयोग के नाते लाया गया था, तो स्वाभाविक है कि उसे लेकर प्रश्न उठेंगे। ऐसे में उन सब बातों में संतुलन बनाना चाहिए। प्रयोग को छोड़ दिया जाये ऐसा संघ का मत नहीं है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बनने के बाद काशी एवं मथुरा के बारे में संघ का रुख पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हर रोग के लिए एक ही दवा नहीं हो सकती है, उसी प्रकार से हर मुद्दे के लिए एक ही प्रकार को आंदोलन नहीं हो सकता है। अयोध्या का मामला अदालत से हल हुआ है, काशी एवं मथुरा के मुद्दे भी अदालत में हैं, देखते हैं कि ये दोनों मुद्दे भी अदालत से ही हल हो जाएं। तब अयोध्या जैसे आंदोलन की जरूरत ही नहीं होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए योगदान के आह्वान पर संघ की प्रतिक्रिया पूछे जाने पर सरकार्यवाह ने कहा कि अमृतकाल के संदर्भ में हमने सार्वजनिक रूप से कहा है कि हम एक समर्थ, समृद्ध, स्वाभिमानी, स्वावलंबी एवं शक्तिशाली भारत बने, इसके पक्ष में हैं क्योंकि भारत का उत्थान केवल देश के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए होगा।

समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हुई है जिसका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वागत

### सिद्धू मूसेवाला की मां ने दिया बच्चे को जन्म

**मुंबई।** सिद्धू मूसेवाला के घर एक बार फिर से खुशी का माहौल बन गया है। सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर को एक बार फिर मातृत्व का सौभाग्य मिला है और उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया है। इस बात की जानकारी खुद सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने नवजात बच्चे की एक फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। शुभदीप को चाहने वाले लाखों-करोड़ों लोगों के आशीर्वाद से, भगवान ने शुभ के छोटे भाई को हमारी गोद में डाल दिया है। भगवान के आशीर्वाद से परिवार स्वस्थ है। मैं सभी शुभचिंतकों के इस अपार प्यार के लिए आभारी हूं। इस पोस्ट पर दुनियाभर से फैंस लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। तो कमेंट्स के जरिए शुभकामनाएं मिल रही हैं।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !